दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 30 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लंदन में बयान दिया है कि अब पीओके से पाकिस्तान का अवैध कब्जा खत्म होगा। इससे पाकिस्तान की हालत पतली हो गई है। पाकिस्तानी खबरिया चैनलों पर इसी बात की चर्चा चल रही है कि भारत जल्द कुछ बड़ा करने वाला है। वैसे भारत को कोई जल्दी नहीं है। पीओके तो भारत का है और उसे वह लेकर रहेगा लेकिन इसके लिए सही वक्त का इंतजार किया जा रहा है। पीओके के लोग खुद ही पाकिस्तान से अलग होकर भारत में शामिल होने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। लोहा गर्म होगा तब हथौड़ा चलेगा।

बजट सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना, विपक्षी सरकार को कई मुद्दों पर घेरेंगे

■ **एनडीए का वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी दिलाने पर रहेगा फोकस**

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र सोमवार को फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। विपक्ष, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार का जोर बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने, वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी दिलाने पर रहेगा।

मणिपुर का बजट हो सकता है पेश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी मांगने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं।

इसके साथ ही सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। उधर विपक्ष ने कहा कि वह फर्जी इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड (ईपीआईसी) नंबरों के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस मुद्दे को उठाने में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह अगले तीन महीनों के भीतर सुधार वाले कदम उठाएगा। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि पश्चिम बंगाल में दूसरे राज्यों के मतदाताओं को वोट करने की अनुमति देने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया था।

वक्फ विधेयक को पारित कराने में हो सकता है हंगामा : इसके अलावा आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक जैसे हो सकते हैं लेकिन उनकी भौगोलिक जानकारी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसे अन्य विवरण अलग-अलग हैं। इस मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को चुनाव आयोग से मिलने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे को उठाने के लिए कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना-यूबीटी सहित अन्य विपक्षी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क हादसे में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े जख्मी

सूरजपुर/नवप्रदेश। भटगांव के पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता पारसनाथ राजवाड़े सड़क हादसे में घायल हो गए है. घटना के बाद वे अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के बाद फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है. घटना की सूचना के बाद अस्पताल में उनके समर्थक और परिचित मौजूद है। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घटना ओडगी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, भटगांव विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक और संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े नगर पालिका अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे थे। वे अकेल ही एसयूवी ड्राइव करते हुए सूरजपुर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। घटना के बाद वे खुद ड्राइव करते हुए अस्पताल पहुंचे. फिलहाल स्थिति खतरे से बहार बताई जा रही है. जानकारी मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए पहुंचे।

मथुरा में एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

मथुरा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मथुरा में थाना हाईवे पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी और यूपी, राजस्थान, जम्मू कश्मीर में तीन दर्जन मुकदमों में वांछित छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद को रविवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। उसके दो साथी फरार हो गए। एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने मीडिया को बताया कि किसी वारदात की फिराक में कुछ बदमाश शनिवार रात को मथुरा आए थे। हाईवे की कृष्ण कुंज कॉलोनी में एक लाख रुपये का इनामी छैमार गिरोह का सरगना फाती उर्फ असद अपने दो साथियों के साथ देखा गया। इसके बाद एसएसपी के नेतृत्व में हाईवे पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। रविवार की तड़के एक मकान के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से फाती उर्फ असद घायल हो गया। उसके दोनों साथी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत सरगना फाती उर्फ असद मूल रूप से हापुड़ ज़िले के गढ़ मुकतेश्वर का रहने वाला था।? उसके खिलाफलूट, डकैती, हत्या के तीन दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मथुरा में भी कई मामलों में वह वांछित चल रहा था।

कठुआ में स्थिति बेहद चिंताजनक : महबूबा

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कठुआ जिले की स्थिति को 'चिंताजनक' बताते हुए कहा है कि कुछ विघटनकारी तत्व सीमा के भीतर और पार 'सांप्रदायिक तनाव' भड़का सकते हैं। गौरतलब है कि तीन व्यक्ति जोगेश सिंह (35) निवासी मरहून, दर्शन सिंह (40) व बरून सिंह (14), दोनों देहोटा बिलावर निवासी, सात मार्च को एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लापता हो गए थे, और उनके शव शनिवार को बिलावर के ऊपरी इलाकों से बरामद किए गए। सुश्री मुफ्ती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,÷कठुआ में स्थिति बेहद चिंताजनक है। थोड़े समय के अंतराल में मुस्लिम और हिंदू दोनों समुदायों के लगभग 12 लोगों की जान चली गई है।

भारत बना चैंपियंस

न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

दुबई(वार्ता)। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा (76), श्रेयस अय्यर (48) और के एल राहुल (नाबाद 34) की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने रविवार को फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। भारत 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता हैं।

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की। 19वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने धीमी गति से बल्लेबाजी कर रहे शुभमन गिल (31) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने विराट कोहली (एक) को पगबाधा कर भारत को दूसरा झटका दिया। 27वें ओवर में रचिन रविंद्र ने रोहित शर्मा को आउट कर भारत का बड़ा झटका दिया। रोहित शर्मा ने 83 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (76) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। 39वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने श्रेयस अय्यर को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रन बनाये। इसके बाद अक्षर पटेल (29) रन बनाकर आउट हुये। आखिरी ओवरों में सूझबूझ के साथ बल्लेबाजी करते हुए के एल राहुल और हार्दिक पंड्या ने न्यूजीलैंड के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अरमानों पर पानी फेर दिया। हालांकि इस दौरान 48वें ओवर में हार्दिक पंड्या (18) रन बनाकर आउट हो गये। भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। भारत ने 12 साल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। के एल राहुल (34) और रवींद्र जडेजा (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे।

न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर और माइकल ब्रेसवेल ने दो-दो विकेट लिये। रचिन रविंद्र और काइल जेमीसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रविवार को यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड के अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। आठवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने विल यंग (15) को पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने रचिन रविंद्र (37) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने केन विलियमसन के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने केन विलियमसन (16) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। 24वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने टॉम लेथम (14) को पगबाधा आउट कर भारत के लिये चौथा विकेट झटका। ग्लेन फिलिप्स ने डैरिल मिचेल का बखूबी साथ निभाया। दोनों के बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। वरूण चक्रवर्ती ने 38वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स (34) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 46ओवर में मोहम्मद शमी ने डैरिल मिचेल को आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। डैरिल मिचेल ने 101 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए (63) रनों की जूझारू पारी खेली। सातवें विकेट के रूप में 49वें में कप्तान मिचेल सैंटनर(आठ) रनआउट हुये। माइकल ब्रेसवेल ने 40 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 53) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 251 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर वरूण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये। रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

शराब घोटाला : एपी त्रिपाठी की जमानत के बाद अब रिहाई में फंसा पेंच

■ **रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी**

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी को राज्य में हुए हाई-प्रोफाइल शराब घोटाले से जुड़े धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामले में जमानत दे दी है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि अधिकारी को 10 अप्रैल को रिहा किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चल रही जांच प्रभावित न हो।

न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा कि आरोपी अरुण पति त्रिपाठी लगभग 11 महीने से हिरासत में है और निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। पीठ ने कहा, 'हमारी तरफसे उक्त आदेश में की गई टिप्पणियों पर विचार करते हुए, अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा किए जाने का अधिकार है।

हालांकि, यह सुनिश्चित करने के लिए कि जांच किसी भी तरह से प्रभावित न हो, हम निर्देश देते हैं कि अपीलकर्ता को संबंधित सत्र न्यायालय की तरफ से निर्धारित उचित नियमों और शर्तों के अधीन 10 अप्रैल, 2025 को जमानत पर रिहा किया जाए।'

शीर्ष अदालत ने त्रिपाठी को निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट जांच अधिकारी के पास जमा कराएं और हर दिन सुबह 10 बजे उन्हें रिपोर्ट करें। पीठ ने कहा, 'जब तक आरोप-पत्र दाखिल नहीं हो जाता, वह जांच अधिकारी के साथ जांच में सहयोग करना जारी रखेंगे।' पीठ ने कहा, 'जमानत देने का आदेश पारित करने के लिए अपीलकर्ता को 10 अप्रैल, 2025 को उपयुक्त सत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। सत्र न्यायालय अपीलकर्ता को उपरोक्त शर्तों सहित उचित शर्तों पर जमानत पर रिहा करेगा।' भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी त्रिपाठी ने राज्य में शराब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम्पी में विदेशी महिला से दुष्कर्म पर सरकार सख्त

गृह मंत्री बोले- अपराधियों को कड़ी सजा दी जाएगी

नईदिल्ली (वार्ता)। कर्नाटक के हम्पी में दो महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर राज्य सरकार ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, 'हम इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हमने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) एक विशेष टीम गठित करेंगे और आईजी पहले ही वहां पहुंच चुके हैं।'

ये है पूरी वारदात

यह वारदात 6 मार्च की रात को कर्नाटक के विजयनगर जिले के हम्पी इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, दो महिलाओं - एक इस्राइली नागरिक और एक होमस्टे संचालक - के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार, वह अपने तीन पुरुष दोस्तों और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती

नयी दिल्ली (वार्ता। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गई। आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद उपराष्ट्रपति को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)में भर्ती कराया गया,जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर

लगातार नजर रख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मोदी ने कहा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। धनखड़(73) को तड़के करीब दो बजे अस्पताल ले जाया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क हादसे में दो की मौत, 30 घायल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर पलट गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई तथा महिला और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए हैं।

राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस हादसे को बेहद दुखद बताते हुए कवर्धा जिला प्रशासन को तत्काल राहत कार्यों में जुटने के निर्देश दिए।

घायलों में से आठ साल की बच्ची समेत पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सिटी कोतवाली थाना इलाके के पलानी पाट के पास की है।

सभी लोग हाथीडोब सिंघनपुरी के साहू परिवार के हैं। नवविवाहित बेटी के ससुराल में शादी की चौथी कार्यक्रम में शामिल होने शनिवार शाम को

पिकअप में 40 से ज्यादा लोग सवार होकर लोहारा की ओर जा रहे थे। लोहारा जाने के दौरान पलानी पाट के पास गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। वहीं, इलाज के दौरान उर्वशी साहू (14) और मुखीन बाई साहू की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लालजी सिन्हा अपनी टीम और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गरमा-गरम

बड़ी सफलता... ऑपरेशन में नक्सलियों के प्रिंटर, इन्वर्टर मशीन और अन्य सामग्री बरामद

नक्सलियों के प्रिंटिंग प्रेस ठिकाने पर सुरक्षा बलों की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोमगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों के ठिकाने पर दबिश देकर पुलिस ने उनके प्रिंटिंग प्रेस से जुड़ा सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस बल, कोबरा 203 बटालियन और सीआरपीएफ 241 बटालियन की संयुक्त टीम को जलेरगुड़ा जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर टीम सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई। ऑपरेशन के दौरान जवानों ने नक्सलियों के प्रिंटर, इन्वर्टर मशीन और अन्य सामग्री बरामद की।

स्पाइक ट्रैप लगाकर जवानों को नुकसान पहुंचाने की साजिश नाकाम : नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए ठिकाने के आसपास कई जगह स्पाइक ट्रैप बिछाए थे। हालांकि, सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते किसी प्रकार की हानि नहीं हुई। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। इलाके में अभी भी सर्चिंग अभियान जारी है, ताकि किसी और ठिकाने का पता लगाया जा सके।

सुकमा-बीजापुर में एसीबी और ईओडब्ल्यू की छापेमारी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिले में अलग-अलग स्थानों पर एसीबी और ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की है। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसी जानकारी मिल रही है कि बीजापुर में पदस्थ आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त आनंद जी सिंह के घर पर एसीबी की टीम ने जगदलपुर स्थित तीन ठिकानों पर दबिश दी। वहीं, सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा में स्थित मकान में भी एसीबी की टीम ने छापेमारी की है। इसके अलावा उनके दो रिश्तेदार के घर बैलाबाजार और धरमपुरा के एक और मकान में भी एसीबी की टीम पहुंची। उधर, सुकमा जिले के कई ठिकानों में भी एसीबी और ईओडब्ल्यू ने छापेमारी की है। सुकमा के डीएफओ समेत कई कारोबारियों के ठिकानों में एसीबी की टीम की छापेमारी चल रही है। सुकमा जिले के कोंटा और छिंदगढ़ ब्लॉक में कई ठिकानों में पूछताछ जारी है।

बिगड़ती सेहत के बावजूद सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रच रहीं इतिहास

बनाए दो अनोखे रिकॉर्ड

वाशिंगटन/ए.। भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी की तारीख लगातार नजदीक आ रही है। 10 दिन बाद सुनीता विलियम्स अपने साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ स्पेसएक्स के यान ड्रैगन पर सवार होकर लौटेंगी। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उनके बारे में मीडिया से बात की।

कहा कि एलन मस्क को मैंने कह दिया है और जल्द ही वो वापस आएंगे। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में दोनों यात्री पिछले 8 महीनें से फंसे हुए हैं। अच्छी बात यह है कि सुनीता पूरी तरह से सुरक्षित हैं और नासा उनकी सेहत को लेकर लगातार अपडेट देती रहती है।

पिछले दिनों उनकी तस्वीरों ने लोगों को हैरान और परेशान भी किया, तस्वीरों में वो काफी पतली नजर आई थी। बिगड़ती सेहत के बावजूद इन आठ महीनों में सुनीता विलियम्स ने दो अनोखे रिकॉर्ड बनाए। नासा के दो अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की विलियम्स को अगले सप्ताह तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्ष यात्री के आने तथा उसके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करना होगा। उसके बाद ही वे इस महीने के अंत में अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे। वे अपने 'स्पेसएक्स राइड होम' में दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ शामिल होंगे।

सुनीता विलियम्स ने बनाए रिकॉर्ड

सुनीता विलियम्स ने इन आठ महीनों में एक नहीं दो कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वह अब अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक लगातार रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। वह पिछले नौ महीने से भी ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ढ्ढस्स्) में हैं। यह कोई पहला रिकॉर्ड नहीं है जो उन्होंने बनाया है। इसके अलावा सुनीता विलियम्स सबसे अधिक स्पेसवॉक करने वाली पहली महिला भी बन गई हैं।

ट्रंप ने मस्क को दी जिम्मेदारी

ट्रंप ने हाल ही में एक बयान में सुनीता विलियम्स के घने बालों की सराहना की और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को संदेश दिया कि उन्हें जल्द धरती पर वापस लाया जाएगा। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, ''बाइडन ने उन्हें वहीं फंसा छोड़ दिया।'' उन्होंने कहा, ''हमारे दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। मैंने एलन (मस्क) से कहा, 'मेरा एक काम करो। क्या तुम उन्हें बाहर निकाल कर ला सकते हो?' उन्होंने कहा 'हां'। वह वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि दो सप्ताह में।''

विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा

सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। तीनों यात्राओं को मिलाकर अब तक नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट स्पेसवॉक में बिताए हैं। 2006-07 में अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान सुनीता ने कुल 29 घंटे 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। यह किसी भी महिला द्वारा किया गया सबसे लंबा स्पेसवॉक था। इससे पहले यह रिकॉर्ड कैथरीन थार्नटन के नाम था, जिन्होंने 21 घंटे से ज्यादा समय तक स्पेसवॉक किया था। अब तक, सुनीता अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान कुल नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी हैं। इन सभी स्पेसवॉक का कुल समय 62 घंटे 6 मिनट तक पहुंच चुका है।

सुक्खू ने महाराणा प्रताप स्मारक भवन का किया शिलान्यास

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कांगड़ा जिले के शाहपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मारक भवन का शिलान्यास किया। सुक्खू ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस सरकार आम लोगों की सरकार है। प्रदेश सरकार सुशासन सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि बदलाव के साथ चुनौतियां भी आ रही हैं लेकिन हर चुनौती का डटकर सामना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहपुर में शीघ्र ही राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न केवल शिक्षा बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार कर रही है। पिछले दो वर्षों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर सरकार ने 2,600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है जिससे प्रदेश की जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इस मौके पर उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि महाराणा प्रताप सभी समुदायों के रक्षक थे। उन्होंने महाराणा प्रताप स्मारक भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये का योगदान देने की घोषणा की तथा समाज कल्याण में राजपूत कल्याण सभा के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह ने मुख्यमंत्री का कार्यक्रम में आने के लिए आभार व्यक्त किया।

बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव थाने में यूपी के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह, जिन्हें राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनकी पत्नी भानवी सिंह द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने के आरोप के आधार पर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि मामला पहले से क्राइम अगेंसट वीमेन सेल में चल रहा था और मीडिएशन सेंटर भी मामला देखने गया था, लेकिन थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।राजा भैया और भानवी सिंह के बीच तलाक का मुकदमा वर्तमान में कोर्ट में चल रहा है। हाल ही में भानवी ने दिल्ली के साकेत कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने पति पर शारीरिक व मानसिक शोषण के साथ-साथ एक महिला पत्रकार के साथ अफेयर का आरोप लगाया। भानवी ने कहा कि पति ने महिला पत्रकार के अफेयर के चलते उन्हें घर से निकाल दिया और उन्हें वापस ससुराल लौटने की अनुमति भी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने कहा, वो मेरे पति और मेरे बच्चों के पिता हैं। मैं तलाक नहीं देना चाहती और कभी नहीं दूंगी। अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही हूं। आगे बताया गया कि राजा भैया पर कई गंभीर आरोप लगे हैं।

एसएएस नगर में नशीले पदार्थों के तस्करों के दो और अवैध मकान ध्वस्त किये

फाजिल्का/एसएएस नगर। पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर राज्य में शुरू की गई तस्कर विरोधी मुहिम 'युद्ध नशे के विरुद्ध' दौरान पंजाब पुलिस ने शनिवार को स्थानीय प्रशासन की मदद से फाजिल्का और एसएएस नगर जिलों में दो ड्रग तस्करों के अवैध रूप से बनाए गए मकानों को गिरा दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वरिंदर सिंह बराड़ ने बताया कि फाजिल्का के सीड फार्म गांव में बोहर सिंह नामक ड्रग तस्कर के घर पर बुलडोजर चलाकर उसे गिरा दिया गया। आरोपी बोहर सिंह पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जो कोई भी मादक पदार्थों की तस्करी के माध्यम से धन अर्जित करता है, उसकी संपत्ति या तो जब्त कर ली जाएगी या उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा।इसी तरह, एसएएस नगर में जिला पुलिस ने नगर परिषद खरड़ के सहयोग से जिले के जंडपुर गांव में पंचायती जमीन (जो अब खरड़ नगर निगम का हिस्सा है) पर अवैध रूप से बनाए गए अवैध ढांचों को गिरा दिया है।

भारत की नई तैयारी से सरहद पर बढ़ेगी ताकत

चीन-पाक के लिए टेंशन, टी -72 टैंक और होगा घातक

नई दिल्ली (ए.)। भारत अपनी सैन्य ताकत को और भी मजबूत करने में जुटा है, जिससे दुश्मनों की नींद उड़ने वाली है। अब भारतीय सेना ताकतवर टी-72 टैंक और भी घातक बनाने की योजना में है, क्योंकि इन्हें 1000 हॉर्स पावर के दमदार इंजन से लैस किया जा रहा है। इससे युद्ध के मैदान में सेना की रफ्तार और मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा। रक्षा मंत्रालय ने रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) के साथ 24 करोड़ 80 लाख डॉलर का बड़ा समझौता किया है। इस अनुबंध के तहत भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के लिए 1000 हॉर्स पावर की पूरी तरह तैयार और अर्ध-तैयार इंजन खरीदे जाएंगे। इस सौदे के जरिए भारत को न केवल आधुनिक इंजन मिलेंगे, बल्कि प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी किया जाएगा, जिससे 'मेक इन इंडिया' पहल को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

भारत के कदम से उड़ेगी दुश्मनों की नींद

भारतीय सेना के इस बड़े अपग्रेडेशन से चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की चिंता बढ़ना तय है। क्योंकि आधुनिक इंजन से लैस टी-72 टैंक किसी भी चुनौती का सामना करने में ज्यादा सक्षम होंगे। भारत अपनी सैन्य ताकत को लगातार मजबूत कर रहा है, और यह सौदा उसकी रणनीतिक तैयारी का एक अहम हिस्सा है।

और भी ताकतवर होंगे भारतीय टैंक

इस डील के तहत इंजनों की असेम्बली और बाद में लाइसेंस आधार पर उत्पादन चेन्नई के अवाडी स्थित आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (हैवी व्हीकल फैक्ट्री) में किया जाएगा। इससे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता में आत्मनिर्भरता को और मजबूती मिलेगी। देश में निर्मित इन दमदार इंजनों से सेना को युद्ध के मैदान में ज्यादा तेजी और ताकत मिलेगी।फिलहाल, भारतीय सेना के टी-72 टैंकों में 780 हॉर्स पावर के इंजन लगे हैं, जो कई वर्षों से सेवा में हैं। लेकिन अब इन्हें 1000 हॉर्स पावर के ज्यादा ताकतवर इंजन से अपग्रेड किया जाएगा। इससे टैंकों की गति और युद्ध क्षमता में बड़ा सुधार होगा, जिससे भारतीय सेना दुश्मनों को और भी प्रभावी तरीके से जवाब दे सकेगी।

दिल्ली हवाई अड्डे से बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार, नादेड़ हत्याकांड में थी तलाश

नई दिल्ली (ए.)। पंजाब पुलिस ने नादेड़ हत्याकांड में शामिल प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान सचिनदीप सिंह उर्फसचिन के तौर पर हुई जो अमृतसर में अजनाला के दयालपुरा गांव का रहने वाला है। उसे शुक्रवार को नई दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल एसएएस नगर की टीम ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यह गिरफ्तारी की। उन्होंने कहा कि बचने के प्रयास में आरोपी सचिनदीप थाईलैंड भाग गया था। पंजाब पुलिस के रणनीतिक प्रयासों के चलते उसे भारत लौटते ही दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस की ओर से नादेड़ हत्या मामले में बीकेआई मॉड्यूल के दो सदस्यों जगदीश सिंह उर्फ जग्गा और उसके साथी शुभदीप सिंह उर्फ शुभ की गिरफ्तारी के बाद हुई।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी सचिनदीप ने बीकेआई के आतंकी नेटवर्क में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसने पाकिस्तान स्थित आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और अमरीका

स्थित बीकेआई सदस्य हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां के निर्देशों पर काम करने वाले सदस्यों को सुरक्षित ठिकाने, लॉजिस्टिक सहायता और वित्तीय मदद प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आगे की जांच जारी है और मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

लुकआउट सर्कुलर हुआ था जारी

डॉ. सिमरत कौर ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी सचिनदीप का नाम सामने आने के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए थाईलैंड भाग गया था। इसके बाद, पंजाब पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया था। इसी कारण जब वह भारत लौटा, तो दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसे सतर्कता से हिरासत में ले लिया गया। एआईजी ने बताया कि आरोपी को आगे की पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिया गया है।

अमेरिकी मदद के बिना युद्ध में लड़खड़ाया यूक्रेन

कीव/ए.। रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से चल रही भीषण जंग को रोकने के लिए यूरोप से लेकर अमेरिका तक मंथन कर रहे हैं। दूसरी ओर रूस का यूक्रेन पर हमला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका द्वारा सभी प्रकार की सैन्य सहायता वापस लेने के बाद यूक्रेन युद्ध के मैदान में लड़खड़ानी शुरू हो गई है। रूसी सेना सिर्फ यूक्रेन को दहला ही नहीं रही, यूक्रेनी शहरों पर कब्जा भी कर रही है। रूस ने रविवार को दावा किया कि उसने अपने कुर्स्क क्षेत्र के एक हिस्से के अलावा यूक्रेन के एक शहर पर भी कब्जा कर लिया है।रूसी रक्षा मंत्रालय का यूक्रेनी शहर पर कब्जे का दावा हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के संदर्भ में समझा जा रहा है, जिसमें ट्रंप ने यूक्रेनी प्रेजिडेंट वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान कहा था कि आप पुतिन से हार रहे हैं।

विज ने कृष्णा दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने शनिवार को ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर खुखरैन भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दीदी ने अपने जीवन में ज्ञान बांटा है और कई लोग आज उनके बताये रास्ते पर चल रहे हैं।

कोलकाता रेप पीड़िता की मां ने पीएम मोदी से मिलने की जताई इच्छा

कोलकाता/ (ए.)। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में लेडी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पीड़िता की मां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शोक संतप्त मां ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री से मिलना चाहती हूं। उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने और हमारी बेटी को न्याय दिलाने की अपील करना चाहती हूं।' उन्होंने कहा कि हमारी बेटी ने बड़े सपने देखे थे। हमें कभी नहीं लगा था कि उसे इतनी दर्दनाक मौत

मिलेगी।पीड़िता की मां ने कहा कि सात महीने हो गए, लेकिन न्याय कहां है? हमारे पास तो अभी तक उसका मृत्यु प्रमाणपत्र भी नहीं है। उन्होंने सवाल किया, 'अगर एक महिला चिकित्सक अपने कार्यस्थल पर असुरक्षित है, तो सुरक्षा कहां है?'

दिल्ली आए थे पीड़िता के माता-पिता

पीड़िता के माता-पिता ने बीते दिनों निराशा जताई थी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे मुलाकात नहीं की। वे 27 फरवरी को दिल्ली आए थे और फिर कोलकाता अपने घर लौट गए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे न्याय की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे, चाहे केंद्र और राज्य दोनों ही स्तर पर सत्ताधारी उदासीन बने रहें। पीड़ित के पिता ने कहा, 'हम भीख नहीं मांग रहे हैं।

अवैध बैनर देख भड़के जस्टिस ओका, कहा-हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हो रहा

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय ओका ने अवैध रूप से बैनर लगाए जाने की संस्कृति पर शनिवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय ने पहले ही आदेश दिया है कि इन्हें प्रदर्शित करने के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है। न्यायमूर्ति ओका ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा भायंदर कस्बे में मजिस्ट्रेट अदालत के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में अनुशासन की कमी पर भी नाराजगी व्यक्त की और मीडिया प्रतिनिधियों व कुछ अन्य उपस्थित लोगों को धक्का-मुक्की करने के लिए फटकार लगाई।

जस्टिस ओका ने महाराष्ट्र सरकार से अधिक न्यायाधीशों की नियुक्ति करने और अदालतों में बुनियादी ढांचा और आधुनिक प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि

कार्यक्रम स्थल पर आते समय उन्होंने कार्यक्रम में मेहमानों के स्वागत के लिए लगाए गए कई बैनर देखे। एससी के जस्टिस ने कहा कि शुरू में उन्हें यह देखकर खुशी हुई, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि ये बैनर अवैध हैं। उन्होंने कहा, 'बंबई हाई कोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि बिना पूर्व अनुमति के कोई भी बैनर या होर्डिंग नहीं लगाया जाना चाहिए। इनमें से किसी भी होर्डिंग पर अनिवार्य अनुमति संख्या नहीं थी यानी वे अवैध थे।'

'बैनर हटाने के लिए तत्काल की जाए कार्रवाई'

अभय ओका ने कहा कि स्थानीय नगर निकाय को ऐसे बैनर हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पट्टिका के अनावरण के दौरान उन्होंने देखा कि अनियंत्रित भीड़ कई महिलाओं को धक्का दे रही थी। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान अनुशासनहीनता पर खेद व्यक्त करते हुए मीडिया प्रतिनिधियों और कुछ अन्य उपस्थित लोगों को आड़े हाथों लिया। न्यायमूर्ति ओका ने सवाल किया कि अगर भविष्य में ऐसी अनुशासनहीनता जारी रहती है तो क्या न्यायपालिका से संबंधित कार्यक्रमों में मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए।

हिंसा जारी...

एक की मौत के बाद कुकी समूहों ने कर दिया बंद का ऐलान

मणिपुर में फिर भड़क उठी हिंसा, इसकी बड़ी वजह आई सामने

मणिपुर (ए.)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच शनिवार को हुई झड़पों में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय सिंगसिट को कीथेलमानबी में झड़पों के दौरान गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - दो (इंफाल-दीमापुर राजमार्ग) को भी अवरुद्ध कर दिया और सरकारी वाहनों की आवाजाही में बाधा डालने के लिए टायर जलाए। यह विरोध प्रदर्शन फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी (एफओसीएस) की ओर से आयोजित शांति मार्च के खिलाफ भी था। एफओसीएस एक मेइती संगठन है। इस शांति मार्च को कांगपोकपी जिले में पहुंचने से पहले ही सुरक्षा बलों ने सेकमई में रोक दिया। इस मार्च में 10 से अधिक वाहन शामिल थे ।पुलिस ने दावा

किया कि उन्हें मार्च रोकने के लिए कहा गया था, क्योंकि उनके पास अनुमति नहीं थी। एक पुलिसकर्मी ने बताया कि ''हम केवल आदेशों का पालन कर रहे हैं। हमें मार्च रोकने के लिए कहा गया है। अगर वे जाना चाहते हैं, तो वे बसों में जा सकते हैं, जिसकी व्यवस्था सरकार करेगी।' हालांकि, एफओसीएस के सदस्यों ने यह कहते हुए विरोध किया कि वे केवल गृह मंत्री के निर्देश का पालन कर रहे थे, जिसमें शनिवार से पूरे राज्य में मुक्त आवाजाही की अनुमति दी गई है। इस बीच, कुकी-जो गांव के स्वयंसेवकों के समूह द्वारा एक अज्ञात स्थान से जारी एक कथित वीडियो में कहा गया है कि यह स्वतंत्र आवाजाही के बारे में भारत सरकार के फैसले के खिलाफ है और एक अलग प्रशासन की मांग करता है।

क्यों भड़की हिंसा

कुकी बहुल जिले में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें उस समय हुई, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्य भर में मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के निर्देश का विरोध कर रहे थे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने निजी वाहनों में आग लगा दी और इंफाल से सेनापति जिले की ओर जा रही राज्य परिवहन की बस को रोकने का प्रयास किया।पुलिस ने बताया कि गमगीपई, मोटबंग और कीथेलमनबी में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों के दौरान कम से कम 16 प्रदर्शनकारियों को चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए पास के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अनाधिकारिक आंकड़ों के अनुसार घायल हुए नागरिकों की संख्या 23 से अधिक है। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि जिले में प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पों के दौरान कम से कम 27 सुरक्षाकर्मी घायल हुए।

स्कूलों में पुनरावृत्ति शुरू, प्रबंधन की तैयारी पूरी

सीजी बोर्ड परीक्षा के बाद स्कूलों में शुरू होंगे होम एक्जॉम, समय-सारिणी जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। इन दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं के खत्म होते ही छठवीं, सातवीं, नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। स्कूलों में इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। कई स्कूलों में विद्यार्थियों को परीक्षा की समय सारिणी दे दी गई है।

शिक्षा विभाग द्वारा होम एक्जाम को लेकर कोई शर्त नहीं रखी गई है। स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनी सुविधा अनुसार बच्चों की परीक्षाएं तय तिथि में ली जाएंगी। अधिकांश स्कूलों में बोर्ड परीक्षा के पहले ही स्कूली बच्चों का कोर्स पूरा हो चुका है। जिन स्कूलों में कोर्स पूरे नहीं हुए हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर कोर्स पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश दिया गया है। वहीं जिन स्कूलों में कोर्स पूरा हो गया है वहां होली के पहले पुनरावृत्ति करवाने के लिए कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि

स्कूल स्तर की परीक्षाएं प्रबंधन अपने व्यवस्था अनुसार लेंगे। प्रश्न पत्र भी प्रबंधन द्वारा तैयार किया जा रहा है। बोर्ड परीक्षाओं चलने की वजह से बहुत से स्कूलों में सेंटर बने हुए हैं, इसलिए होम एक्जाम को बोर्ड परीक्षाओं के बाद लिया जाएगा। होली के बाद होम एक्जाम की तैयारियां स्कूल में शुरु हो जाएंगी, जिससे 30 अप्रैल तक बच्चों का परीक्षा परिणाम जारी हो सके। सभी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा को देखते हुए कोर्स पहले ही पूरे करवा दिए गए हैं। बच्चों से स्कूलों में अभ्यास के लिए टेस्ट भी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा लिया जा रहा है, जिससे परीक्षा के समय विद्यार्थियों में पढ़ाई को लेकर कोई भी तनाव ना रहे और जिन विषय को लेकर उन्हें समस्या हो उसका निदान परीक्षा के पहले ही हो जाए।

होली के बाद होम एक्जॉम होगा शुरू

जिला शिक्षा अधिकारी तिवारी ने कहा कि होम एक्जाम होली के तुरंत बाद शुरू हो जाएगा। अभिभावकों को अभी से बच्चों की पुनरावृत्ति को लेकर गंभीरता बरतनी होगी। सालभर जो बच्चे पढ़ाई व्यवस्थित तरीके से करते हैं उनमें परीक्षा के समय तनाव की समस्या कम होती है। कुछ बच्चों में परीक्षा का भय रहता है, जिसे अभिभावक और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मिलकर ही दूर कर सकते हैं। बोर्ड परीक्षा के पहले ही माशिमं ने टोल फ्री नंबर जारी कर दिया था, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को किसी भी तरह का कोई भी मार्गदर्शन चाहिए तो मिल सके। इसी तरह सभी स्कूलों में भी निर्देश दिए गए थे, कोर्स पूरा होने के बाद पुनरावृत्ति जरूर करवाएं और साथ ही बच्चों को परीक्षा के दौरान तनाव से मुक्त रहने के लिए प्रेरित करें। कई बार तनाव की वजह से बच्चे पढ़ी हुई चीजों को भूल जाते हैं और परिणाम अनुकूल नहीं रहता।

न्यूज गैलरी

पटवारी संघ ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला में राजस्व पटवारी संघ ने नवनिर्मित संघ भवन में बिलासपुर जिले के पटवारी साथियों के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले के पटवारियों ने शामिल होकर इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में फाग मंडली द्वारा गाये गये विभिन्न सुमधुर होली/फाग गीतों ने सभी का मन मोह लिया, सभी ने ठुमके लगाकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। राजस्व पटवारी संघ बिलासपुर के जिलाध्यक्ष देव कश्यप ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आपसी सामंजस्य के लिए अत्यंत आवश्यक है, बीच-बीच में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न त्योहारों पर किया जाएगा। आज के इस गरिमामय होली मिलन समारोह में पटवारी गणों में एस.पी. शुक्ला, रविशंकर पांडेय, केशव साहू, भुवनेश्वर पटेल, सुनील साहू, मनमोहन सिदार, घनश्याम राजे, बनवारी लाल सनाढ्य, सूरज प्रधान, विजय कोसले, मनीष वर्मा, प्रमोद टंडन, ऋषीपुरी गोस्वामी, प्रीतम गायकवाड़, दिनेश साहू, प्रशांत वर्मा, योगानंद साहू, राजकिशोर सवैया, रिकेश गोस्वामी, मनोज साहू, अंकित स्वर्णकार, बसंत तंवर, राजकुमार पटेल, अभिषेक सिंह, सुजीत देहारी, रामखिलावन सोनवानी आदि उपस्थित थे।

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स राइट इक्वलिटी इनपावरमट विषय पर विविध आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 3 मार्च से 9 मार्च, 2025 तक सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 7 दिवसीय आयोजन का पर फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स राइट इक्वलिटी इनपावरमट विषय पर कार्यक्रम किया गया। 7 दिनों तक विश्वविद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता में विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें की विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, विद्यार्थी एवं शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि वर्षो पुराने महिलाओं को शिक्षा नहीं दी जाती थी,

लेकिन उन्हें संस्कार जरूर होते थे. यही कारण है कि समाज का निर्माण एक आदर्श समाज के रूप में सबके सामने होता था। आज शिक्षा के साथ संस्कार दोनों की आवश्यकता है, तभी हम एक आदर्श समाज का निर्माण करेंगे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी सभी से साझा की। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि महिला और पुरुष के समर्पण को बदलते समय के साथ समस्या के रूप में देखा जाने लगा, यही इस असमानता के महसूस होने की जड़ है। उन्होंने कहा कि हम अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हैं और कर्तव्य के प्रति विमुख हो रहे हैं, जबकि महिला और पुरुष के समन्वय को प्रकृति ने स्थापित किया है। हमें दोनों के समन्वय से ही काम करना होगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित केंद्रीय रेशम बोर्ड की वैज्ञानिक डॉ विशाखा रेड्डी ने कहा कि महिलाएं हर

भावी पीढ़ी को जेंडर इक्विटी के बारे में जानकारी दें

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय की एकेडमिक अधिष्ठाता डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि हमें जेंडर इक्विटी के बारे में बात करनी चाहिए. क्योंकि हम एक शिक्षक हैं हमें समाज के भावी पीढ़ी को जेंडर इक्विटी के बारे में बात बतानी चाहिए। शिक्षक होने के नाते कक्षा में यह बात जरूर होनी चाहिए साथ ही साथ चुकी शिक्षक एक माता भी होती है इसलिए इसकी शुरुआत घर से होनी चाहिए। यह आयोजन इंटरनल कंप्लेंट कमेटी, वूमेंस क्लब ,आइक्यूएसी एवं सीआईक्यूए के द्वारा आयोजित किया गया है।

छग चेम्बर के संविधान में रायपुर को छोड़कर अन्य जिलों के लिए जगह नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के चुनाव से पहले ही चेंबर के संविधान को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने चेंबर पर क्षेत्रवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया है। बातचीत में कमल सोनी ने कहा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के संविधान में परस्पर विरोधी कंडिकाएं राज्य भर में फैले व्यापारियों के अधिकारों का हनन करती हैं।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के चुनाव के पहले ही चेम्बर के संविधान को लेकर विवाद शुरु हुआ है। संविधान में परस्पर विरोधी कंडिकाएं राज्यभर में फैले व्यापारियों के अधिकारों का हनन करती है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के संविधान की धारा 9 में प्रत्येक सदस्य को संघ कार्य में राय देने, प्रश्न पूछने, प्रस्ताव रखने तथा चुनाव में भाग लेने का अधिकार रहेगा एवं प्रत्येक सदस्य संघ के किसी भी पद के लिए नियमानुसार चुनाव लड़ सकेगा, लेकिन इस संविधान की धारा 15 में यह जोड़ा गया है कि अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष अनिवार्य रूप से रायपुर एवं नवा रायपुर में से किसी एक विधानसभा का निवासी एवं कार्यक्षेत्र का ही होगा, जो छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के क्षेत्रवाद राजनीति को दर्शाता है। चेम्बर के इस भेदभाव नियमों को लेकर छत्तीसगढ़ सराफा ऐसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने विरोध करते हुए कहा कि यह व्यापारियों के हितों का हनन है।

अभिभावकों का तिलक लगाकर किया सम्मान, विविध कार्यक्रम आयोजित

■ एवीएम एनएसएस के छात्रों ने महिला दिवस को बनाया खास

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में आज ओपन डे की बैठक संपन्न हुई। 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर इस बैठक मे छात्रों व अभिभावकों के लिए हस्त के छात्रों द्वारा एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने सर्वप्रथम सभी अभिभावकों को तिलक लगाया और माताओं को प्रेम व सम्मान स्वरूप गुलाब के फूल देकर उनका स्वागत किया।

इस दिन को थोड़ा अधिक रोचक बनाते हुए एनएसएस के छात्रों ने उन्हें अभिभावकों से विद्यालय संबंधी कुछ प्रश्न पूछे एवं सही जवाब देने पर माताओं को गिफ्ट देकर उनकी खुशियों को दुगुना कर दिया। इस छोटी सी गतिविधि का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके योगदान को मान्यता देना था। इस दिन को खास बनाने के लिए छात्रों अपना सौ प्रतिशत योगदान दिया जिससे

विद्यार्थियों के पहल को सराहा

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस.के. जनास्वामी भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी महिला शिक्षकों एवं अभिभावकों को महिला दिवस की सहृदय शुभकामनाएं दीं एवं छात्रों के इस पहल की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या जी.आर. मधुलिका ने भी महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए कि महिलाओं के सम्मान के लिए कोई एक विशेष दिन निर्धारित नहीं होना चाहिए वरन् वर्ष का प्रत्येक दिन महिलाओं के सम्मान मे समर्पित कर उन्हें विशेष होने का अनुभव प्रदान करना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन मे समाज की हर महिला को समान अधिकार, सम्मान और अवसर देने की बात कर अपने शब्दों पर विराम दिया।

अभिभावकों के चेहरों पर मुस्कान निरंतर बनी रही। कार्यक्रम के दौरान अभिभावक ने भी बच्चों के साथ मिलकर महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार एवं अनुभव साझा कर छात्रों को यह सिखाने का प्रयास किया गया कि समाज मे महिलाओं की भूमिका और महत्व कितना बड़ा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनिचरी रपटा में बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भानु सूर्यवंशी पिता करण सूर्यवंशी 30 वर्ष निवासी चिंगराजपारा, प्रभात चौक के रूप में हुई। वह मजदूरी करता था और शनिवार रात घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 12.30 बजे शनिचरी रपटा से गुजरते समय किसी अज्ञात वाहन ने भानु को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गांजा तस्करी के फरार आरोपी सहित नाबालिग गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ओडिशा से गांजा तस्करी कराने वाले फरार आरोपियों सहित नाबालिग बालक को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में साथी आरोपी के कब्जे से 10 किलो 700 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल सहित जुमला कीमत 236000रू. मशरूका बरामद किया गया है। प्रकरण के मुख्य आरोपी सहित तस्करी में शामिल नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालयों में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार थाना यातायात एवं सरकण्डा पुलिस

द्वारा संयुक्त रूप से थाना अजाक के पास वाहन चेकिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति कार्टून में गांजा रखकर उड़ीसा से कोटा जाने वाले हैं। उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल आरोपीगण के विरूद्ध कार्यवाई करने निर्देशित किये। जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार एवं नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरकंडा निरी. निलेश पाण्डे के निर्देशन में तत्काल टीम तैयार कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुये मुखबीर के बताये हुलिये के व्यक्ति का इंतजार किया जा रहा था कि बाइक सीजी 10 बी डब्ल्यू 9342 मे सवार दो व्यक्ति आते हुये दिखे जिसमें पुलिस को देख पीछे बैठा व्यक्ति मोटर सायकल से कूदकर भाग गया था। मोटर सायकल चालक को पकड़कर तलाशी लेने पर कार्टून में रखे 7 पैकेट एवं मोटर सायकल के सीट के नीचे रखे 3 पैकेट गांजा बरामद हुआ। जिसे तौल करने पर कुल 10 किलो 700 ग्राम गांजा जुमला किमती 150000रू एवं मोटर सायकल तथा मोबाईल बरामद कर पूछताछ करने पर संदीप वर्मा निवासी गनियारी के कहने पर अपने साथी नाबालिग अपचारी बालक के साथ उड़ीसा से गांजा लाकर संदीप वर्मा को देना स्वीकार किया।

नशा से शरीर और मानसिक स्वास्थ्य होता है नष्टः खूंटे

सीपत/नवप्रदेश। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बिलासपुर द्वारा आयोजित धूम्रपान निषेध चित्रकला प्रतियोगिता में बहुउद्देशीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुला ने अपने उद्बोधन में कहा नशा मुक्ति एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दा है जो हमारे समाज में व्याप्त नशे की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक है नशा करने से व्यक्ति का शरीर और मानसिक

धूम्रपान निषेध चित्रकला प्रतियोगिता में बहुउद्देशीय स्कूल का शानदार प्रदर्शन

स्वास्थ्य नष्ट होता है वही विद्यालय के संचालक अहमद मन ने अपने वक्तव्य में कहा नशा आज हमारे समाज के लिए एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुका है इसके कारण बहुत से युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। वहीं स्वास्थ्य संबंधी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी समस्याओं से अवगत कराते हुए डॉक्टर गरिमा पटेल ने कहा कि नशा मुक्ति एवं नशा मुक्ति एक गंभीर समस्या है समाज को आगे आकर उससे छुटकारा पाने का दृढ़ संकल्प ले इसके लिए विभिन्न नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता ली जा रही है जहां पर चिकित्सा और परामर्श के माध्यम से नशे से मुक्ति पाए जा सकती है परिवार और समाज को भी नशा मुक्ति में अपनी भूमिका निभानी चाहिए इसके अलावा नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान स्कूलों में शिक्षा और सरकार द्वारा सख्त कानून लागू करने की आवश्यकता है संस्था प्राचार्य बलराम यादव ने बच्चों के चित्रकला एवं स्लोगन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा नशा मुक्ति के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को फिर से स्वर सकता है और समाज में एक सकारात्मक योगदान दे सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित धूम्रपान निषेध चित्र कला प्रतियोगिता में बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

कानन पेंडारी जू में बाघिन के हमला से कर्मचारी घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कानन पेंडारी जू में शनिवार की शाम बाघिन आनंदी ने जू कर्मचारी आशीष कौशिक पर हमला कर दिया। हमले में आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तत्काल इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार की शाम करीब 7 बजे, वे बाघिन के पिंजरे के पास गए और खिड़की से झांककर उसकी स्थिति देखने लगे। अंधेरा होने के कारण बाघिन नजर नहीं आई, और जैसे ही उन्होंने अपना हाथ खिड़की पर रखा, बाघिन ने झपट्टा मारकर उनके हाथ

को जकड़ लिया। करीब 20 मिनट तक बाघिन ने उनके हाथ को नहीं छोड़ा। इस दौरान, आशीष ने संयम बनाए रखा और मोबाइल से अपने सहकर्मियों को फोन कर मदद मांगी। सहकर्मियों के पहुंचने के बाद बाघिन ने उनका हाथ छोड़ा और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। सिम्स में घायल का उपचार चल रहा है। आर्थोपेडिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. बेन ने बताया कि मरीज को प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता है इसके लिए रायपुर मेडिकल कालेज रिफर किया जाएगा।

समारोह

एसपी के निर्देश पर चेतना हाल में कार्यक्रम आयोजित

महिला दिवस पर पुलिस प्रशासन ने किया महिलाओं का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देश पर महिलाओं के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें की महिला पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड की महिलाओं एवं जेल विभाग में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया गया। साथ ही सभी महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अवनीश शरण, अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, विशिष्ट अतिथि कमिश्नर नगर निगम अमित कुमार रहे। चेतना भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के

अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रत्येक फील्ड में काम कर रहे हैं, महिलाओं को सम्मानित कर प्रशंसा पत्र वितरण कर उनको बधाइयां दी गई। उक्त कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राम गोपाल करियारे, उप पुलिस अधीक्षक मंजू लता केरकेट्टा पुलिस लाइन बिलासपुर, उप पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू अनिता प्रभा मिंज,उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रश्मित कौर चावला, एसडीओपी कोटा नूपुर उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक भारती मरकाम महिला थाना बिलासपुर एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही महिला परामर्श केंद्र महिला थाना में निरंतर कार्यशील महिलाएं डॉक्टर नीता श्रीवास्तव, डॉक्टर अलका डॉक्टर, विवाह डॉक्टर आशा सिंह, डॉ. अवनी सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू अनीता प्रभा मिंज मैडम के द्वारा मधुर संगीत नारी सम्मान में गाया गया साथ ही अभिव्यक्ति की जानकारी भी दी गई।

महिला जागरुकता की दी जानकारी

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी परिवार, परामर्शकर्ता, जेल विभाग, वन विभाग, होमगार्ड, अन्य संस्थाओं में काम करने वाली महिलाएं एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रेस मीडिया भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महिलाओं के कार्यों का प्रोत्साहन किया गया एवं महिला जागरुकता संबंधित जानकारी चेतना से जुड़ी जानकारी प्रदाय की गई।

सुविचार

यह जरूरी नहीं कि बोले गए शब्दों का ही पश्चाताप होता है कभी कभी समय पर न बोलने का पश्चाताप भी जीवन भर रहता है। - अज्ञात

आधी अबादी को पूरा हक आखिर कब?

हर साल की तरह इस बार भी देश व दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। महिला दिवस के दिन महिलाओं की उपलब्धियों और उनके संघर्षों के साथ ही समाज में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दी थी। उसी समय से हर साल आठ मार्च का अंतर्राष्ट्रीय महिला मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। जहां तक भारत का प्रश्न है तो हमारे यहां सदियों से नारी को देवी का रूप कहा जाता है। नारी शक्ति की पूजा की जाती है। क्योंकि महिलाओं के बिना समाज की कल्पना ही नहीं की जा सकती। महिलाएं न सिर्फ घर और परिवार की धूरी होती हैं बल्कि वे पूरी दुनिया को बदलने का सामर्थ्य भी रखती हैं। इसके बावजूद हमारे देश में आधी आबादी आज भी अपने पूरे हक से वंचित हैं। जबकि महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के नवनिर्माण में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन किया है। इसके बाद भी महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है। पुरूष प्रधान इस समाज में महिलाओं को हर कदम पर अपनी योग्यता साबित करने के लिए अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ रहा है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी लेकिन आजादी के सात दशकों बाद महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने का मार्ग प्रशस्त हो पाया है। महिला आरक्षण विधेयक दशकों तक संसद में अटका रहा जबकि प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति पद तक महिलाएं निर्वाचिर्त हुई थी। कई राजनीतिक पार्टियों की तो अध्यक्ष पद को भी महिलाओं ने सुशोभित किया था। फिर भी महिलाओं को आरक्षण के लिए इतनी लंबी प्रतिक्षा करनी पड़ी। बहरहाल अब महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलने जा रहा है। इससे महिलाओं में उम्मीद की नई किरण जागी है। जब महिलाओं को प्रदेश व देश के लिए कानून बनाने का अधिकार मिलेगा तो निश्चित रूप से महिलाओं के हक में भी कानून बनेंगे और महिलाओं के विकास का द्वार भी खुलेगा। कहते हैं न कि सस्कत महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम हो। महिलाओं की जब राजनीति में भागीदारी बढ़ेगी तो महिला सशक्तिकरण अभियान को निश्चित रूप से गति मिलेगी। खासतौर पर ऐसी महिलाएं जो हर लिहाज से योग्य होने के बावजूद उपयुक्त अवसर न मिल पाने की वजह से आगे नहीं बढ़ पाती। ऐसी महिलाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप कभी अवसर मिल पायेगा जब कानून बनाने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। वर्तमान में नगरी निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है और महिलाएं पंच, सरपंच, पार्षद, और महापौर तथा जिला पंचायत की पदाधिकारी के रूप में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। ऐसी महिलाओं को जब विधानसभाओं और लोकसभा में भी 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाएगा तो वे वहां भी अपनी उपयोगिता सिद्ध करके दिखाएंगी। आज जरूरत इस बात की है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाये। महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक न समझा जाये महिला सशक्तिकरण के नाम पर महिलाओं को हर महीने एक हजार रूपये से लेकर ढाई रूपये तक सम्मान निधि देने से महिलाएं सही मायनों में सशसक्त नहीं होगी। कायदे से उन्हें हर क्षेत्र में प्राथमिकता दी जाये और उन्हें आर्थिक रूप ये स्वालंबी बनाया जाये तो उन्हें इस तरह के सरकारी खैरात की जरूरत भी नहीं पडेगी। तभी संभव होगा जब महिलाओं की राजनीति में हिस्सेदारी बढेगी हमारे देश में महिलाओं की सुरक्षा का सवाल भी मुंह बाएं खड़ा हुआ है। आज स्थिति यह है कि महिलाएं घर और बाहर कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। भारत में हर घंटे 49 महिलाएं किसी न किसी रूप में उत्पीड़न का शिकार बनती रहती है। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले भी साल दर साल बढ़ते ही जा रहे हैं। यह बेहद भयावह स्थिति है और गंभीर चिंता का विषय भी है। ऐसा नहीं है कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने के लिए कानून नहीं बनाए गये हैं। इस बारे में जो कानून है उनका पालन इमानदारी से नहीं हो पा रहा है। नतीजतन अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न का शिकार महिलाओं को न्याय पाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ता है। इसके बाद भी उनके साथ न्यान होगा या नहीं इस बारे में कोई दावा नहीं किया जा सकता। नतीजतन उत्पीड़न का शिकार महिलाएं इसे अपनी नियती मानकर इसके खिलाफ आवाज उठाने से भी कतराती है। यह स्थिति बदलनी होगी। जब तक महिलाओं के मन से असुरक्षा की भावना दूर नहीं होगी उनका डर खत्म नहीं होगा और वे आगे बढ़ने से हिचकिचाती रहेंगी। महिलाओं को उनका अधिकार मिले और समाज में पुरूषो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े इसके लिए यह आवश्यक है कि उन्हें इसके अनुकुल वातावरण मिले। जब तक ऐसा माहौल नहीं बनेगा तब तक महिला सशक्तिकरण का सपना साकार नहीं हो पाएगा। आधी आबादी को जिस दिन पूरा हक मिल जाएगा तभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाना सार्थक हो पाएगा। अन्यथा हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इस तरह की रस्म अदाएगी ही होती रहेगी।

प्रेम शर्मा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप न केवल पिछली सरकारों के दौरान किए गए समझौतों और दी गई प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफलगाकर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी निरादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी। ऐसे में टैरिफ बढ़ने के खतरे को वास्तविक मानकर इससे उपजी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना ज्यादा जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होने वाली, लेकिन दो स्तरों एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है।जहां भी संभव हो अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाए। इसके साथ ही ट्रंप की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। मसलन, अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा कनाडा अभी हमारे काम आ सकता है।

ट्रंप का भारत के प्रति रवैया सकारात्मक नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का रूख भारत के प्रति सकारात्मक नही दिख रहा है। पहले अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को अपमानित कर बेडियॉ डालकर वापस भेजना फिर टैरिफ का हमला करना उनकी व्यापारिक कूटनीति का प्रमाण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप टैरिफ के सवाल पर जिस तरह का अड़ियल रुख दिखा रहे हैं, उसके मद्देनजर अब यह उम्मीद करने का खास मतलब नहीं दिखता कि वह आखिरकार अपनी राह बदलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप ने उनके सामने टैरिफ पर जैसे को तैसा की नीति अपनाने की बात कह कर सबको चौंका दिया था। अब अमेरिकी संसद में उन्होंने दोबारा भारत का नाम लेते हुए 2 अप्रैल से इस नीति पर अमल की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी समाप्त कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप न केवल पिछली सरकारों के दौरान किए गए समझौतों और दी गई प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफ लगाकर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी निरादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी। ऐसे में टैरिफबढ़ने के खतरे को वास्तविक मानकर इससे उपजी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना ज्यादा जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होने वाली, लेकिन दो स्तरों एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है।जहां भी संभव हो अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाए। इसके साथ ही ट्रंप की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। मसलन, अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा कनाडा अभी हमारे काम आ सकता है। पुराने मतभेदों को फिलहाल एक तरफ करके आपदा की इस स्थिति में बन रहे अवसरों का तत्काल और बेहिचक इस्तेमाल करने की जरूरत है।

विशेषज्ञों के अनुार तो अमरीका के अड़ियल रूख को देखकर भारत को अमेरिका के साथ सभी बातचीत से हट जाना चाहिए। ट्रंप प्रशासन के साथ चीन और कनाडा जैसे देशों की तरह पेश आना चाहिए। अमेरिका भारत पर उन व्यापारिक मांगों को मानने के लिए भारी दबाव डाल रहा है जो ज्यादातर अमेरिकी हितों के पक्ष में हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी ज्यादातर गलत आंकड़ों का इस्तेमाल करके सार्वजनिक रूप से भारत का अपमान कर रहे हैं। ऐसे हालात में कोई भी संतुलित नतीजा संभव नहीं है। एक व्यापक व्यापार समझौता न केवल टैरिफ में कटौती पर, बल्कि सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, पेटेंट कानूनों और अप्रतिबंधित डेटा प्रवाह पर भी अमेरिकी मांगों के लिए दरवाजे खोल देगा। भारत इसका लगातार विरोध करता रहा है। भारत बदले के दृष्टिकोण के तहत 90 फीसदी से अधिक औद्योगिक वस्तुओं को कवर करने वाली एक व्यापक पारस्परिक टैरिफ व्यवस्था पर विचार करे। ऐसे में भारत तभी टैरिफ खत्म करेगा जब अमेरिका भी ऐसा ही करे।

डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफनीति से अमरीका में गाड़ी महंगी होने के चलते कंपनी कभी भी भारत में अपना बिजनेस नहीं बढ़ा पाएगी। कम एक्सपोर्ट से व्यापार घटा बढ़ता है। इकोनॉमी धीमी रफ्तार से बढ़ेगी। लेकिन इसके ठीक विपरीत भारत में रेसिप्रोकल टैरिफ से फूड प्रोडक्ट, टेक्सटाइल्स, क्लोदिंग, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल जैसे इंडियन एक्सपोर्ट अमेरिकी बाजार महंगे हो सकते हैं। इससे ये सामान वहां कंपीट नहीं कर पाएंगे। अभी भारत के सामान पर अमेरिका कम टैरिफलगाता है। जिससे भारत को ट्रेड सरप्लस का फायदा मिलता है। टैरिफ बढ़ने से भारत को ट्रेड सरप्लस से मिलने वाला फायदा कम हो सकता है। अमेरिका के ज्यादा टैरिफ से बचने के लिए अगर भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ घटाता है, तो अमेरिकी चीजें भारतीय बाजार में सस्ती हो जाएंगी। इससे इन सामानों का इंपोर्ट बढ़ सकता है। ज्यादा इंपोर्ट का मतलब डॉलर की ज्यादा डिमांड यानि रुपया कमजोर होगा और भारत का इंपोर्ट बिल बढ़ जाएगा। इसका मतलब अब अमेरिका से सामान खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। अगर भारत टैरिफ कम नहीं करता, तो अमेरिकी कंपनियां हाई टैरिफ से बचने के लिए भारत में ही अपने प्रोडक्शन पर जोर दे सकती हैं, इससे फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा। टैरिफ से भारत के ऑटो से लेकर कृषि तक के एक्सपोर्ट सेक्टर में चिंता बढ़ गई है। अनुमान के आधार पर ट्रम्प के टैरिफ बढ़ाने से भारत को हर साल लगभग 7 बिलियन डॉलर यानि 61 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है।

हालांकि जब से अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क की घोषणा से दुनिया भर में आशंकाओं के बादल गहराने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जो देश जितना शुल्क हमसे वसूलता है, उतना ही शुल्क हम भी उससे वसूल करेंगे। माना जा रहा है कि इससे व्यापार युद्ध शुरू हो जाएगा। चीन सहित कई अन्य देशों ने इसका सीध प्रतिवाद किया है। मगर भारत की तरफसे तुरंत इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई। स्वाभाविक ही सबकी नजरें भारत की तरफ लगी हुई थीं। भारत के विदेशमंत्री के अनुसार अमेरिका की शुल्क संबंधी नीतियों का भारत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। वैसे भी अमेरिका खुद महंगाई से पार पाने की चुनौती से जूझ रहा है। उसमें अगले महीने से पारस्परिक शुल्क लगने से जब दूसरे देशों से वस्तुएं महंगी दरों पर वहां पहुंचेंगी, तो महंगाई और बढ़ेगी ही। अमेरिका दवा और बहुत सारी चीजों के कच्चे माल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है। इसलिए माना जा रहा है कि वह अपने इस फैसले पर ज्यादा समय तक टिका नहीं रह पाएगा। बहरहाल भारत को सजग और सर्तक रहते हुए अमरीका की नीतियों का सामना करना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2010 में आज ही के दिन भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया था। 2007 में 10 मार्च के दिन ही यूक्रेन के वैसिलीइवानचुक को हराकर विश्वनाथन आनन्द शतरंज में प्रथम स्थान पर पहुंचे थे। 2003 में आज ही के दिन उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया था। 1985 में 10 मार्च के दिन ही भारत ने बेंशन एंड हेजेज क्रिकेट विश्वकप जीता था। 1945 में आज ही के दिन जापान ने वियतनाम को स्वतंत्र देश घोषित किया था। 1922 में 10 मार्च के दिन ही चीन द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर साइन किए गए थे। 1922 में आज ही के दिन महात्मा गांधी राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए थे। 1876 में 10 मार्च के दिन ही अमरीकी आविष्कारक एलेग्जन्डर ग्राहम बेल ने टेलीफोन का आविष्कार किया था और आज ही के दिन ग्राहम बेल और उनके सहयोगी वाटसन के बीच पहली सफल टेलीफोन वार्ता हुई थी। 1862 में आज ही के दिन ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने जांजीबार की आजादी को मान्यता दी थी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हँसना चाहती हूँ



हँसना चाहती हूँ मैं भी, बिना किसी रोक-टोक के सुनना चाहती हूँ मैं भी, सागर का कलरव नदियों की कल-कल ध्वनि चिड़ियों का चहचहाना हवाओं की 'साँय-साँय' देखना चाहती हूँ मैं भी, लताओं का इठलाना पत्तों का झूमना बादलों का बरसना पंछियों का उड़ना कहना चाहती हूँ मैं भी, अपरिचित पीड़ा प्रदीप्त वेदना और- मेरी मौलिक विलुप्त आकांक्षाएँ। - **अनुभूति 'अनु'**

न देश हूँ, न

न देश हूँ, न कौम न मज़हब, न धर्म न देह,मैं पानी हूँ जिस रंग में ढल दोगे ढल जाऊँगी मैं सुनो,मैं इश्क़ हूँ मैं मोह्हबत, मैं आवरगी मैं पागलपन,मैं जुनून जिस रूप मे देखोगे मिल जाऊँगी मैं। कर इबादत तो इबारत बन जाऊँगी मैं हमारे दिन की शुभकामनाएं - **सुरेखा अग्रवाल**

खास पाती | अपने आपको समय देना अपन

अपने आपको समय देना अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना दिन में थोड़ा समय निकालकर उसमें केवल, अपने मन के काम करना नहीं इसमें कुछ भी गलत मगर, आत्मकेंद्रित होकर सबको किनारे करना अपनी खुशी और सुख की खातिर अपने परिवार और रिश्तों को त्याग देना नहीं कह सकते इसे ससेल्फ्हुलव यह तो सखियों ससेल्फिश होना कहलाता न पड़े फेक फेमिनिज्म के जाल में जो निज घरबार और संबधों से दूर करता ।। - **सुश्री इंदु सिंह**

आरिज़ा ग़म का लग चुका है मुझे!

आरिज़ा ग़म का लग चुका है मुझे! आगे अंजाम देखना है मुझे !! उसको शिकवा नहीं कोई मुझसे उससे इतना सा बस गिला है मुझे ! मेरी हस्ती है उसकी ठोकर में, आगे क्या होगा ये पता है मुझे ! उठ गया है यक़ीन रिश्तों से , मेरे अपनों ने यूं छला है मुझे ! लोग देते हैं ज़िन्दगी की दुआ, ये दुआ गरचे बद्दुआ है मुझे ! हिचकियाँ ख़त्म ही नहीं होतीं , इस क़दर कौन सोचता है मुझे ! उसकी यादों का अय 'वफ़ा' उसका , भूल जाने का मशवरा है मुझे ! - **कविता सिंह**

स्त्री पतंग नहीं है स्त्री डोर भी नहीं

स्त्री पतंग नहीं है स्त्री डोर भी नहीं है वह तो है गहन आकाश जिसमें रहते हैं सारे ग्रह-नक्षत्र चांद-सूरज तारे-सितारे स्त्री चूल्हा नहीं है स्त्री चौका नहीं है वो तो है घर-दुआर जिसमें बसते हैं फल-फूल जड़ी-बूटी खेत-खलिहान स्त्री नदी नहीं है स्त्री सागर नहीं है वह तो है जलस्रोत जिसमें समाए होते हैं पाप-पुण्य विष-अमृत जीवन के गहरे राज। यानी स्त्री संतुलन है धरती, आकाश और समुद्र का जब तक स्त्री बनाए रखेगी यह संतुलन तब तक बची रहेगी यह दुनिया। - **सत्या शर्मा कीर्ति**

आदर्श का लबादा ओढ़े , कब तक

आदर्श का लबादा ओढ़े , कब तक एक स्त्री पुरुष के पैरों तले कुचली दबी सहमी अपनी अस्तित्व को भूल जीवन जीएगी। कभी तो उसे जागना होगा, स्व अस्तित्व को पहचानना होगा। अपनी बुद्धि अपनी शक्ति अपने बल पर भरोसा करना होगा। स्वयं के साहस और पराक्रम से ऊंचाइयों को छूना होगा। दुनिया को बताना होगा, घर- परिवार ,समाज ,देश -दुनिया के विकास में उसकी भी भूमिका महत्वपूर्ण है। उसे भी प्रकृति ने पुरुषों की तरह , समर्थवान बनाया है । वह पुरुष पर आश्रित नहीं संग चलने वाली सहधर्मिणी है। घर को संवारने वाली सुगृहिणी है। सृष्टि को आगे बढ़ाने वाली सृजना है। पुरुष को सम्पूर्ण बनाने वाली शक्ति है। - **वर्षा ठाकुर**

सदाशिव नाम है जिनका, इन्हें

सदाशिव नाम है जिनका ,इन्हें महाकाल कहते है। जहाँ कैलाश पर्वत है , वहाँ पर वास करते है ।। जटाएँ शीश पर उनके ,गले में नागों की माला । कर में त्रिशूल उनके ,कमंडल पास रखते है ।। सदाशिव नाम रमाते अंग में भस्मी, भोग भाँग का लगाते है । बिछा कर मृगछाला वो आसन,सदा धुनि रमते है ।। सदाशिव नाम भाल पर चन्दा है उनके , जटा में गंगा बहती है। सदा गण साथ रहते है , शरण भोले की आए है ।। सदाशिव नाम सदा वो पास में रहती , सबकी पार्वती माता । पुत्र उनके गजानंद है , जिन्हें हम सब मानते है ।। सदाशिव नाम - शोभा त्रिपाठी

आधी आबादी तुझे सलाम

आधी आबादी तुझे सलाम तुझसे ही रोशन सारा जहाँ अपनी बेटी को सचाँद जैसी ना बनाएं ताकि उसे लोग घूर घूर कर देखे, उसे ससूरज जैसी बनाएं, ताकि घूरने से पहले ये नजरें बार-बार झुकें। मेरा ही प्रतिरूप ,तुझे मैं पथ दिखलाऊँ, जन्म जन्म बेटी ,माँ मैं तेरी खलाऊ ।। तुम हो तो हम है वरना कुछ नही,कुछ भी नही - **हेमा पांडेय**

प्रेरक प्रसंग - सपनों की उड़ान

एक छोटे से गाँव में एक बच्चा था जिसका नाम रघु था। रघु का सपना था कि वह एक बड़ा वैज्ञानिक बने और दुनिया को कुछ अनोखा दिखाए। लेकिन उसके आस-पास के लोग उसे अक्सर कहते, ÷तुम्हारे जैसे गरीब बच्चे बड़े सपने नहीं देख सकते। सपने देखना छोड़ दो और जो करना है, वो करो।

रघु ने सबकी बात सुनी, लेकिन अपने दिल की आवाज़ को नहीं दबाया। उसने ठान लिया कि वह अपना सपना पूरा करेगा, चाहे कोई भी बाधा क्यों न आए। उसने दिन-रात मेहनत की, स्कूल के बाद देर रात तक पढ़ाई की, और धीरे-धीरे अपनी पढ़ाई में अव्वल आने लगा। उसने छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान खोजने का प्रयास किया और हर छोटी उपलब्धि के साथ खुद को प्रोत्साहित किया।

कई साल बाद, रघु का नाम एक बड़ी वैज्ञानिक प्रतियोगिता में आया और उसने अपनी मेहनत के बलबूते वह प्रतियोगिता जीत ली। गाँव के लोग जो कभी उसके सपनों पर हंसते थे, अब उसकी सराहना कर रहे थे और अपने बच्चों को उसकी तरह बनने की सलाह दे रहे थे।

QUIZ TIME

1) हाल ही में रणजी ट्रॉफी 2024-25 किसने जीती है?

2) हाल ही में विश्व वन्यजीव दिवस 2025 कब मनाया गया?

3) किस फिल्म ने 2025 का सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑस्कर पुरस्कार जीता है?

4) सागर कवच अभ्यास किसने आयोजित किया था?

5) हाल ही में विमोचित दियासलाई किसकी आत्मकथा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विदर्भ (2) 3 मार्च (3) अनोरा (4) भारतीय तटरक्षक बल (5) कैलाश सत्यार्थी

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:42, सूर्यास्तः 06:22, चन्द्रोदयः 13:39, चन्द्रास्तः 28:19, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय) ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : पुष्य, योग : शोभन, प्रथम करण : गर (07:45 तक), द्वितीय करण : वणिज (19:41 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कर्क (17:45 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित , पश्चिम , मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:04 से 12:51, अमृत काल 21:28 से 23:06, रविपुष्य योग 23:55 से 30:33, सर्वार्थ सिद्धि योग 23:55 से 30:33, रवियोग 06:34 से 23:55, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त 18:19 से 18:43, सायाह्न सन्ध्या 18:21 से 19:34, निशिता मुहूर्त 24:03 से 24:51, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तरयमगण्ड 12:27 से 13:56, दुर्मुहूर्त 16:47 से 17:34

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष :आज दिन का पूर्वार्ध नयी उलझने लाएगा। हठी प्रवृति रहने से व्यापार में हानि एवं प्रियजनों से दूरी बढ़ सकती है।

वृष :आज के दिन धन की कमी रहने पर भी खुश रहने का सफल प्रयास करेंगे।

मिथुन: आज दिन का प्रारंभिक भाग सुख-शांति से बितायेंगे। मन खुश रहने से आसपास का वातावरण भी हास्यमय बनाएंगे।

कर्क : आज के दिन आपको प्रत्येक कार्य में सावधानी रखने की सलाह है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के कारण धन के साथ सम्मान की भी हानि हो सकती है।

सिंह : आज भी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने से लाभ के कई अवसर मिलेंगे ।

कन्या : आज दिन का पूर्वार्ध आशा से अधिक शुभ रहेगा। आज के दिन आकस्मिक घटनाएं अधिक घटित होंगी।

तुला : आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे।

वृश्चिक : आज भी दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। स्वयं अथवा किसी पारिवारिक सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी दवाओं पर खर्च बढ़ेगा।

धनु: आज आपकी महात्त्वकांक्षाओ की पूर्ती में अड़चने आने से हताश हो सकते है। फिर भी भले-बुरे का विवेक रहने से मानसिक रूप से परेशान नहीं होंगे।

मकर : आज आप उदासीनता युक्त जीवन जीयेंगे। पेट सम्बंधित शिकायत रहने एवं अन्य शारीरिक कष्ट के कारण शरीर शिथिल रहेगा।

कुंभ : आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। कार्यो की असफलता अथवा किसी महत्त्वपूर्ण अनुबंध के निरस्त होने से स्वभाव में चिड़चिड़ा पन आ सकता है।

मीन : आज आपको प्रतिकूल फल मिलने से मन में नकारत्मकता रहेगी। कार्य को करने से पहले ही हार मान लेने से सफलता की उम्मीद भी अल्प रहेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. नाजी, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 349 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा		म	हा	र	त
क		ह					ज	न
	जा	न	की		क	म	नी	य
		त	म	क	ना			
म			त	ह	त		दा	व
सी	मा			ला		स	न	द
हा	थ	म	ल	ना		वा		च
		द			घा	ल	मे	ल
	ब	द	ह	वा	स			न

■ न्यूज गैलरी

मुख्य नाले का पक्कीकरण शुरू

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य काफी तेजी से किये जा रहे हैं। विकास कार्यों की कड़ी में वार्ड 13 में नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि वार्ड 8, 12, 11 और 13 के छोटे नालियों का पानी इसी नाला से होकर वार्ड 14 होते हुए नगर के बाहर निकलता है। नाला निर्माण की लागत राशि 17.25 लाख रुपये है। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने संबंधित कार्य एजेंसी को नाले का कार्य गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में करने कहा। इस मौके पर वार्ड पार्षद कविता विश्वाल, वरिष्ठ जन संजय शर्मा, प्रदीप सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

एनसीसी कैडेटों ने निकाली महिला जागरुकता रैली

अंजोरा। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा के कैडेटों द्वारा महिलाओं के सम्मान में जन-जागरुकता रैली निकाली गई। शिक्षा,स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिये विभिन्न प्रकार के स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया। इस दौरान युनिट के कमान अधिकारी कर्नल अमन सिंह ने बालिका कैडेटों को स्वयं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कैप्टन राजकुमार गड़पायले, ले. पंकज पटेल, सूबेदार एन के घोष, जीसीआई रजनी वैष्णव, हवलदार महेश कुमार मीणा, हवलदार जादब बोरा, नायक विकास पाटिल आदि उपस्थित थे।

ये कैसा गौरवपथ : मछली बिक्री से लेकर फल-सब्जी, रंग पिचकारी के दर्जनों ठेले-पसरे ने बिगाड़ी 'पथ' की तस्वीर

सीन-1 गांधी प्रतिमा स्थल से शुरू होने वाले गौरवपथ में प्रवेश करते ही यहां दोनों ओर ऑटो मैकेनिक से लेकर फल व अन्य सामग्री के ठेले दिखाई देंगे। यहां इतने ज्यादा अतिक्रमण हैं कि इसे गौरवपथ कहना पूरी तरह बेमानी होगा। पहले यहीं पर डायनोसार चौक बनाया गया था। कालांतर में डायनोसार कबाड़ में चला गया। चौक पर किये गए सौंदर्यीकरण की भी दुर्गति हो गई।

सीन-2 सुराना कॉलेज के सामने एसएलएमआर सेंटर बनाया गया है। यहां कुछ महीने तक कई वार्डों का कचरा जमा होने के कारण भयंकर दुर्गंध और सड़ांध से आने जाने वाले लोग परेशान थे। अब यहां बायो वेस्ट से बदबू नहीं आती है लेकिन कचरा अभी भी डंप है। गौरवपथ पर वो भी स्कूल और कालेज के सामने एसएलएमआर सेंटर बनाने से अंदाज लगाया जा सकता है कि निगम अफसरों की शहर की प्लानिंग का स्तर क्या है।

सीन-3 गौरवपथ के किनारे पर ही महिला समृद्धि बाजार और शीतला सब्जी मार्केट हैं। इनके सामने गौरवपथ पर दर्जनों ठेले देखकर आपको यकीन नहीं होगा कि यह शहर का गौरवपथ है। गौरवपथ के किनारे बेतरतीबी से वाहनों की पार्किंग और लगातार बढ़ते अतिक्रमण को रोकने निगम के पास कोई योजना नहीं है।

सीन-4 जेल के सामने भी ठेले सजे हैं। जेल से जरा पहले गौरवपथ के किनारे जमीन पर पसरा लगाकर मछली की बिक्री होती है। फल, सब्जी से लेकर त्यौहारी सामान बेचने के लिये बारहमासी ठेले गौरवपथ की शान बढ़ाते हैं। इसके आगे गौरवपथ के अंतिम छोर पर गमले और पौधे बेचने वालों ने फुटपाथ पर कब्जा किया है।

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हर शहर में किसी एक मार्ग को सुंदर, स्वच्छ, अतिक्रमण मुक्त बनाते हुए शहर की शान के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गौरवपथ की योजना बनाई गई थी। दुर्ग का गौरवपथ बनने के बाद से ही विवादों में रहा है। भाजपा सरकार के बाद कांग्रेस सरकार में भी गौरवपथ पर करोड़ों रुपए खर्च किये गए, लेकिन हालत जस की तस है। गौरवपथ बस नाम के लिये गौरवपथ रह गया है।

हिंदी भवन के पास गांधी प्रतिमा से शुरू होने वाला गौरवपथ सेंट्रल जेल के आगे तक गौरवपथ का निर्माण किया गया।

बिना प्लानिंग यहां सौंदर्यीकरण के कार्य किये गए। मगर, गौरवपथ को शहर का गौरव बनाने की दिशा में न तो ठोस प्लान बनाया गया, न इसे मेंटेन रखने पर ध्यान दिया गया। हालत ये है कि पूरे गौरवपथ पर अतिक्रमण है। कहीं पथ के किनारे मछली बिक रही है तो कहीं ठेले लगे हैं। कहीं होली की पिचकारी बिक रही है तो कहीं फल और सब्जी के पसरे लगे हैं। गौरवपथ की हालत देखकर अंदाज लगाया जा सकता है कि गौरवपथ के निर्माण पर सिर्फ राशि खर्च की गई है, इसे शहर की शान बनाने के लिये न तो निगम अफसरों ने संकल्प शक्ति दिखाई है, न भाजपा और कांग्रेस की परिषदों ने इसके रखरखाव पर ध्यान दिया।

भाजपा परिषद ने बनाया था गौरवपथ, कांग्रेस परिषद ने कराया उन्नयन

गौरवपथ का निर्माण भाजपा की परिषद ने बनाया था। उस समय रोड के दोनों ओर सौंदर्यीकरण के कार्य किये गए थे। समय के साथ सौंदर्यीकरण का रखरखाव नहीं किया गया। पिछली परिषद ने गौरवपथ को नया स्वरूप देने लाखों रुपए खर्च किये, लेकिन हालत जस की तस है। कांग्रेस की परिषद ने गौरवपथ का चौड़ीकरण कर दिया। डिवाइडर बना दिया गया और नए सिरे से प्रकाश व्यवस्था कर दी गई। इसके बावजूद गौरवपथ के बिगड़े स्वरूप में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है।

राधाकृष्ण की होली रासलीला में झूम उठे ब्राम्हण समाज के लोग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पूरे देश मे फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बार होली पर्व के अवसर पर श्री राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज, दुर्ग द्वारा आज होली महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष-युवाओं के बीच राधाकृष्ण की रासलीला, भजन के साथ फूलों की होली खेली गई।

सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, संरक्षक रामफल शर्मा, लखन लाल शर्मा व सदस्यों द्वारा आराध्य देव भगवान श्री परशुराम व राधाकृष्ण की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में होली मिलन, फूलों की होली, भजन, सम्मान समारोह व होली की रासलीला जैसे विभिन्न आयोजन हुए। आयोजन श्री परशुराम भवन, पुष्प वाटिका के पास शिवनाथ नदी रोड, दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन सम्राट हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, गिरधर शर्मा, श्याम मित्र मंडल भाटापारा द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। समाज के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि कार्यक्रम में जबलपुर की प्रसिद्ध पुनीत रासलीला लीला मंडली और डांस ग्रुप द्वारा राधाकृष्ण की होली की रासलीला का नृत्य प्रस्तुत किया गया।

छत्तीसगढ़ी फाग गीत राजस्थानी फाल्गुन गीत की मधुर प्रस्तुति दी गई। फूलों की होली खेलते हुए उपस्थित सामाजिक गण झूम उठे। कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिपं उपाध्यक्ष पवन शर्मा, भाटापारा नपं परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, दुर्ग नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, बेमेतरा नपं उपाध्यक्ष अशोक शर्मा व राजनांदगांव में पार्षद बने आलोक श्रोती का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों और अतिथियों ने समाज को एक मोती की माला में बांधे रखने पर जोर दिया। अश्वनी शर्मा, श्याम शर्मा, पवन शर्मा ने निर्माणाधीन परशुराम भवन के लिए प्रदेश सरकार से मदद दिलाने की बात कही। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने किया।

कार्यक्रम में लखन लाल शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, उमाशंकर शर्मा, रमेश शर्मा, सुरेश शर्मा, अजय शर्मा, प्रमोद जोशी, बसंत शर्मा, आशीष फुलबाज, आनंद महाराज, विजय शर्मा, राकेश शर्मा, राहुल शर्मा, विकास पुरोहित, मोनू शर्मा, घनश्याम जोशी, दिनेश शर्मा, गिरधर शर्मा, राजेश शर्मा, कमल शर्मा, मनोज शर्मा, सुजल शर्मा, वासु शर्मा उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन 11 को

भिलाई। होली के अवसर पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं तथा राजभाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में 11 मार्च (मंगलवार) को अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन शाम 7:30 बजे से किया जा रहा है। इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा नगर के सुधि श्रोताओं के लिए आयोजन में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, हास्य की प्रसिद्ध कवियत्री श्वेता सिंह (बड़ोदरा), हास्य व्यंग्य कवि शैलेष गौतम (प्रयागराज), रोहित शर्मा (मुंबई) होली के रंग में अपनी हास्य-व्यंग्य की छटा बिखेरेंगे।

विधायक की पहल से शिवनाथ के संरक्षण-जलसंवर्धन के करोड़ों के कार्य बजट में शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शिवनाथ के संरक्षण और दुर्ग में जलसंवर्धन के कार्यों के लिये विष्णुदेव साय सरकार के दूसरे बजट में करोड़ों रुपये मंजूर किये गए हैं। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से कई कार्यों को बजट में स्वीकृति मिली है। शिवनाथ नदी में तटरक्षण और बाढ़ प्रबंधन कार्य, उद्वहन सिंचाई योजना, उरला बेलौदी एनिकट का जीर्णोद्धार जैसे कई कार्यों को पूरा किया जाएगा। विधायक गजेन्द्र ने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से मिलकर इन कार्यों की स्वीकृति देने पर दुर्गवासियों की ओर से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा पर विश्वास किया है जिसके कारण ये विकास कार्य हो रहे हैं। गजेंद्र ने कहा कि शिवनाथ नदी के महमरा एनिकट पर सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण होने से दुर्ग की जनता को घूमने फिरने के लिये सुंदर पिकनिक स्पॉट की सुविधा मिलेगी। बरसों पुराने बने नहर लाइनिंग का संधारण न होने से सिंचाई में परेशानी हो रही थी। कई स्थानों पर एनीकट व जलद्वारों का जीर्णोद्धार करने की मांग भी जल संसाधन विभाग द्वारा की गई थी। इन कार्यों की स्वीकृति मिलने से जल संवर्धन बेहतर हो सकेगा।

इन कार्यों को बजट में मंजूरी मिली

शिवनाथ नदी में तटरक्षण व बाढ़ प्रबंधन कार्य 45 लाख, दुर्ग जिले के शिवनाथ मंडल कार्यालय का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण 40 लाख, मोहंदी जलाशय का जीर्णोद्धार व नहरों का लाइनिंग कार्य 40 लाख, जिले के औद्योगिक उपयोग हेतु नगपुरा बैराज का निर्माण कार्य 40 लाख, शिवनाथ नदी में उदवहन सिंचाई योजना 80 लाख, शिवनाथ मंडल के अधीन निर्मित एनीकट व जलद्वारों का जीर्णोद्धार 50 लाख, उरला बेलौदी एनिकट का जीर्णोद्धार और अपस्ट्रीम डाउनस्ट्रीम का कटाव नियंत्रण कार्य 50 लाख, शिवनाथ नदी तट पर सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण 25 लाख, मरौदा बी और सी जलाशय का जीर्णोद्धार व चैनल निर्माण और कॉन्ड्युक्ट चैनल का जीर्णोद्धार कार्य।

संगीत महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग द्वारा महिला दिवस के अवसर पर थीम एक्सेलेरेट एक्शन यानी महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरूकता पैदा करने को लेकर कार्य में तेजी लाना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने कहा कि अब स्त्री और पुरुष को कंधे से कन्धा मिला कर काम करने का समय आ गया है। उन्होंने अपनी स्वरचित कविता भी पढ़ कर सुनाई। डॉ निधि वर्मा अतिथि प्राध्यापक हिंदी ने महिला सशक्तिकरण पर वक्तव्य दिया।

युवाओं को फूलों की ग्राफ्टिंग और कटिंग की ट्रेनिंग

दुर्ग/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग अ में नर्सरी प्रबंधन विषय पर ग्रामीण युवाओं के लिये कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. एसएस टूटेजा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने छत्तीसगढ़ में नर्सरी प्रबंधन की संभावनाएं और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ' दुर्ग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन ने नर्सरी के लिये स्थल चयन, अधोसंरचना, शोभायमान और फूलों की नर्सरी प्रबंधन, कटिंग व बडिंग द्वारा पौधे तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यानिकी डॉ. कमल नारायण ने प्रशिक्षणार्थियों को गुटी द्वारा पौधे तैयार करने, ग्राफ्टिंग की विभिन्न तकनीक की जानकारी दी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : वायर रॉड मिल में भी हुआ कार्यक्रम

प्लेट मिल विभाग में सुरक्षा मित्र और नई चेतना पर वर्कशॉप

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कर संयंत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के तहत 'सुरक्षा मित्र और 'नई चेतना विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एचआर-मिल्स ज़ोन-3 द्वारा आयोजित नई चेतना कार्यक्रम महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और नेतृत्व पर और प्लेट मिल के विभागीय सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार बहुरूपी द्वारा संचालित सुरक्षा मित्र कार्यक्रम कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित था। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक (एचआर-मिल्स ज़ोन-3) तन्मयी मारेपल्ली ने पीओएसएच अधिनियम, 2013 और कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों पर आधारित एक क्विज़ का आयोजन किया गया। प्रेमलता ने महिलाओं की भूमिकाओं पर प्रेरणादायक कविता, अमृता ने नारी सशक्तिकरण पर भाषण और गीता ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया। सरिता ने सुरक्षा पर आधारित कविता की प्रस्तुति दी। शारदा, गायत्री और पुष्पा ने महिलाओं के स्वतंत्रता और समानता पर केन्द्रित सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्लेट मिल के मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) पद्मनाभन, महाप्रबंधक (मैकेनिकल) जे सुधाकर और महाप्रबंधक (प्रचालन) देबब्रत रॉय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए सुरक्षा की शपथ ली।

महिलाओं को मिले सुरक्षा, समानता और सशक्तिकरण के अवसर

मर्चेंट वायर रॉड मिल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला ठेका श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और महिला उत्पीडऩ से संबंधित जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य महाप्रबंधक म.वा.रा.मिल मुनीश कुमार गोयल ने महिलाओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

हर क्षेत्र में सफलता की परचम लहरा रहीं महिलाएं : सरोज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने आज दुर्ग जिला के शैलदेवी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उपस्थित नारी शक्ति से संवाद किया। इस अवसर पर नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सरोज ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। राजनीति, विज्ञान, खेल या कला और व्यापार जैसे क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़कर सफलता से कार्य कर रही हैं। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल के क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरे हुए हैं। सरोज ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण पर लगातार ज़ोर देते हुए महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। आज भारत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों से बहन-बेटियों का शैक्षणिक सशक्तिकरण भी हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाएं भारत को समृद्ध बनाएंगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की सभी बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब मिलकर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए संकल्पित हों।

महापौर बाघमार ने पेड़ों की पूजा-अर्चना कर कराई शिफ्टिंग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार ने पूजा अर्चना कर सड़क चौड़ीकरण में बाधित पेड़ो को शिफ्टिंग भी शुरू करवा दी है।

राजेंद्र पार्क से सिविल लाइन रोड और चर्च से चौपाटी रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए चर्च के सामने लगे पीपल और पार्क के सामने लगे दो कौहा के पेड़ को हटाकर शिफ्ट किया गया।

नदी रोड पर भी यातायात को व्यवस्थित करने सड़क किनारे लगे बरगद के पेड़ को हटाया गया है। इन पेड़ों को ठगड़ाबांध में शिफ्ट किया जा रहा है। शिफ्टिंग के दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, गुलशन साहू, मनीष कोठारी सहित कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढबाले, प्रकाश अहीर आदि मौजूद रहें। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पर्यावरण को देखते हुए वृक्षों को बचाना जरुरी है।

नगर निगम प्रशासन द्वारा पेड़ों को काटने के बजाए ठगड़ाबांध में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। पर्यावरण को बचाने निगम प्रशासन द्वारा जनहित में राजेंद्र पार्क चौक, संविधान चौक चर्च रोड, नदी रोड में यातायात व्यवस्थित किया जा रहा है।

न्यायालय तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202501101000183 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरूणेन्द्र प्रसाद तिवारी पिता रामबिलास तिवारी ग्राम व पोस्ट मरवुला (सिंगोटोला) द्वारा ग्राम खेदामारा प0ह0नं0 11 स्थित भूमि ख0नं0 863/2 का टु0 रकबा 0.022 हे0 भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता रमेश साहू पिता राम भरोसा से क्र य किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2025 के मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202501101000130 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा पाल तिवारी पिता भगवानदिन तिवारी निवासी केम्प 01 भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प0ह0नं0 46 स्थित भूमि ख0नं0 982/2 रकबा 0.011 हे0 भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता जयगोपाल सोनी पिता श्री डी.पी. सोनी एवं अन्य से कय किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2025 के मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार संतोष कुमार तिवारी आ. श्री एस. एन. तिवारी, निवासी-म.नं. 16, ब्लॉक नं. 86, नहेरू नगर ईस्ट, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.). से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार ने श्री पी. एन. के. मोहन आ. श्री पी. तुलसी राम, निवासी-प्लॉट नं 50/3, हनुमान चौक के पास, राधिका नगर, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की कृषि भूमि मौजा ग्राम-दारगाँव, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं-अहिवारा, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसका ख.नं. 297, 298, 303/1, 304/1, 305/1, रकबा कमशः 0.5600 हे., 0.1600 हे., 0.4000 हे., 0.1800 हे. एवं 0.7300 हे., कुल 2.0300 हे. को कय करने का पक्का सौदा लिखित इकरारनामा के माध्यम से निष्पादित कर अग्रिम राशि प्रदान कर चुके हैं।

उक्त कृषि भूमि के कय-विक्रय संव्यवहार से संबंधित किसी भी व्यक्ति, सरकारी संस्थान, गैर सरकारी संस्थान, बैंक, कम्पनी, साहूकार, किसी फर्म व अन्य व्यावसायिक संस्थान को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करा देवे। समयावधि के पश्चात् की गई दावा आपत्ति अमान्य व शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।

संजीव मिश्रा, अधिवक्ता-जिला न्यायालय, जिला दुर्ग (छ.ग.), मो. 9827494229

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400037

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी सर्वजीत सिंह पिता/पति कुंदन सिंह पता कादम्बरी नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 252/171 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती रेशम कौर पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह पता कादम्बरी नगर दुर्ग, ममता कौर पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह पता कादम्बरी नगर दुर्ग, इन्द्रपाल सिंह पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह पता कादम्बरी नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार गुरुर
जिला बालोद (छ.ग.)
उद्घोषणा

मा.क्र.1405/प्र.तह./ गुरुर दिनांक 5.3.25

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी डढारी प.ह.न. 10 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रकुमार आ. नारायण साहू जाति तेली निवासी डढारी तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्र/पुत्री-शामवती आ0/पति नारायण की जन्म/मृत्यू दिनांक 06/01/2021 को ग्राम डढारी में हुई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत्त आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 20/03/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार, गुरुर जिला बालोद (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
मंडल जेवरा सिरसा तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)
-: आम सूचना :-

विषयः- सीमांकन/स्थल जांच हेतु।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश 53/वा ना. तह./2025 दिनांक-25/02/2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री मे. मां संतोषी इंडस्ट्रीज प्रो. श्रीमती सूरज किरण पति रमेश चांडक निवासी-दुर्ग, ग्राम-जेवरा, प.ह.नं.- 07, रा. नि. मं. जेवरा सिरसा तह. व जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.- 577/1, रकबा 0. 020 हे. का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 12/03/2025 को पूर्वान्ह/ अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा ले- आऊट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, दुर्ग- 01 जेवरा सिरसा, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

आबकारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुईं सम्मानित

आयोजन में मंत्री, विधायक, कलेक्टर, एसपी सहित जिलें के अधिकारी व नारी शक्ति थीं उपस्थित

बेमेतरा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारत रत्ना पैलेस में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि रहें। जिसमें खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन में विभिन्न विभागों की 46 महिलाओं को सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया और अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर सेवा का परिचय दिया है। सम्मेलन में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि अजय साहू, राजेंद्र शर्मा, योगेश तिवारी, कलेक्टर रणबीर शर्मा और सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित बढ़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। वहीं इस आयोजन में बेमेतरा के आबकारी विभाग की उप निरीक्षक वीणा भंडारी को भी सम्मानित किया गया। इनको रात्रि गश्त के दौरान अदम्य साहस से कार्य करते हुए शराब पकड़ने के कारण आज सम्मानित किया गया। प्राप्त सूत्रों के अनुसार बेमेतरा आबकारी विभाग की उप निरीक्षक वीणा भंडारी ने 05/02/2024 को ग्राम करही में एक प्रकरण क़ायम कर 01 व्यक्ति सनत खरे पिता श्यामदास खरे जाति सतनामी, उम्र 55 वर्ष, साकिन करही वार्ड नं 12 थाना बेमेतरा को गिरफ्तार कर 1200 नग पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब, मध्यप्रदेश निर्मित, नान ड्यूटी पेड मदिरा कीमत 156000 रू पकड़ा था। वहीं 07/02/2024 को बालसमुंद कुसमी रोड में एक प्रकरण क़ायम कर 02 व्यक्तियो ईशाक शाह पिता रसिद शाह उम्र 40वर्ष साकिन सांवेर इंदौर मध्यप्रदेश, फैजान हुसैन पिता जाकिर हुसैन उम्र 21वर्ष, साकिन चंदन नगर इंदौर मध्यप्रदेश से 780 पेटी 39000 नग पाव गोवा स्पेशल व्हिसकी, मध्यप्रदेश निर्मित नान ड्यूटी पेड मदिरा कीमत 5070000, 1 चार पहिया एक कन्टेनर कीमत 2200000 पकड़ कर कार्यवाही की गई थी।

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जयसवाल को मिली बधाइयां

भाटापारा/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बलौदा बाजार भाठापारा जिला के जिला पंचायत चुनाव में अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल व उपाध्यक्ष पवन साहू के निर्विरोध निर्वाचित होने पर उन्हें लगातार बधाई संदेश मिल रहे है। जिला पंचायत चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी प्रत्याशी को बधाई देने के लिए जनपद पंचायत भाठापारा के अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप अनन्त , जनपद सदस्य प्रतिनिधि सत्या जोगी सिमगा जनपद,खोखली सरपंच आशीष चतुर्वेदी व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बोड़तरा रवि आडिल ने पुष्पगुच्छ देकर अध्यक्षा आकांक्षा गोलू जायसवाल को बधाई एवं शुभकामना दी है।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती गीता डोमन वर्मा, व शशि आनंद बंजारे को भी उनकी जीत पर बधाई दी गई।

साजा में महिला आरक्षक को केक खिलाकर किया गया सम्मान

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी चंद्रदेव वर्मा एवं स्टाफ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला आरक्षक सरला भारती को केक खिलाकर उनका सम्मान किया गया और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर थाना साजा के समस्त स्टाफ उस्तथित रहे।

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन संपन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में हुए मतदान के अनुसार, श्रीमती दुर्गा सिंह को अध्यक्ष पद हेतु 17 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी जीवन भाई नेताम को 8 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में श्री अशोक पटेल ने 18 मत प्राप्त कर विजय हासिल की, वहीं योगेश कुमार साहू को 7 मत प्राप्त हुए।निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

जावेद खान 6 वोट विजय पंचायत तीसरी बार उपसरपंच बने

नगरी/नवप्रदेश। - ग्राम पंचायत गट्टासिली में दिन शनिवार को उप सरपंच चुनाव संपन्न हुआ जिसमें जावेद खान 6 वोट विजय पंचायत तीसरी बार उपसरपंच बने जिसमे सरपंच रामकुमार समरथ,जीतेन्द्र नेताम,शिवकुमार परिहार, नोहर नेताम प्रताप ठाकुर, करिश्मा नेताम तमेश्वरी नेताम सुदामा महिलांगे, मिथिला प्रजापति, रेखा मरकाम, दिलीप मरकाम, मिना ध्रुव, धर्म नेताम रवीना मरकाम निधि नेताम नीतू निर्मलकर, सावित्री मरकाम, राजकुमार यादव,कमलेश मिश्रा, तारा मंडावी, जयचंद नेताम अखिलेश प्रजापति, नटवर नेताम, असवान नेताम, संतोष नेताम गौतम नेताम, नरबाद नेताम, गोविन्द नेताम अनवर सिद्दीकी,भोला नेताम, भैयालाल संजय, शांडिल्य समस्त गांव लोग उपस्थिति थे।

नपं इंदौरी में निर्विरोध चुने गए भाजपा उपाध्यक्ष,

सहसपुर लोहारा/ कवर्धा ।आज नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा के जशवंत साहू निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए वहीं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुने गए। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से अध्यक्ष हेतु दुर्गा सिंह ने 17-8 एवं उपाध्यक्ष हेतु भाजपा के अशोक पटेल ने 18-7 से एकतरफा जीत सुनिश्चित की। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी। भावना बोहरा ने नगर पंचायत इंदौरी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जशवंत साहू एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा सिंह एवं उपाध्यक्ष अशोक पटेल को बधाई देते हुए कहा कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा के प्रति जो जनविश्वास प्रकट किया वह क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु सार्थक सिद्ध होगा। नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई व इंदौरी में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं वहीं जनपद पंचायत पंडरिया में भी भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद आज सहसपुर लोहारा जनपद में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं जिन्हें मैं हार्दिक बधाई देती हूँ। ,

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की कुनीतियों एवं भ्रष्टाचार से हमारे गाँव व नगर का विकास पूरी तरह ठप्प था, लेकिन विगत 14 महीनों में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार बनते ही जनता ने विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर देखा, जनता किस सुविधाओं एवं बहुप्रतीक्षित मांगों को पुर अकारते हुए सेवा , सुशासन एवं जनकल्याण के लिए समर्पित भाजपा की नीतियों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है।

मां भद्रकाली शिक्षण समिति ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मां भद्रकाली शिक्षण समिति एवं ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल ने महिलाओं को सम्मानित करने हेतु डॉक्टर अलका तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा एवं विजय सिन्हा अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं मुख्य अतिथियों के साथ विकास तंबोली पार्षद, रवि मुलवानी पार्षद, हर्षवर्धन तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता, समिति के सचिव दिनेश पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती के वंदन के लिए सरस्वती वंदना एवं अतिथि के स्वागत के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी ने कहा शिक्षा के साथ संस्कार की भी युवा पीढ़ी में आवश्यकता है, संस्कार के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा जी ने कहा कि नारी त्याग का साक्षात स्वरूप है बिना नारी के एक सभ्य समाज का निर्माण संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि निताशा त्यागी जी ने मानव संबंधों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जीवन में संबंधों के निर्वाह के महत्व को बताया।

कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न महिलाओं को समाज के प्रति अपने उत्कृष्ट योगदान के लिये समिति द्वारा सम्मानित किया एवं प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं में अदिति, हिशालिनी, यानिका निकिता ने मनमोहन नृत्य एवं सुनिधि, देवीका, रंजना, परमेश्वरी, साक्षी, अनिशा ने नाटक प्रस्तुति कर नारी की अस्मिता त्याग साहस को प्रस्तुत किया । विद्यालय के शिक्षक अजय चंद्राकर ने मां की ममता पर शानदार गीत प्रस्तुत किए एवं शिक्षकों द्वारा नारी सम्मान में गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं एवं बहनों के लिए खेल का आयोजन एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कार्यक्रम में रोमांच बना रहा। आयोजित खेल में बहुत से प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें पासिंग इन द पास में प्रथम स्थान निम्मी पटेल एवं द्वितीय स्थान वर्षा गौतम ने प्राप्त किया साथ ही दूसरा खेल ग्लास रेस गेम में प्रथम स्थान अंजना तिवारी ने और द्वितीय स्थान शारदा तिवारी ने अर्जित किया।

समिति अध्यक्ष श्री अविनाश तिवारी जी ने कहा समाज के उत्थान में नारी की भूमिका अहम है वही विद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर अलका तिवारी जी ने नारी के सक्रिय सकारात्मक योगदान के महत्व का वर्णन करते हुए अपने जीवन के कुछ महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए। हमारे बेमेतरा के महिलाओं ने जिले में ही नहीं अपितु पूरे राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों के द्वारा बेमेतरा जिले को अवगत कराया।

होली के पूर्व शहर में पुलिस की कार्यवाही

बदमाशों को थाना बुलाकर दिया गया समझाईश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर बसंतपुर पुलिस के द्वारा आपराधिक व असमाजिक तत्वो पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 14 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर शहर में होली पर्व सौहद्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु अपराधिक एवं असामाजिक तत्वो के विरूद्ध की गई कार्यवाही तथा कुछ बदमाशों को थाना बुलाकर आवश्यक समझाइए दिया गया। थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना स्टाफउनि0 नरेश सार्वा, देवादास भारती, सउनि. गोवर्धन देशमुख, डेमिन साहू, प्र0आर0 राजेश परिहार, किशोर यादव, दीपक जायसवाल आरक्षक प्रवीण मेश्राम, मोहसीन खान, कुश बघेल, अतहर अली का अलग अलग टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था।

उक्त टीम के द्वारा थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत के आदतन अपराधी जो कि आगामी होली पर्व में अप्रिय घटना घटित कर शहर का महौल खराब कर सकते है ऐसे लोगो अलग.अलग स्थानों पर घेराबंदी 12 अनावेदकगणों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् इस्तगाशा तैयार कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय राजनांदगांव न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।

कौशल्या देवी ने वरिष्ठ पत्रकार और समाज सेविका मेघा तिवारी को किया सम्मनित

विप्र फाउंडेशन 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ सीएम विष्णुदेव सहाय की धर्मपत्नी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला दिवस पर विप्र फाउंडेशन की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय कि धर्मपत्नी कौशल्या देवी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र मे जीवन मे कठिन परिस्थिती मे भी मेहनत से एक अलग मुकाम हासिल करने वाली महिलाओ का सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम मे कौशल्या देवी ने वरिष्ठ पत्रकार व समाज सेवीका मेघा तिवारी को उनके निर्भीक व महिलाओ को जागरुक करने वाले अतुलनीय काम के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया मेघा तिवारी ने छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में रोशन किया हैं। इससे पूरा छत्तीसगढ़ उन पर गोरवन्वित है। उन्होंने कहा की मेघा तिवारी महिलाओ के लिए प्रेरणा स्रोत है। 'मेघा तिवारी के समाज के प्रती समर्पित कार्यों को मे देखती आ रही हू उनकी समाज सेवा व निर्भीक पत्रकारिता से मे प्रभावित हूं मेरा आशीर्वाद व शुभकामना उनके साथ है। महिला पत्रकारों को पत्रकारिता करने के लिए बहुत हिम्मत की जरूरत होती है। देश की सभी महिला पत्रकारों को शुभकामनाएं दी।

विप्र फाउंडेशन ने साहित्यकार ,दिव्यांग व 51 महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया अध्यक्ष पिंकी बंजारे ने कहा की समाज के अलग अलग वर्ग व क्षेत्र में अपनी मेहनत से अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओ का सम्मान किया गया उन्हे हमारी शुभ कामनाएँ । दिव्यांग बच्चियों को आवश्यक एवं जरूरत का समान दिया। मुख्य अतिथि के रुप मे उपस्थित गणमान्य रायपुर महापौर मीनल चौबे संरक्षक सत्य नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष आभा जोशी, महामंत्री वन्दना शर्मा, सरोज शर्मा, आरती पाठक उपस्थित रहे।

सीएचसी थान खमरिया में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह धूमधाम से मना

साजा/नवप्रदेश। जिला अंधत्व नियंत्रण समिति बेमेतरा के तत्वावधान में व कलेक्टर रणवीर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन जिला अंधत्व नोडल अधिकारी डॉ. भेख राम साहू व बीएमओ साजा डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा के निदेशानुसार 8 मार्च 2025 को दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 9 मार्च से 15 मार्च 2025 तक समस्त सरकारी अस्पताल में मनाया जा रहा है। जिसमें आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थान खमरिया में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नगर पंचायत थान खमरिया अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल रही। इस कार्यक्रम में सामु. स्वास्थ्य केंद्र साजा के वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी विनोद कुमार बघेल सीएचसी थान खमरिया से विनोद कुमार साहू नेत्र चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ग्लूकोमा चुपके से रोशनी चुराकर सदा के लिए अंधा कर सकता है। इसलिए 40 साल की उम्र में अपनी आंखों की जांच जरूर कराएं। अगर आपके परिवार में किसी को यह बीमारी है, तो इसका खतरा 7 गुना बढ़ जाता है। इसका प्रमुख लक्षण नजर कमजोर होना, धुंधला दिखाई देना, आंखों और सिर में तेज दर्द, आंखें लाल होना, रोशनी के चारों ओर रंगीन गोली दिखाई देना, जी मचलना, उल्टी होना आदि इनके प्रमुख लक्षण हैं। समय रहते हैं इनका इलाज न किया जाए तो व्यक्ति अंधा हो सकता है। इस कार्यक्रम में पूर्व नपं अध्यक्ष रंजना राजेश ठाकुर, सस्त पार्षदगण, समाज सेविका सरिता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम सिंह ठाकुर, विजय शर्मा, प्रभारी चिकत्साधिकारी डॉ विनय कुमार पाटिल, डॉ. मनीष कुमार ठाकुर, डॉ. भोर लक्ष्मी फिजियोथेरिस्ट, आशीष दुबे फार्मेसिस्ट, बीआर साहू, फूलसिंह कंवर, भोला सिंह वर्मा, भूमिका साहू नर्सिंग ऑफिसर, सुशीला साहू, ज्योति गायकवाड, रोज मेरी हटोई नर्सिंग ऑफिसर, भारती बंजारे स्टाफ नर्स, चंदन नेगी, चेतन, शेखर पाल, मुकेश साहू एलटी, सरस्वती यादव, हेमा साहू, राजू, धनेश, सुरेश, पुरुषोत्तम शर्मा, दीक्षा राजपूत, प्रभात यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थिति रहे।

प्रथम पेज का शेष

बजट सत्र के हंगामेदार रहने की ...

दलों को भी एकजुट किया है। केंद्र सरकार के लिए वक्फसंशोधन विधेयक को जल्द से जल्द पारित कराना प्राथमिकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा था कि सरकार वक्फसंशोधन विधेयक को जल्द पारित कराने के लिए उत्सुक है, क्योंकि इससे मुस्लिम समुदाय के कई मुद्दे सुलझ जाएंगे। इस विधेयक को लेकर विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच संसद की एक संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश कर दी है।

शराब घोटाला : एपी त्रिपाठी ..

घोटाले के संबंध में जमानत देने से इनकार करने वाले छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के विशेष सचिव और प्रबंध निदेशक के रूप में प्रतिनियुक्ति पर काम करने वाले अधिकारी को ईडी की जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने आर्थिक अपराध शाखा, रायपुर की तरफ से भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कई धाराओं के तहत दर्ज एक पूर्व निर्धारित अपराध के आधार पर जांच शुरू की।

हम्पी में विदेशी महिला से दुष्कर्म ...

एक इस्राइली महिला पर्यटक के साथ तुंगभद्र नहर के पास तारों को देखने (स्टारगेजिंग) गई थीं। इसी दौरान तीन युवक वहां पहुंचे और पेट्रोल के बारे में पूछताछ करने लगे। जब उन्हें पैसे देने से मना किया गया, तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

महिलाओं के साथ दुष्कर्म, पुरुषों को नहर में ढकेला

इसके बाद, दो आरोपियों ने महिला होमस्टे संचालक और इस्राइली महिला के साथ दुष्कर्म किया, जबकि तीसरे आरोपी ने तीन पुरुषों को नहर में धक्का दे दिया। पीड़िता ने बताया, 'उन्होंने मुझ पर पत्थर से हमला किया, जिससे मुझे गंभीर चोटें आईं। फिर मेरे साथ दुष्कर्म किया।' आरोपियों ने पीड़िता का बैग, दो मोबाइल फोन और 9,500 रुपये भी लूट लिए।

मामले में पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक राम अरसिद्दी ने बताया कि अब तक दो आरोपियों - साई मल्लू और चेतन साई - को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे आरोपी की पहचान हो चुकी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत हत्या के प्रयास, लूट और दुष्कर्म जैसी धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं राज्य सरकार ने भरोसा दिलाया है कि अपराधियों को कड़ी सजा दी जाएगी और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

भाजपा का सरकार पर हमला

इस पर भाजपा विधायक महेश टेंगिनकाई ने कहा, 'राज्य सरकार को इस मामले पर गौर करना चाहिए ताकि देश में आने वाले विदेशियों को पूरी सुरक्षा दी जा सके। हम इस घटना की निंदा करते हैं। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखा जाना चाहिए। असामाजिक तत्वों का मानना है कि सरकारें उनका समर्थन करती हैं और यह राज्य सरकार और पुलिस की विफलता है।'

साहू समाज की महिला प्रकोष्ठों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर साहू समाज भाटापारा के द्वारा महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमला राजेश साहू के नेतृत्व में 8 मार्च को साहू छात्रावास में अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें महिलाओं के अधिकार , समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ साथ हर क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के साथ उत्थान के लिए सबको जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर साहू समाज की तरफसे समाज के 60 वर्षीय और नव निर्वाचित महिला पार्षद प्रतिनिधि सभी को श्रीफल, मोमेंटो और एक एक बिछिया सभी को भेंट स्वरूप डॉली साहू के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिरमत साहू और श्रीमती सरस्वती साहू थी और अध्यक्षता कल्याणी साहू और विशेष अतिथि डॉ. वीणा साहू शिलोचनी, राही साहू, सरस्वती लूकू साहू , बसत भाई, पार्वती बैशखिन साहू, जान कुंवर साहू, और पार्षद प्रतिनिधि संध्या राजेश साहू, दीपा दशरथ साहू, लक्ष्मीन पीला राम साहू के साथ साथ नगर के सैकड़ों महिलाएं दिवस का आनंद लिए।

■ न्यूज गैलरी

भोथली के भाजपाइयों ने की विधायक अजय से मुलाकात

कुरुद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच और उनकी टीम सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विधायक अजय चंद्राकर से रायपुर स्थित उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा जी से मुलाकात कर उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष बनने की बधाई शुभकामनायें भी ग्रामीणजनो ने दिया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच योगेश साहू, उपसरपंच पोखराज नेताम, ईश्वरी राम साहू (भूतपूर्व सरपंच), भारत साहू, भाजपा जिला सोशल मिडिया प्रभारी कमलेश चंद्राकर, एसराम देवांगन, खुबलाल देवांगन, राजेश सेन, बूथ अध्यक्ष लोमस देवांगन, फुलसिंग दिवान, तोमन साहू, दुलारू यादव, दिनेश्वरी देवांगन, महिला प्रतिनिधि कौशिल्या पटेल, गीता देवांगन, जागेश्वर नेताम, भागवत देवांगन, संतोषी ध्रुव, मनभा यादव, चन्द्रदेव यादव, युवराज देवांगन, प्रमिला देवांगन, अहिल्या ध्रुव, ममता देवांगन, पुरईन यादव, टिकेश्वर ध्रुव, केशरी ध्रुव मौजूद रहे।

कुश्ती शारीरिक ही नहीं, मानसिक मजबूती का खेल : रामू रोहरा

धमतरी/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग व्दारा खेलों इंडिया लघु केंद्र के अंतर्गत आज इंडोर स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगना,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे,अशोक सिन्हा, पार्षद कुलेश सोनी सहित लक्ष्मण पहलवान मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर रोहरा ने इस सफल कार्यक्रम के लिए आयोजन कर्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कुश्ती सिर्फशारीरिक ही नहीं मानसिक खेल भी है जिसमें खिलाड़ी को शारीरिक के साथ मानसिक रुप से भी मजबूत रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कुश्ती में जैसे खिलाड़ी दांव लगाकर जीत की कोशिश करते हैं वैसे जीवन में आयी विपत्ति से घबराये नहीं बल्कि दांव लगाकर उसे चित करे। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना का परिचय देने का आग्रह किया। उन्होंने पराजित होने वाले खिलाड़ियों से और अभ्यास करने की समझाईश दी।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में मातृ शक्तियों का योगदान महत्वपूर्ण : रंजना

गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसीं में आयोजित विश्व महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं पूर्व विधायक रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसीं में विश्व महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि संतकिरण साहू, विजयलक्ष्मी गंजीर शामिल हुईं।

आए हुए सभी अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन विद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अवसर में महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल सहित मनोरंजक कार्यक्रम किया गया। उपस्थित सभी मातृशक्तियों को अपने जिम्मेदारी के साथ मजबूत राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में व परिवार के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ने की बात कहते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने उनके अधिकारों की रक्षा करने और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान में पहचान बनाने व सम्मान करने के लिए समर्पित यह दिवस मातृशक्तियों के लिए वरदान के समान है, जिसमें नारीशक्ति की पहचान छिपी हुई हैं । श्रीमती साहू ने इतिहास के पन्नों को प्रदर्शित करते हुए बताया कि जिस तरह ईसापूर्व सिंधुघाटी सभ्यता में भारतीय समाज मातृसत्तात्मक था इसी तरह आज भारत फिर से मातृसत्तात्मक राष्ट्र बन रहा है इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी मातृशक्तियों के वंदन के लिए नित प्रतिदिन अनेक योजनाएं लागू कर रही है जो की नारी शक्ति को समर्पित है। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व खेल में जिसके अंतर्गत सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में राधिका सिंहा प्रथम, नीता साहू द्वितीय, माला गजेंद्र तृतीय, मोमबत्ती जलाओं प्रतियोगिता में सीता साहू प्रथम, भुनेश्वरी साहू द्वितीय, सोनिया ध्रुव तृतीय, टिकली लगाओ प्रतियोगिता में भावना शांडिल्य प्रथम, अंजलि साहू द्वितीय, मेहंदी प्रतियोगिता में गायत्री साहू प्रथम, छाया साहू द्वितीय, साधना साहू तृतीय, सुई धागा प्रतियोगिता में नेमिन निषाद प्रथम, सोनिया ध्रुव द्वितीय, अंजलि साहू तृतीय, फुग्गाड़ी प्रतियोगिता में सोनम यादव प्रथम, खिलेश्वरी द्वितीय, दमयंती तृतीय, कुर्सी दौड़ में रेखा गजेंद्र प्रथम, धामिन देवांगन द्वितीय, हीरमंतीन तृतीय, बैलून फुलाना एवं फोड़ना प्रतियोगिता में राधिका सिंहा प्रथम, छाया साहू द्वितीय, सोनम यादव तृतीय स्थान अर्जित किए। सभी विजयी विद्यार्थियों को अतिथियों के कर शकमलों से पुरस्कार वितरण किया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं एवं मातृशक्तियां उपस्थित थी।

धर्मांतरण को लेकर रायपुर में बवाल बजरंग दल के प्रदर्शन के बीच पथराव

इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में कथित धर्मांतरण की शिकायत को लेकर जमकर बवाल हुआ है। टाटीबंध इलाके में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए एक घर के बाहर प्रदर्शन किया. इस दौरान भीड़ उग्र हो गई और घर के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाया गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, टाटीबंध स्थित एक घर में धर्मांतरण कराने की जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली, तो वे मौके पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे और इसका विरोध किया. देखते ही देखते माहौल गरमा गया और पूरे मामले हिंसक होता गया. विरोध प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल और विशेष समुदाय के बीच जमकर झड़प हुई। इस दौरान कई महंगी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आला अधिकारी भी पहुंचे, जिन्होंने हालात को संभालने का प्रयास किया। इस विवाद के दौरान कुछ लोग घर में फंसे हुए थे। पुलिस ने सभी लोगों को सुरक्षित निकालकर अपनी गाड़ियों में बैठाया और वहां से रवाना किया. इसी बीच बजरंग दल ने मौके पर मंदिर बनाने की मांग की है।

मामले में सिटी एएसपी लखन पटले ने कहा कि स्थिति को समझा जा रहा है, हालात अब काबू में है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक किसी भी प्रकार के एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई थी।

मंदिर में तोड़फोड़ का आरोप, पुलिस से शिकायत : इस मामले में शिकायतकर्ता मनीष शर्मा ने पुलिस से लिखित में शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि टाटीबंध स्थित मारुति एन्क्लेव में स्थानीय जनता के सहयोग से एक हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया था. लेकिन 9 मार्च की सुबह करीब 100 लोग चर्च से अचानक आए और मंदिर पर हमला कर दिया. आरोप है कि उन्होंने मंदिर की संरचना को नुकसान पहुंचाया और मूर्ति को खंडित कर फेंक दिया. स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो हमलावरों ने लाठी, डंडे, और कुर्सी से हमला कर दिया।

नपं बेरला में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की शानदार जीत के बाद नगरवासियों में उमंग

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज गौठान मड़ाई मैदान नगर पंचायत बेरला मे भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान नगरवासियों में भारी जोश और उल्लास देखने को मिला। समारोह में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व में नगर विकास की नई संभावनाओं को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं विशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इनके अलावा पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा, नथमल कोठारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, अंजनी प्रीतम चंदेल, डोमेन्द्र राजपूत, गौकरण साहू, सूर्यकान्त साहू, कन्हैया सेन, बृजेश राजपूत समेत अन्य गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में नगरवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बेरला में जोश और उत्साह के बीच शपथ ग्रहण - नगर पंचायत बेरला के शपथ ग्रहण समारोह में नगरवासियों ने भक्त माता कर्मा, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और जय श्रीराम के जयघोष से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा को एसडीएम डॉ. दीप्ति वर्मा ने शपथ दिलाई। इसके पश्चात क्रमशः सभी पार्षदों अर्जुन देवांगन, संतोष साहू, शिवझड़ी सिन्हा, मथुरा बाई साहू, जितेंद्र जैन, उमा नेताम, भुवनेश्वरी टंडन, जयप्रकाश बघेल, मानक चतुर्वेदी, अंजनी पाटिल, बलराम शिवहरे, मधुरी द्विवेदी, बलराम यादव, राजेश दुबे और लक्ष्मी लता वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

सांसद विजय बघेल ने की जनप्रतिनिधियों से समर्पित कार्यशैली की अपील - सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि चुनाव जीतना कठिन होता है, लेकिन उससे भी कठिन जिम्मेदारी होती है जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से मिलजुल कर नगर के विकास को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बिना किसी भेदभाव, सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करने का आह्वान किया।

विधायक ने कहा पैसे की कमी नहीं, अब विकास कार्यों में तेजी आएगी - विशिष्ट अतिथि विधायक दीपेश साहू ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 15 वर्षों के बाद भाजपा को स्थानीय निकायों में नेतृत्व का अवसर मिला है और यह समय बेरला के विकास को गति देने का है। उन्होंने कहा आज यह केवल शपथ ग्रहण का दिन नहीं, बल्कि नगर के विकास की शपथ लेने का दिन है। वर्षों से रुका हुआ विकास अब रफ्तार पकड़ेगा। आम जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीतियों पर भरोसा जताया है और हम उस विश्वास को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

विधायक साहू ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा विकास कार्यों की शुरुआत पहले ही हो चुकी है। कई गांवों में बोर खनन सहित अन्य बुनियादी विकास कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में नगर में सड़कों का निर्माण, जल आपूर्ति व्यवस्था का सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करें।

नगर पंचायत भिंभौरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी मे प्रथम बार निर्वाचित होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शनिवार को नगर पंचायत के पास सास्कृत मंच में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली कार्यक्रम की शुरुआत 2:00 बजे रंगारंग छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक से हुआ तत्पश्चात शपथ ग्रहण 5:00 बजे *भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी तुलाराम परगनिया* के तेल चित्र में माल्यार्पण कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पूर्व विधायक अवधेश चंदेल किसान नेता योगेश तिवारी मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ओमप्रकाश पांडे नगर के गणमान्य नागरिक महिला बच्चे बुजुर्ग के बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप परगनिहा पार्षद गण को कार्यक्रम के अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी बेरला डॉक्टर दीप्ति वर्मा डिप्टी कलेक्टर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जिसमें मुख्य रूप से तहसीलदार जयंत पटले आर आई राम भांडेकर पटवारी डीपी घृतलहरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी उप अभियंता लक्ष्मी कोठारी संकल्प शर्मा चंद्रशेखर सिन्हा हीरा साहू रजऊ साहू कुमार वर्मा उपस्थित रहे, सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार परगनिहा अध्यक्ष पद की शपथ ली एवं पार्षदों ने एक-एक करके बारी-बारी से शपथ लिया श्याम वर्मा जितेंद्र धीवर प्रकाश यादव श्याम कुमार वर्मा सीता सिन्हा बीना साहू बुद्धदेव लेवल राही साहू पुष्पा साहू सरोज साहू गोविंद प्रसाद साहू दिनेश कुमार पाटिल अरुण कुमार वर्मा मोहित राम साहू नरेंद्र धीवर ने किया, प्रमुख रूप से सांसद विजय बघेल और विधायक दीपेश साहू ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएं दी उन्होंने अपनी संबोधन में नगर की विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहयोग देने का आश्वासन दिया सांसद विजय बघेल ने कहा की नगर की विकास हेतु केंद्र सरकार के हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे और नगर का विकास में विशेष ध्यान देंगे ताकि जो नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी का विकास बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे उन्होंने कहा कि नगर की एक जुट होकर बेहतर काम करें अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्षदों कार्यक्रम उपस्थित जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक महिला बच्चे शपथ समारोह में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया

दोदिवसीय व्रतबंध कार्यकम एवं वार्षिक आम सम्मलेन

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला के सम्मानित विप्रजनों का आगामी 6 एवं 7अप्रैल को ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में दो दिवसीय व्रतबंध कार्यक्रम एवं विप्रजनों का वार्षिक आम सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने हेतु वरिष्ठ विप्रजन विनोद तिवारी के नेतृत्व में अधिकार सम्पन्न आयोजन समिति का गठन किया गया है उनके द्वारा व्रतबंध एवं वार्षिक सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर आमजनों के लिए प्रचार प्रसार प्रारंभ किया जाएगा। जिन विप्रजनों को ब्राम्हण बालकों का व्रतबंध कराना हो विनोद तिवारी, आयोजन समिति के सदस्यजनों तथा ब्राम्हण समाज पदाधिकारियों सदस्यों से संपर्क कर उक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम में ड्रोन एवं यूएवी फ्लाइंग शो का भव्य आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम में अत्याधुनिक ड्रोन एवं मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) फ्लाइंग शो का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक की उन्नत क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ड्रोन तकनीक की प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. अरुणा राणा थीं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को विशेष बना दिया। इस शो में 530 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के ड्रोन मॉडलों का प्रदर्शन देखा, जिनमें फूल गिराने वाला ड्रोन, प्रथम व्यक्ति दृश्य (एफ्पीवी) ड्रोन, एरोबैटिक स्टंट करने वाला स्पीड ड्रोन, एरोबेटिक्स क्षमताओं से युक्त यूएवी पावर मॉडल एवं गिद्धों के साथ ग्लाइडर ड्रोन शामिल थे। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों को कार्यरत देख भविष्य की तकनीक को प्रत्यक्ष रूप से समझा।

कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री एन.के. लांजेवार का सहयोग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से श्री अंजन जोशी ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे एक शानदार तकनीकी अनुभव बताया। ड्रोन उद्योग में अपने व्यापक अनुभव के साथ डॉ. अरुणा राणा ने विद्यार्थियों से संवाद किया, विशेष रूप से कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की छात्राओं को ड्रोन तकनीक से जुड़ी संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने ड्रोन पायलटिंग, वायुगतिकी (एयरोडायनामिक्स) और यूएवी डिज़ाइन में करियर के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. अरुणा राणा ने प्रौद्योगिकी और अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) के क्षेत्र में महिलाओं के लिए उपलब्ध अवसरों पर विशेष जोर देते हुए छात्राओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ड्रोन एवं यूएवी तकनीक में रुचि रखने वाली छात्राएं यदि इस विषय से जुड़े पाठ्यक्रम अपनाती हैं, तो वे अपने लिए एक उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं। इस भव्य आयोजन ने विद्यार्थियों में नवाचार और तकनीकी कौशल के प्रति रुचि जागृत की और उन्हें आधुनिक तकनीक से जुड़ने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया।

तीसरी पीढ़ी की राजनीति का उदय : दादा थे पहले नगरपालिका अध्यक्ष

फिर पिता ने संभाली कमान, अब पोता बना उपाध्यक्ष

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। शहर सरकार की सियासत में एक परिवार की तीसरी पीढ़ी की राजनीति का उदय हुआ है. 22 साल के युवा अभिषेक पांडेय ने नगर पंचायत झगराखांड के उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर अपनी तीसरी पीढ़ी को राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ाया।

झगराखांड नगर पंचायत जब 1980 में झगराखांड नगरपालिका था, तो यहां के पहले अध्यक्ष स्व. जीएन पांडेय थे। वे 1980 से 1996 तक झगराखांड नगरपालिका के अध्यक्ष रहे। इसके बाद 2004 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में जीएन पांडेय के पुत्र रजनीश पांडेय नगर पंचायत झगराखांड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए. रजनीश पांडेय 2019 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भी अध्यक्ष निर्वाचित हुए.

इस बार नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष पद की सीट पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गई, जिसके चलते रजनीश पांडेय ने अपने बेटे अभिषेक पांडेय को पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ाया और उन्होंने जीत हासिल की. शनिवार को हुए उपाध्यक्ष चुनाव में अभिषेक ने जीत दर्ज कर एमसीबी जिले के सबसे युवा नगर पंचायत उपाध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त किया. साथ ही, उन्होंने अपनी पारिवारिक राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया. अभिषेक पांडेय का कहना है कि वे अपने स्वर्गीय दादा और पिता की तरह जनसेवा के कार्यों में आगे रहेंगे.

नगर पालिका के शपथ ग्रहण समारोह में हंगामा

भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग स्थानों पर ली शपथ

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार नगर में शनिवार का दिन भारी गहमा-गहमी वाला रहा। एक ओर जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर भाजपा कार्यालय में जमकर बवाल हुआ, तो दूसरी तरफ नगरपालिका शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस पार्षदों ने आमंत्रण पत्र में उनके वरिष्ठ नेताओं के नाम नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए अलग से नगरपालिका कार्यालय में शपथ ग्रहण किया. इन सबके बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र की जनता ने पहले दो बार और एक बार मेरी पत्नी, स्वर्गीय अंजु जैन को नेतृत्व प्रदान किया था। अब पुनः चौथी बार मुझे नगर विकास का दायित्व सौंपा गया है. इस बार ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है, इसलिए काम ऐसा होगा कि भाजपा के साथ मेरा भी नाम हो।

बलौदाबाजार नगर पालिका के अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम राजनैतिक विवादों में घिरा रहा. बता दें कि जहां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए जीते भाजपा प्रत्याशी और पार्षदों को शपथ दिलाने की व्यवस्था जिला ऑडिटोरियम में की गई थी, जहां प्रदेश के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया. वहीं कांग्रेस पार्षदों को नगर पालिका के सभाकक्ष में पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर सहित अन्य की मौजूदगी में शपथ दिलाई गई. दरअसल यह विवाद की स्थिति आमंत्रण पत्र में कांग्रेस नेताओं का नाम नहीं होने के बाद बनी।

अलग-अलग शपथ ग्रहण

बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता ने दोनों स्थानों पर अध्यक्ष सहित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हालांकि इस दौरान कांग्रेस ने भाजपा के प्रभाव में प्रशासन पर काम करने का आरोप लगाया. कांग्रेस नेताओं का कहना था कि आमंत्रण पत्र में उनके नेताओं का सम्मान नहीं किया गया, जिसके चलते उन्होंने ऑडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण का बहिष्कार कर दिया। कांग्रेस ने कलेक्टर से अलग से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराने की मांग की थी, जिसे मानते हुए नगर पालिका के सभाकक्ष में कांग्रेस पार्षदों के लिए शपथ समारोह आयोजित करने की व्यवस्था की गई। हालांकि इस घटनाक्रम के बाद अब शहर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि इस समय हमारे छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार थी और अब नगर पालिका में जीतने के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है. उन्होंने कांग्रेस के बहिष्कार पर कहा कि यह आयोजन प्रशासन के तरफसे किया गया था, जिसमें सभी को आना चाहिए था।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक श्रमिक लाभ उठाएं : मदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले की तुमड़ीबोड़ ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर आयोजित कार्यशाला में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने अधिक से अधिक श्रमवीरों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है। योजना के बारे में विस्तार से समझाने विभागीय अधिकारी भी पहुंचे हुए थे।

गत दिवस भारत सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आयोजित एक दिवसीय पी.एम. विश्वकर्मा योजना जागरुकता कार्यक्रम के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजनांदगांव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छ.ग. शासन पी.एम. विश्वकर्मा योजना में पी.एम. विश्वकर्मा योजना के उद्देश्य- कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना। विश्वकर्माओं के उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास करना। विश्वकर्माओं को उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार/टूलकिट प्रदान करना । संपर्शिक मुक्त ऋण प्रदान करने तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना।

उतई नपं अध्यक्ष व पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

उतई/नवप्रदेश। नगर पंचायत उतई में आयोजित नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगणों के शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके नवीन दायित्व हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं अनंत बधाइयां दी।

साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदगणों को बधाई देते हुए उनसे जनकल्याण के लिए काम करने आवाहन किया ।जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर नगर पंचायत के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। और निश्चित रूप से उतई नगर पंचायत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और क्षेत्र की प्रगति में एक नया आयाम जोड़ने का कार्य करेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया

और उपस्थित नारी शक्ति को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदगणों ने शपथ लिया : नगर पंचायत अध्यक्ष पद सरस्वती नरेन्द्र साहू जी,पार्षद पद01 रमशिला नेताम, वार्ड 02 सोमेन्द्र सोनू राजपूत जी, , वार्ड 03 राकेश साहू,वार्ड 04 लक्ष्मीनारायण साहू जी, वार्ड 05 सतीश कुमार चंद्राकर जी, वार्ड 06 लता सोनवानी जी, वार्ड 07 भीमसेन सिन्हा जी, वार्ड 08 विजय लक्ष्मी साहू वार्ड 09वार्ड द्वारिका साहू 10 खूबी राम साहू जी, वार्ड 11 शिव नारायण देशमुख जी, वार्ड 12 अनीता नीलम गड़े, वार्ड 14 संगीत रजक, वार्ड 15 सुनीता गौतम चंद्राकर । इस गरिमामय कार्यक्रम में एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू , जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक , जिला उपाध्यक्ष श्री दिलीप साहू नवीन पवार जी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सांसद प्रतिनिधि श्री दीपक 'पप्पू' चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे जी, श्री लालेश्वर साहू जी, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी जी, श्री जीवनलाल साहू, श्रीमती गौरी चंद्राकर जी, रविंद्र वर्मा, बंटी हरमुख , चुनाव सह संचालक चेतन साहू उतई मंडल ने पार्षद विधि यादव पार्षद मनीष यादव, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चंदू देवांगन ,रूपेश पारख,पूर्व उतई मंडल अध्यक्ष फ त्ते लाल वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, टाकेश्वर साहू, विनोद हेड़ाऊ शशिकांत वर्मा, टुकेंद्र ठाकुर,रिसाली मंडल महामंत्री दशरथ साहू जी, नेता प्रति पक्ष शैलेन्द्र साहू जी, पूनम सपहा, नरेन्द्र निर्मलकर, एकता चंद्राकर,अनुपमा गोस्वामी, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने,केशव महिपाल, शशिकांत वर्मा , विनोद हेड़ाऊ, टिकेश्वरी साहू , नरेन्द्र साहू, तुलु राम साहू, भूखन पटेल , ओपी चंद्राकर, ममता चंद्राकर एकता चंद्राकर, चेतन साहू , हुबलाल चंद्राकार, दीपक चंद्राकर , सुनीता वर्मा, रूपेश पारख, प्रवीण यदु, ममता चंद्राकर जी, विमला कामड़े, रंजना चंद्राकर जीशीतला रातें,हिमांशु साहू, सुनीता चंद्राकर, राधा धीवर , एकता चंद्राकर, चेतन लाल साहू, चन्द कुमार साहू दीपक बृजमोहन साहू, दानेश्वरी देशमुख जी, शीतल रात्रे, वैभव देवांगन रूखमणि साहू,किरण साहू, राकेश त्रिपाठी ललित सिंह , सुषमा सिंह वेद प्रकाश सर्वा, धर्मेंद्र यादव प्रवीण यदु, पुनाराम कलिहारी, गांधी बाग, फ्लेंद्र सिंह राजपूत, योगेश धनकर, आशीष भगत, योगेश महिपाल, केशव महिलपाल, टीकम साहू, सुनील साहू, बालमुकुंद साहू पार्षद रमा साहू, महिला मोर्चा महामंत्री कंचन सिंह खिलेशश्वरी,डालेंद्र, उषा साहू, सोभना प्रधान,सुष्मा सिंह ललिता सिंह ,सोहन रिगरी, दानेश्ववरी देशमुख, शशि वर्मा , ओपी वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, कांति लाल साहू, प्रभा साहू, दुर्गा सेन, ताकेश्वर साहू, कोमल यादव, अजीत ठाकुर तुलु राम साहू, पार्षद माया यादव, पार्षद शीला ,महिला मोर्चा अध्यक्ष रुखमनी साहू , छाया पार्षद दुर्गेश साहू पार्षद विक्की चंद्राकर,संध्या साहू सुरभि साहू सुरुचि साहू ,शुभम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

उपसरपंच बनीं टिलोसरी सहिस, गांववासियों का जताया आभार

गरियाबंद/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय स्थित ग्राम पंचायत डोंगरीगांव की टिलोसरी सहिस ने उपसरपंच पद पर जीत हासिल कर अपनी लोकप्रियता साबित की है। शिक्षित, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर गांववासियों की पसंद बनीं।टिलोसरी सहिस ने जीत के बाद सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह गांव के विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उनका कहना है कि वे ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगी।गांववासियों ने भी उनके उपसरपंच बनने पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य और तेज गति से होंगे।

सदन के सबसे वरिष्ठ पार्षद के रूप में पांचवीं बार हफीज खान ने ली पार्षद पद की शपथ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज राजनांदगांव नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर व पार्षदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें गौरी नगर वार्ड क्रमांक 13 से पांचवीं बार निर्वाचित होने पश्चात आज पार्षद पद की शपथ ली इस बार के सभी निर्वाचित पार्षदों में वे सबसे वरिष्ठ भी हैं। खान पूर्व में भी नगर निगम के अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के रूप में सेवाएं प्रदान की हैं वे पूर्व में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे हैं इस बार चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उनको फिर से वार्ड जीतने की जिम्मेदारी दी जिसमें वे खरे उतरे व फिर एक बार वार्ड जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला है साथ ही उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ भी निगम को मिलेगा उक्त शपथग्रहण कार्यक्रम में हफीज खान के साथ पूर्व पार्षद समद खान, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, यादव समाज के युवा अध्यक्ष हरीश यादव, जाकिर खान, विजय यादव, यासीन शेख, बिलाल खान आदि उपस्थित थे ।

रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा पाठ करने के साथ मनाया महिला दिवस

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार को होने के कारण महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति प्रत्येक शनिवार को होने वाला रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ का उत्साह दोगुना हो गया। सभी केंद्रों में महिलाओं की उपस्थिति इसी वजह से अधिक रही। नियमित पाठ के साथ महिलाओं ने अपने- अपने केंद्र में महिला दिवस सेलीब्रेट किया और अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए एक- दूसरे को बधाई दी।महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि महिला दिवस शनिवार को होने के कारण मैंने अपने निवास पर शंकर नगर, अवंती विहार और रोहिणीपुरम केंद्र की महिलाओं को आमंत्रित किया। बड़ी संख्या में तीनों केंद्र से महिलाएं आईं और सभी ने मिलकर पहले रामरक्षा स्तोत्र और रामायण के सुंदरकांड का पाठ किया। इसके उपरांत महिलाओं ने सभी को महिला दिवस की बधाई दी और कुछ रोचक गेम्स खेले गए।मंडल की आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं नियमित रुप से 62वें सप्ताह पूरे उत्साह के साथ बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं और सभी ने मिलकर रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान प्रणिता नलगुंडवार, अंजली नलगुंडवार, हेमा पराडकर, रानिका भोसले, आस्था काले, प्रदीप घाटगे, बाबू बालानी, भीखमचंद अग्रवाल, छोटू भोसले प्रमुख रूप से शामिल हुए। वहीं टाटीबंध महिला केंद्र द्वारा भी नियमित पाठ किया गया। इसमें मनीषा मार्जिवे, लीना साठे, अंजलि देवडे, सारिका पोराटे और श्रद्धा लोनारे प्रमुख रूप से शामिल हुईं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

सम्मान और कानूनी ज्ञान देकर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के परियोजना लेंन्धरा में परियोजना अधिकारी सरोजनी मसीह गुलजार के द्वारा महिला जागृति शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच लखपति भोय एवं उनकी धर्मपत्नी शअनुपमा भोय एवं पंचो की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें किशोरी बालिकाओं के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजरो को उत्कृष्ट कार्य के लिए एवं उत्कृष्ट महिलाओं को मोमेंटो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता हेमलता प्रधान के द्वारा ऑडियो चित्र के प्रदर्शन के साथ महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं बाल विवाह प्रतिषेध की जानकारी दी गई।

इसी प्रकार परियोजना बरमकेला –में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सत्यभामा नायक नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों की गरिमामयी उपस्थिति में सुचारू रूप से कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाया जाता है। इसमें महिलाओं की भूमिका क्या है। साथ ही विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। शिविर में खेल का आयोजन किया गया जिसमें कुर्सी दौड़, फुगड़ी और मटका दौड़ में भी महिलाओं ने बड़े शौक से भाग लिया और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।एक वर्ष के बच्चों की स्वस्थ प्रतियोगिता कराई गई जिसमें योगिता सेठ की बेटी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एकल विद्यालय महिला आचार्यों का सम्मान

नगरी । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकल विद्यालय महिला समिति की अध्यक्ष दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने एकल विद्यालय के महिला आचार्यों का तिलक - वंदन व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में नगरी संच और गंगरेल संच के लगभग 35 आचार्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने उपस्थित महिला आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला शिक्षकों की भूमिका समाज को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आपका योगदान सराहनीय है।÷कर्णेश्वर परिसर में आयोजित समारोह में एकल विद्यालय परिवार के पदाधिकारीगण व सदस्य भी उपस्थित रहे।

कब्जाधारियों पर प्रशासन सख्त, खाली कराने की प्रक्रिया होगी तेज

एमसीबी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार झगराखण्ड स्ध्ब्ष्टरु सबएरिया में अवैध रूप से रह रहे परिवारों को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। स्ध्ब्ष्टरुप्रबंधन द्वारा लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिसके तहत अवैध कब्जाधारियों को अपने मकान खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा जारी नोटिस के बाद जिला प्रशासन, स्ध्ब्ष्टरु प्रबंधन और नगर पंचायत संयुक्त रूप से कार्यवाही करेंगे। कार्यालयीन अवधि में अवैध मकानों को खाली कराकर वैध आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई प्रशासनिक आदेशों के तहत हो रही है और इसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा नियमों को जनसामान्य में संदेश देने के लिए महिला पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन रैली निकाली। दो पहिया वाहन रैली अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण (अजाक) थाना से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौक, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक, आम्बेडकर चौक से नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए वापस अजाक थाना पहुचकर समापन किया गया। महिला पुलिस कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा नियमों से लिखें तखती हाथों में लेकर जनसामान्य को संदेश दिया। रैली में दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहने पीछे बैठे सवारी को भी हेलमेट पहनायें, बिना लायसेंस के वाहन न चलाए, दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार हेतु मदद करें, सड़क में अपने बाये ओर चले रोड के बीचो बीच न चले, नशे की हालत में कोई भी वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाईल का कतई उपयोग न करें, नबालिग बच्चें को वाहन चलाने न दे, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा मूलमंत्र को अपनाये, सदैव यातायात नियमों का पालन करें, माल वाहक में सवारी न करें और दुर्घटना से बचे जैसे सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर भावेश बैद, राजेश श्यामकर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम से मिले जनपद के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष हृदय साहू

नगरी। धमतरी जिला के जनपद पंचायत नगरी के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष हृदय साहू ने रायपुर आकर छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव के निवास मे सौजन्य भेंट मुलाकात कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आर्शीवाद लिए ।और कहा कि नगरी सिहावा आदिवासी वनांचल क्षेत्र है जो विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है जहा बिजली पानी सड़क स्वास्थ जैसे मूलभूत सुविधा आज भी उपलब्ध सही तरीके से हो रही है। जिसे इन समस्याओं का निदान अति आवश्यक है। नव निर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात में हृदय साहू के साथ साहू साथ जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष कंवल राम साहू धमतरी ग्रामीण उपाध्यक्ष विजय साहू अंकेक्षक अनराज साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष टिकेश साहू ललित चौधरी चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मितेश साहू उपस्थित रहे

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय में 120 प्रकरणों का निपटारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा जी के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में दिनांक 08 मार्च 2025, दिन शनिवार को ÷नेशनल लोक अदालत÷ का आयोजन किया गया, खण्डपीठ कमांक-01 तजेश्वरी देवी देवांगन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद के न्यायालय में कुल 51 लंबित एवं 2061 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 17 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए 1,17,45,000/- (अक्षरी एक करोड़ सत्रह लाख पैतालीस हजार) रूपये का एवार्ड पारित किया गया वही 103 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 9,45,279/- (अक्षरी नौ लाख पैतालिस हजार दो सौ उन्यासी) रूपये का एवार्ड पारित किया गया, इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 120 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 1,26,90,279/-

(अक्षरी एक करोड़ छब्बीस लाख नब्बे हजार दो सौ उन्यासी) रूपये का एवार्ड पारित कर नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। साथ ही तजेश्वरी देवी देवांगन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद द्वारा नेशनल लोक अदालत आयोजन में उपस्थित अन्य पक्षकारों को जिनक प्रकरणों का निपटारा उभयपक्षों की अनुपस्थिति में नही हो सका उन्हें भी राजीनामा के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रिज्म संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

उतई। प्रिज्म संस्थान में, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजित प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन और आई क्यू ए सी सेल के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर प्रिज्म संस्था की सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की महिला शिक्षिका और दीदी, आंगनबाड़ी केंद्र की महिला कार्यकर्ता, और इंदु की सभी दीदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में रजनी विजय बघेल, भिलाई शहर की जानीमानी डायटिशियन डॉ. पूनम रतनानी,सामाजिक कार्यकर्ता महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यरत डॉ सोनाली चक्रवर्ती,और भिलाई स्टील प्लांट की जनरल मैनेजर श्रीमती पारामीता मोहंती मैडम उपस्थित थी द्य कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात सम्माननीय

अतिथियों का स्वागत प्लांट पॉट और छत्तीसगढ़ की कलाकृतियां मटपरी आर्ट टोकन ऑफलव के रूप में भेंट कर किया गया। साथ ही बी एड, फार्मेसी, और पीजीडीएम सभी विभाग के प्रिंसिपल का स्वागत भी प्लांट पॉट के साथ किया गया द्य पुनः बीएड के विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रिज्म संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू मैडम ने टॉक शो का आरंभ किया तथा उपस्थित सभी अतिथि गणों को संबोधित करते हुए बताया कि आज महिलाएं अपनी पहचान स्वयं बना रही हैं, पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिला कर, ना केवल वो आर्थिक सहायता दे रही हैं, अपितु बैंक, हॉस्पिटल,स्कूल जैसे सभी कामों में सहयोग कर रही हैं। एक प्रश्न का जवाब देते हुए डॉ सोनाली मैडम ने बताया कि कैसे पुराने समय में महिलाएं हर परिस्थिति से समझौता करते हुए चलती थी और आज के समय में वह किस तरह हर परिस्थिति को संभालते हुए आगे बढ़ रही है, साथ ही उनके द्वारा संचालित स्वयंसिद्ध कार्यक्रम के तहत जागृति मिशन की जानकारी दी।

पुनः ख्याति मैडम के एक सवाल पर श्रीमती रजनी विजय बघेल मैडम ने बताया कि आज की महिला को स्वयं में शसक्त होना होगा , जिससे निर्भया जैसे अपराध फिर ना हो द्य तत्पश्चात डॉ. पूनम रतनानी मैडम ने बताया कि आज महिलाएं जहां है वो उन्हीं के कारण है। यदि महिला समाज, परिवार या किसी से भी 100 प्रतिशत की उम्मीद रखतीं है तो उन्हें भी अपना 100 प्रतिशत योगदान देना होगा। पारमीता मोहंती मैडम ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि समानता लाने हेतु महिला की तरह पुरुषों को भी घर के काम में हाथ बटाना चाहिए। गर्विता के द्वारा मनमोहक गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी गई। पुनः ख्याति मैडम ने प्रिज्म की दीदी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वेद दीदी को बेस्ट वर्कर का पुरस्कार दिया। प्राचार्य डॉ अंजना मैडम ने वोट ऑफ थैंक्स के द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए , सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सोनाली मैडम, के स्वयंसिद्ध कार्यक्रम में तहत जागृति मिशन से बी एड विद्यार्थियों को भी जोड़ने की बात कही, जो उनके इंटर्नशिप का एक पार्ट होगा।

धनराज बने तीसरी बार उपसरपंच

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चिखली में शनिवार को उपसरपंच पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें एक बार फिर युवा चेहरा रहे धनराज विश्वकर्मा विजयी घोषित किए गए। इस चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हराया और तीसरी बार उपसरपंच के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। धनराज विश्वकर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान गांव के कई विकास कार्यों को गति दी है, जिसके कारण उन्हें गांववासियों का भरपूर समर्थन मिला।

■ न्यूज गैलरी

सोमनी थाना परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

टेड़ेसरा/नवप्रदेश। क्षेत्र के सोमनी थाना परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर थाना प्रभारी सोमनी सत्यनारायण देवांगन के द्वारा महिला आरक्षको का सम्मान किया गया । जिसमें महिलाओं को श्रीफल एवं गिफ्ट व पुष्प भेंट करते हुए । तिलक लगाकर सम्मान पूर्वक महिला दिवस को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ पूरे सोमनी थाना के स्टाफगण उपस्थित होकर महिलाओं का सम्मान किया गया। साथ में एकजुट होकर कार्य करने एवं एक दूसरे को समझने के लिए भी प्रेरित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने सभी स्टाफगनों को इस महिला दिवस के शुभ अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीया गया।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन नयापारा सांकरा

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज क्षेत्र-सिहावा वार्षिक अधिवेशन नयापारा सांकरा मे सिहावा राज का वार्षिक अधिवेशन दिन शनिवार को और दिन रविवार तक दो दिवसीय आमसभा ग्राम-नायापारा साकरा में आयोजित किया गया है।जिसमे अध्यक्ष संतोष यादव खमरिया उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव गढ़ियापारा सहसचिव भूपेंद्र कुमार यादव कोषाध्यक्ष गौतम यादव सांकरा संरक्षक भुनेश्वर यादव बिरगुड़ी सलाहकार हरीश यादव भोला यादव जीवन यादव शिव कुमार यादव समस्त झरिया यादव समाज नगरी सिहावा के द्वारा विधायक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया साथ वही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे।

जिला न्यायालय बेमेतरा में वर्ष 2025 का प्रथम नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

बेमेतरा। जिला न्यायालय बेमेतरा में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्जवलन कर लोक अदालत का शुभारंभ कर कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामाएं दी गई। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुये, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वेन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क लगाई गयी। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में 6 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ इस प्रकार जिला में कुल 7 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है।

2 करोड़ 38 लाख 34 हजार रूपये अवार्ड राशि का हुआ वितरण-जिले में 9092 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था जिसमें से राजस्व प्रकरण, विद्युत विवाद बैंक प्रकरण व बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर कुल 3732746 /- रूपये की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 92 अपराधिक प्रकरण, 12 सिविल प्रकरण, 91 पारिवारिक प्रकरण, 20 मोटर दुर्घटना दावा व अन्य प्रकरण का निराकरण कर कुल 20101340 /- रूपये का अवार्ड पारित कर जिलें में रिकॉर्ड अनुसार 2,38,34,086 /- रूपये मामलों का निराकरण किया गया, जहां आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत व बैंक विवाद और अन्य प्रकरणों में कुल 10,00,000/- लाख रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई ।

रायपुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में धूं-धूं कर जली कार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के रेलवे स्टेशन में एक कार में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पार्किंग में खड़ी स्कॉर्पियो कार आग की चपेट में आने से पूरी तरह खाक हो गई। आनन-फानन में आसपास खड़ी दूसरी गाड़ियों को हटाया गया. सूचना पर पुलिस बल और आरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. घटना गंज थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर के रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी स्कॉर्पियो में आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते

आग ने कार को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया और लगातार ब्लास्ट होना शुरू हो गया। हालांकि घटना में कोई जनहानी नहीं हुई है। फिलहाल आग लगी है या लगाई गई है यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

महिला कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

कवर्धा/नवप्रदेश। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जिला कबीरधाम में मनाया गया। इस अवसर पर नारी सम्मान का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल श्रीफल के माध्यम से सम्मानित किया गया। आज महिलाएं निश्चित तौर पर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी सशक्त भूमिका निभा रही हैं मां के रूप में निस्वार्थ भाव से बच्चे का पालन पोषण करती हैं,गृहणी के रूप में घर संभालने का काम करती हैं, किसान के रूप में खेतों में मेहनत करती हैं इसके साथ विभिन्न क्षेत्रों में डॉक्टर, शिक्षक, वकील, पुलिस,साइंटिस्ट जनप्रतिनिधि आदि भूमिका निभाते हुए समाज को मज़बूत बनाने का काम कर रही हैं महिला कांग्रेस द्वारा उन सभी महिलाओं को सम्मान समर्पित की गई ।

उक्त अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, जनपद सदस्य तारिणी पाण्डेय, पूर्णिमा वर्मा, सीता पार्षद, नीरू अनंत सरपंच , पत्रकार अंजली चंद्रवंशी, हेमलता नामदेव, अंकिता शर्मा, मेघा यादव व पुष्पा गुप्ता पूर्व नगर पालिका, प्रमिला बर्वे, लक्ष्मी माला,मंजुलता श्रीवास्तव पार्वती सोनी, हेमकुमारी कोसले आदि महिलाओं का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। सीमा अनंत ने उपस्थित महिला बहनों को आह्वान करते हुए कहा कि जब तक महिलाए आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक शिक्षा के क्षेत्र और सशक्त नहीं होगी तब तक मजबूत और विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती आज भी हमें ग्रामीण व दुरस्त वनांचल क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को मुख्य धारा में जोड़ने की जरूरत है।

डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हम सब मिलकर शहर को विकसित करने का संकल्प लें और शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में अपना योगदान दें : विधानसभा अध्यक्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर एवं 51 वार्डों के पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर समारोह में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई।

समारोह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 19 महिला पार्षदों को पहले शपथ दिलाई। इसके पश्चात अन्य 32 वार्डों के पार्षदों को शपथ दिलाई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि जिनका चयन जनता ने नगरीय निकाय के लिए किया है, आज जनता की पसंद, सहयोग, समर्थन एवं आशीर्वाद से 51 पार्षद आज यहां

निर्वाचित होकर शपथ लिए हैं। उनमें कार्य करने के लिए एक जोश और जज्बा है, जो आगामी पांच वर्षों में शहर के एक-एक गली-मोहल्ले में बिजली, पानी, साफ-सफाई, अन्य सुविधाएं तथा अपने वार्डों को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करेंगे। महापौर एवं सभी पार्षदों के नेतृत्व में राजनांदगांव स्वच्छ शहर बनेगा। महापौर मधुसूदन यादव को सभी का सहयोग एवं आर्शीवाद मिला है। उन्होंने सभी 51 वार्ड के पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन में राजनीति में प्रवेश करने के लिए पार्षद पहली सीढ़ी है। पार्षद के पद से आप सभी मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री तक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सफर का प्रारंभ पार्षद पद से किया है। उन्होंने कहा कि पार्षद पद का एक बड़ा दायित्व है और नगरीय निकायों के विकास एवं स्वच्छता की जिम्मेदारी आप सभी पर है तथा एक नये जीवन की शुरूआत है। हम सब मिलकर शहर को विकसित करने का संकल्प ले और शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में अपना योगदान दें।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने हमें चुना है, हम उस पर खरे उतरेंगे। जब हम सभी का कार्यकाल समाप्ति की ओर होंगे तब आप एक बदला हुआ राजनांदगांव शहर देखेंगे। जनता की हमसे जो अपेक्षाएं एवं विश्वास है, उसे हम जिम्मेदारी और सक्रियता से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से शहर तथा नगरीय निकायों के विकास के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय एवं सभी के सहयोग से बेहतर राजनांदगांव की परिकल्पना को आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, सांसद महासमुंद रूपकुमार चौधरी, विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, पूर्व विधायकविनोद खाण्डेकर, रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, भरत वर्मा, विक्रांत सिंह, संतोष अग्रवाल, दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, श्री भावेश बैद, सुरेश एच लाल, राधेश्याम गुप्ता, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नरेश डाकलिया, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, नगर पालिक निगम राजनांदगांव के सभी 51 वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

जिपं अध्यक्ष चुनाव : झूठे दावे करना कांग्रेस की पुरानी आदत-साव

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस के जीत के दावों पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि झूठे दावे करना कांग्रेस की आदत है। विधानसभा, लोकसभा, नगरी निकाय और जनपद में भी झूठे दावे किए। जन सरोकारों से कांग्रेस ने अपना नाता तोड़ दिया है. इसलिए कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा हुई है।

आवंटन के बाद उद्योग नहीं लगाने वालों की जमीन वापस ली जाएगी : औद्योगिक क्षेत्र में जमीन आबंटन के बाद उद्योग नहीं लगाने वालों पर रिकवरी की कार्रवाई पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि औद्योगिक उपयोग के लिए जमीन आबंटन का एक नियम है. इसके लिए समय निर्धारित होता है। उसे जमीन पर उद्योग आरंभ नहीं होने पर वह जमीन वापस ली जाती है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जो काम नहीं कर रहे हैं,

उनसे आबंटित जमीन वापस ली जाएगी, क्योंकि दूसरे लोग भी इंतजार में रहते हैं। सरकार उस पर कार्यवाही करेगी।

दीपक बैज के दिल्ली दौरे पर तंज : उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के दिल्ली दौरे और कांग्रेस के संगठन बदलाव को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दशा और दिशा सब बुरी है। कुछ भी कर ले कुछ नहीं होने वाला जनता दूर हो चुकी है। कहा कांग्रेस ने जनहित को कभी अपना मुद्दा नहीं बनाया. केवल एक ही परिवार की चाकरी करते हैं। इसलिए जनता दूर जा चुकी है,कांग्रेस कुछ भी कर ले लाभ नहीं होने वाला।

अस्पताल कर्मियों का सम्मान

साजा/बेमेतरा । पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के दिशा-निर्देशन पर महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के बारे में उन्हे जागरूक करने के उद्देश्य से बेमेतरा में ÷अभिव्यक्ति÷ योजनान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ÷अभिव्यक्ति÷ नारी के सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकारो के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया गया हैं। जिसके तहत बेमेतरा 08 मार्च 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डीएल सोना एवं स्टाफ द्वारा नगर पंचायत परपोडी की सफाई कर्मी महिलाओं एवं शासकीय अस्पताल परपोडी की महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके संस्था में जाकर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति नारी के सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकारो के बारे में जानकारी देकर केक खिलकर उनका का सम्मान किया गया।

प्रथम अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में पंकज साहू का चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रथम अंडर 23 नेशनल बास्केट बॉल चैंपियनशिप गुवाहाटी (असम) में 18 मार्च से 24 मार्च 2025 तक आयोजित होने जा रहे प्रथम अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शहर के बास्केट बॉल खिलाड़ी पंकज साहू का चयन हुआ है । जिला बलौदाबाजार-भाटापारा बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष राजकुमार मल ने बताया कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला बनने के बाद और पहली बार हो रहे अंडर 23 बास्केटबॉल नेशनल प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ी का चयन हुआ है ।

विदित हो कि गत दिवस भिलाई में आयोजित चयन ट्रायल प्रतियोगिता में पंकज ने जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से भाग लिया था चयन ट्रायल पश्चात 5 मार्च 2025 से 13 मार्च 2025 तक रायगढ़ में प्री नेशनल कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केट बॉल संघ और जिला बास्केट बॉल संघ रायगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ की टीम के लिए कोचिंग कैंप लगाया गया है । विदित हो कि इस वर्ष पहली बार बलौदाबाजार - भाटापारा जिला बॉस्केट बॉल के माध्यम से जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए लगातार चयनित हो रहे है और छत्तीसगढ़ टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में 74 वीं सीनियर नेशनल बास्केट बॉल चैंपियनशिप जो कि गुजरात के भावनगर में 5 जनवरी 2025 से 12 जनवरी 2025 तक आयोजित हुई।

जिसमें शहर के खिलाड़ी सिद्धांत जाधव का चयन हुआ था । यूथ नेशनल बास्केट बॉल चैंपियनशिप में 29 नवम्बर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के लिए शहर के युवा खिलाड़ी मेराज खान का चयन हुआ था ।इस तरह जिला बास्केट बॉल संघ के निर्देशन में जिले के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केट बॉल की टीम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।

पटेल समाज ने नगर पंचायत अध्यक्ष छाबड़ा को दी बधाई

नगरी/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा का कोसरिया पटेल समाज नगरी सिहावा राज के पदाधिकारी समाज अध्यक्ष वामदेव पटेल विजय पटेल मदन सिंह पटेल अशोक पटेल ने नगरी नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा वार्ड, क्रमांक 13 के नवनिर्वाचित पार्षद असकरण पटेल वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल वार्ड क्रमांक 1के पार्षद राजा पावार वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद देव चरन ध्रुव का पुष्पगुछ देकर सम्मान किया । इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने पटेल समाज के पदाधिकारी का ऐतिहासिक जीत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया पटेल समाज के पदाधिकारी ने नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्ष से समाज के भवन के संधारण कार्य हेतु अध्यक्ष निधि से राशि देने की मांग की जिस पर अध्यक्ष ने स्वीकृति प्रदान करते हुए आगामी दिनों में सामुदायिक भवन संधारण के लिए राशि देने का आश्वासन दिया जिस पर समाज के पदाधिकारीयो ने अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

राजधानी में रन फॉर मान का हुआ आयोजन

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए 1000 छात्रों ने लगाई दौड़

रायपुर/नवप्रदेश। यंग इंडियंस रायपुर द्वारा 'रन फॉर मान' का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस विशेष आयोजन में लगभग 1000 छात्र, जिनमें 50 विशेष रूप से सक्षम छात्र भी शामिल थे। उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुश-अप चैलेंज, जुम्बा सेशन और चेयरपर्सन गौरव अग्रवाल के उद्घाटन संबोधन के साथ हुई। मुख्य आकर्षण रहा यंग इंडियंस के सदस्यों द्वारा रन फ्लैग-ऑफ, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए दौड़ पूरी की.

दौड़ के समापन के बाद, मुख्य अतिथि रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह का स्वागत किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत की जरूरत को उजागर करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिया। इसके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मोमेंटो वितरित किए गए और अंत में को चेयरपर्सन पंकज सोमानी द्वारा धन्यवाद भाषण दिया गया, जिसमें सभी सहयोगियों के योगदान को सराहा गया.

इस पहल ने छात्रों, शिक्षकों और समुदाय को एक मंच पर लाकर जागरूकता, समावेशिता और मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। यंग इंडियंस (ङ्घ्र्) रायपुर भविष्य में भी ऐसे प्रभावशाली आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

3 महीनों से वेतन नहीं मिला, अब नौकरी से निकालने का आदेश मिला

उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर छंटनी रोकने निवेदन किया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के जनपद पंचायत नगरी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के द्वारा 3 महीना से लंबी वेतन को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपीचौधरी इन्होंने हमको भरोसा दिलाया था कि किसी भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा, किसी भी प्रकार की छंटनी नहीं होगी, नियमितीकरण का लाभ दिया जाएगा चुनाव में ढिंढोरा पीट-पीट कर वादा किया गया और जिन मनरेगा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के बदौलत जनपद पंचायत, जिला पंचायत में दिन रात काम चलता है साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का कार्य लिया जाता है। त्रिस्तरीय पंचायत, विधानसभा, लोकसभा सभी प्रकार के चुनाव में कार्य लिया जाता है, फिर भी ना ईपीएफ और ना ही श्रम सम्मान राशि 4000 का लाभ दिया है, सुशासन के राज में कुशासन हो रहा है, 800 परिवारों को सड़क पर खड़ा कर दिया गया है नेता हो या अधिकारी सब गोल माल जवाब देते हैं जिम्मेदार कौन है, कहां गई मोदी की गारन्टी क्या हुआ तेरा वादा वो कसम वो इरादा पूछता है।

विहिप का आरोप, गौशाला में भूख से हुई 19 गायों की मौत

केयरटेकर को 2 महीने से नहीं मिली सैलरी तो नहीं खिलाया चारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कोपरा गौशाला में 19 गायों की मौत हो गई। मृत गायों को पैरी नदी के किनारे एक-एक करके फेंका जा रहा था. बदबू फैलने के बाद प्रशासन तक इसकी शिकायत पहुंची. राजिम एसडीएम विशाल महाराणा टीम के साथ जांच करने पहुंचे. टीम ने पाया कि मौजूद 150 गायें भी चारे के अभाव में भूखी हैं. अफसरों ने संचालक मनोज साहू को फटकार लगाया है, साथ ही गौशाला के निरीक्षण के जिम्मेदार पशु चिकित्सक को नोटिस थमाया जा रहा है. जांच में यह भी पाया गया कि चरवाहे और केयरटेकर को दो माह से वेतन नहीं दिया गया है, जिसके चलते गौवंश की देखभाल नहीं हुई. मामले के बाद अब जिला प्रशासन ने गौशाला संचालन की जवाबदारी दूसरी संस्था को देने की तैयारी कर ली है। वीएचपी का आरोप है कि गायों की मौत उन्हें चारा न मिलने से हुई है।

ऐसे हकीकत आई सामने

पिछले दो महीने से बिना चारा-पानी के तड़प रही गायों की हकीकत तब सामने आई, जब विहिप कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर गायों की लाश फेंके जाने की घटना को संज्ञान में लिया और इसकी तहकीकात करते हुए गौवंशों से साथ हो रही दुराचार को उजागर किया. घटना को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया, जिसके बाद देर रात मौके पर पहुंचे प्रशासन ने जब गौशाला का निरीक्षण किया, तो 19 गायें मर चुकी थीं, जबकि 150 मवेशी भूख से कमजोर होकर जमीन पर पड़े थे। जैसे ही चारा डाला गया, गायें टूट पड़ीं, कुछ तो खड़े होने लायक भी नहीं थीं। मंजर देखकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों के रोंगटे खड़े हो गए।

संचालक की लापरवाही से हुई गायों की मौत : जांच में पता चला कि चरवाहों को दो महीने से वेतन नहीं मिला, इसलिए वे काम छोड़कर चले गए। गौशाला का संचालन करने वाली संस्था की लापरवाही उजागर होने पर संचालक मनोज साहू को तलब किया गया है और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

एक माह के भीतर 45 से ज्यादा गौवंश की हुई मृत्यु : विहिप : मोहित साहू जिला संयोजक बजरंग दल, डिगेश्वर वर्मा विभाग मंत्री विहिप ने कहा कि गौशाल में पर्याप्त चारे की व्यवस्था नहीं थी. एक माह के भीतर 45 से ज्यादा गौवंश की मृत्यु हुई है. लापरवाही ऐसी की मृत के बाद विधिवत अंतिम संस्कार भी नहीं किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कैट ने किया महिलाओं का सम्मान

कोई भी घर-परिवार, बहन-बेटियों के बिना अधूरा: पंजवानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा महिला दिवस के अवसर पर नारी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जोनल एसपी दीपमाला कश्यप ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा, सचिव हीरानंद जयसिंह, श्रीकांत पाण्डेय, आशीष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे। एसपी श्रीमती कश्यप ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि महिलाओं का जीवन हर समय बदलता है। उस बदलाव के साथ उन्हें आगे बढ़ना रहता है। जगह-जगह उनके लिए चुनौतियां खड़ी रहती है। पारिवारिक, बच्चे, मायके, ससुराल सभी जिम्मेदारियों को आपसी तालमेल से संभालकर महिलाएं अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करती हैं। इस संघर्ष को एक महिला ही समझ सकती है। पुलिस विभाग में नौकरी करते हुए सभी दायित्वों को संभालना, एक साथ लेकर चलना चुनौतीपूर्ण तो होता ही है, लेकिन एक महिला इस चुनौती को स्वीकार कर आगे बढ़ती है। कैट के अध्यक्ष श्री पंजवानी ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कोई भी घर, परिवार बिना बहन, बेटियों के अधूरा है। हर रिश्ते को पूरा करने के लिए स्त्री की आवश्यकता होती है। एक स्त्री मां, बहन, बेटी, पत्नी के रुप में परिवार को जोड़कर चलती है। घर का पुरुष निश्चिंत होकर घर की जिम्मेदारियों के लिए जब कमाने जाता है तो उसे पता है घर की महिला घर की बागडोर को अच्छे से संभाल लेगी। तभी वह पुरुष अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय मित्तल, हरदीप सिंह होरा, प्रमोद वर्मा, सुरेंद्र आजमानी, परमजीत उबेजा का विशेष सहयोग रहा।

महिला सशक्तीकरण के लिए संस्था प्रयासरत

कार्यक्रम के दौरान कैट अध्यक्ष श्री पंजवानी ने बताया कि संस्था द्वारा महापौर पूजा विधानी से शहर के मुख्य चौक-चौराहों सहित बाजार में पिंक टॉयलेट का निर्माण, शहर के प्रमुख स्थानों में बढ़ती गर्मी को देखते हुए शुद्ध ठंडा पेयजल के लिए प्याऊ घर उपलब्ध उसके साथ ही व्यावसायिक काम्प्लेक्स के दुकानों पर यूजर चार्ज का भार अतिरिक्त कर के रुप में लगाया गया है। कई दुकानों में यूजर चार्ज संपत्ति कर से भी ज्यादा लिया जा रहा है। इसे समाप्त करने के लिए महापौर को ज्ञापन दिया गया है। इसके साथ ही श्री पंजवानी ने बताया कि हमारी संस्था हर प्रगतिशील महिला को गति देने के लिए प्रयासरत है। महिला सशक्तिकरण की सिर्फ बात ही नहीं करते इसे जमीनी स्तर पर लाने के लिए जो भी प्रयास किए जा सकते हैं संस्था व प्रयास करती है।

योजनाओं का लाभ महिलाओं को बनाएगा सशक्त

खाद्य एवं औषधि निरीक्षक सोनम जैन ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह दिन केवल जश्न मनाने का नहीं है, बल्कि इस दिन महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विचार करने का भी दिन है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। चाहे व्यापार हो या नौकरी या राजनीति, महिलाओं की सक्रियता हर क्षेत्र में देखी जा रही है। शासन द्वारा भी महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। निश्चित ही महिलाएं इन योजनाओं का लाभ लेकर और भी सशक्त होंगी।

न्यूज गैलरी

नवागांव का विकास पहली प्राथमिकता: दुर्गा

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत नवागांव में उपसरपंच के लिए दुर्गा विश्वकर्मा एवं राजू प्रसाद साहू ने उम्मीदवारी की। जिसमे दुर्गा विश्वकर्मा को 10 वोट व राजू को 8 वोट मिले। इस प्रकार दुर्गा विश्वकर्मा ग्राम नवागांव की उपसरपंच निर्वाचित हुई। निर्वाचित होने के बाद उपसरपंच दुर्गा विश्वकर्मा ने कहा कि सबको एकजुटता के साथ लेकर जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने पूरी मेहनत करूंगी और नवागांव के विकास को प्राथमिकता दूंगी। इनके निर्वाचित होने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सीपत दीपक शर्मा, सरपंच भागवत प्रसाद गोड़, अशोक विश्वकर्मा, पुष्कर शर्मा, बसंत खरे विदेशी खरे, मुकेश यादव, कन्हैया रजक, नकुल रजक, तिरुपति पाटनवार सहित ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

क्षेत्र में बढ़ा जंगली जानवरों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

किसान पर हमले के बाद अब बाघ ने गाय को बनाया शिकार

***तखतपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश।** तखतपुर क्षेत्र में बाघ का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। बीते कुछ दिनों में कई स्थानों पर बाघ की आमद देखी गई है, और अब वह न केवल इंसानों बल्कि मवेशियों को भी अपना शिकार बना रहा है। हाल ही में एक किसान पर हमले के बाद अब बाघ ने एक गाय को अपना निशाना बनाया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। बाघ की लगातार मौजूदगी से ग्रामीण दहशत में हैं।*

तखतपुर क्षेत्र के कुआं, पेंड्री खार, कठमुड़ा, टिकरी और गढ़ाघाट इलाकों में बाघ के पदचिह्न मिलने की पुष्टि हुई है। इससे साफ है कि यह बाघ लगातार इन क्षेत्रों में घूम रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात होते ही बाघ की दहाड़ सुनाई देने लगती है, जिससे लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। खेतों में काम करने वाले किसान भी डर के कारण खेतों में जाने से बच रहे हैं, जिससे उनकी खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। बाघ की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। वन विभाग के कर्मचारी उसकी मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन अब तक बाघ को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे बाघ का आतंक कम हो सके। वन विभाग के अधिकारी का कहना है कि वे बाघ पर नजर रख रहे हैं और जल्द ही उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही, ग्रामीणों को सतर्क रहने और रात के समय बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। गाय के शिकार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे तखतपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन और वन विभाग ने इस वीडियो की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले की जांच कर रहे हैं और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम

रात के समय खेतों और जंगल की ओर जाने से बचने की सलाह ग्रामीणों को दी गई है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गश्त बढ़ाई जा रही है। जल्द ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। ग्रामीणों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने के लिए कहा गया है।

हाथ की नस काटकर बीमार युवक ने की आत्महत्या

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर महामाया पारा निवासी 42 वर्षीय ज्ञानेंद्र शर्मा ने आत्महत्या कर ली है। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहते थे, सोमवार सुबह उनका शव घर में बिस्तर पर खून से लथपथ हालत में मिला है। जानकारी के अनुसार, मृतक ने बीती रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए था। जब वह सुबह देर तक बाहर नहीं आया तो परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा तो वह बिस्तर पर मृत पड़े थे। उनके बाएं हाथ की कलाई कटी हुई थी, जिससे खून बहकर पूरे बिस्तर और फर्स पर फैल गई थी। परिजनों ने तुरंत घटना की सूचना रतनपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक कई वर्षों से शारीरिक बीमारी से जूझ रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से भी परेशान था। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव के कारण उसने आत्महत्या कर ली होगी। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतक के परिवार सहित रतनपुर में शोक का माहौल है। परिजनों का कहना है कि ज्ञानेंद्र काफी समय से बीमारी के कारण परेशान था, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

महिला दिवस पर महिलाओं ने 167 यूनिट किया रक्तदान

■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेडक्रॉस में रक्तदान शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन प्रार्थना सभा भवन में किया गया। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी और कलेक्टर एवं रेडक्रॉस के अध्यक्ष अवनीश शरण, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार शामिल हुए। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 167 यूनिट रक्तदान किया। कलेक्टर अवनीश शरण ने भी इस अवसर पर रक्तदान किया। यह तीसरा अवसर है जब रेडक्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा रक्तदान किया गया है। महापौर पूजा विधानी ने शिविर में उपस्थित समस्त महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने रक्तदान महादान जैसे पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए एवं रक्तदान करने के लिए सभी को बधाई दी । रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। रक्तदान करने तथा रक्तदान हेतु प्रेरित करने वाले सभी आमजन को आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से धन्यवाद दिया।

रक्तदान कर महिलाओं ने सार्थकता सिद्ध की: कलेक्टर

कलेक्टर ने आज रक्तदान करने वाली महिलाओं के लिए कहा कि आज उन्होंने रक्तदान कर जाने- अनजाने में किसी जरूरतमंद की सबसे बड़ी सहायता कर आज के दिवस की सार्थकता को भी सिद्ध किया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित आज के रक्तदान शिविर में नर्सिंग कॉलेज की शिक्षक छात्र/छात्राओं एवं महिला पार्षदों के द्वारा वार्ड से आमंत्रित रक्तदाता तथा टीम मानवता के द्वारा आमंत्रित रक्तदाता आदि का शिविर को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग रहा। साथ ही रेडक्रास सोसायटी के राज्य प्रतिनिधि बृजेंद्र शुक्ला ने भी रक्तदान किया।

अनिता जनपद सदस्य निर्वाचित

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 से अनिता विजय गुप्ता दूसरी बार जनपद सदस्य निर्वाचित हुई है। अनिता गुप्ता पूर्व में जनपद क्षेत्र क्रमांक 4 से निर्वाचित हुई थी। उनके जनपद बनने पर श्री चकवै गुप्ता समाज गौरवांवित है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ववल भविष्य की कामना की है।

किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन, नए प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने अधिसूचना जारी कर किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन किया है। नए आदेश के तहत विभिन्न जिलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 4(1) एवं (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, राज्य सरकार ने इन नियुक्तियों को अधिसूचित किया है। नए नियुक्त प्रधान न्यायाधीशों की सूची- दुर्ग- भगवान दास पनिका, द्वितीय सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, बेमेतरा- मोहम्मद जहांगीर तिगाला, तृतीय सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, सूरजपुर- अजय लकरा, चतुर्थ एडिशनल जज, प्रथम सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, बिलासपुर- संजूलता देवांगन, तृतीय ए.जे., प्रथम सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, रायपुर- भारती कुलदीप, तृतीय ए.जे., प्रथम सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, कोरिया (बैकुण्ठपुर)- मनोज कुमार कुशवाहा, ए.जे., सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, मुंगेली- श्वेता ठाकुर, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, कवर्धा (कबीरधाम)- कु. पूजा मण्डावी, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, धमतरी - तनुश्री गवेल, सिविल जज (सीनियर डिविजन) कुरूद एवं जेएमएफसी, महासमुंद - कु. तान्या ब्रह्म, द्वितीय सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी।

वार्षिक स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष भर होने वाले विविध साहित्यिक, सांस्कृतिक, एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। साहित्यिक सांस्कृतिक समिति की संयोजक नीना बखारिया ने बताया कि केश सज्जा,पाककला,रंगोली, अल्पना, प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक गतिविधि में एकल नृत्य, युगल नृत्य, व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इनमें एकल नृत्य प्रतियोगिता में कुमारी लक्ष्मी पटेल बीए द्वितीय वर्ष, युगल नृत्य में लक्ष्मी व नरेंद्र, सामूहिक नृत्य में प्रियंका सारथी एवं उनके साथी जिसमें संगीता, मधु, श्रद्धा धीवर,अनीता,शामिल रही ने प्रथम स्थान भारत दर्शन नृत्य को लेकर प्राप्त किया। द्वितीय स्थान भवानी एवं ग्रुप ने प्राप्त किया। इस क्रम में पोस्ट ग्रेजुएशन व ग्रेजुएशन स्तर पर विगत वर्ष महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय की टीम में चयनित महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय केम्प में सहभागिता करने वाले स्वयं सेवको को जन भागीदारी मद से पुरस्कृत किया गया। खेल गतिविधि के अंतर्गत विकास सूर्यवंशी को तैराकी में,नेहा राष्ट्रीय कबड्डी (महिला खिलाड़ी), हितेश कुमार एवं राजेश कुमार (पुरुष कबड्डी), प्रियंका खो-खो (महिला) ओमप्रकाश एवं गरिमा ने विश्वविद्यालय के टीम में शामिल होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

सीपत में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

'कफन वाली' अम्मा कृष्णा बाई यादव का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाजसेवा की मिसाल पेश करने वाली कफन वाली अम्मा कृष्णा बाई यादव का 8 मार्च की शाम निधन हो गया। 85 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ। लंबे समय से बीमार चल रही कृष्णा बाई यादव का निधन उनके निवास स्थान पर हुआ, जिसके बाद शहरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। कृष्णा बाई यादव जिन्हें कफन वाली अम्मा के नाम से जाना जाता है, ने पिछले 40 वर्षों में समाज सेवा की एक अद्भुत मिसाल पेश की। उन्होंने सिम्स अस्पताल में आने वाली लावारिस लाशों के लिए कफन की व्यवस्था की और किसी भी लावारिस शव को बिना कफन के नहीं छोड़ा। यह कार्य उन्होंने बिना किसी स्वार्थ के समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और मानवता की भावना से किया। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कृष्णा बाई यादव ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित किया। वे हमेशा दूसरों के दुख-दर्द को महसूस करती थीं और बिना किसी प्रचार के दूसरों की मदद करती थीं।

पहल | **यह पहल महिला कर्मियों को एक प्रभावी और चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाएगी: मनोज यादव**

रेलवे महिला आरपीएफ कर्मियों को मिर्च स्प्रे कैन से लैस करने का निर्णय

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** महिला यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को मिर्च स्प्रे कैन से लैस करने का निर्णय लिया है। यह गैर-घातक लेकिन प्रभावी उपकरण महिला आरपीएफ कर्मियों को कठिन परिस्थितियों से निपटने में मदद करेगा, विशेष रूप से उन महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में, जो अकेले या बच्चों के साथ यात्रा कर रही हैं।*

यह अभिनव कदम भारतीय रेलवे की लैंगिक समावेशन, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मिर्च स्प्रे कैन उपलब्ध कराकर, महिला आरपीएफ कर्मियों को एक अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे खतरों को रोकने, उत्पीड़न की घटनाओं का तुरंत जवाब देने और संवेदनशील स्थानों जैसे कि दूरस्थ रेलवे स्टेशनों, चलती ट्रेनों और दूरस्थ रेलवे स्थानों में आपातकालीन स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभाल सकेंगी, जहाँ त्वरित सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती। इस पहल का समर्थन करते हुए, रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री के महिलाओं के सशक्तिकरण और सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। भारतीय रेलवे लगातार महिला यात्रियों की यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय कर रहा है। हमारी महिला आरपीएफ कर्मी शक्ति, देखभाल और धैर्य का प्रतीक हैं। मिर्च स्प्रे कैन से लैस करके, हम न केवल उनकी आत्मविश्वास और परिचालन क्षमता को बढ़ा रहे हैं।

आरपीएफ में महिलाओं की 9 फीसदी भागीदारी

वर्तमान में आरपीएफ में महिलाओं की भागीदारी 9 प्रतिशत है, जो कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे अधिक है। इनमें से कई महिलाएँ 'मेरी सहेली' टीमों का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। 250 से अधिक 'मेरी सहेली' टीमें प्रतिदिन लगभग 12,900 महिला यात्रियों से संपर्क कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। महिला आरपीएफ कर्मियों की भूमिका केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे संकट में फंसी महिला यात्रियों की मदद भी करती हैं। विशेष रूप से वे गर्भवती महिलाओं की सहायता करती हैं, जो यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा में आ जाती हैं।

न्यूज गैलरी

एफआईआई और ट्रंप की टैरिफ नीति से तय होगा बाजार का रुझान

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। खुदरा महंगाई, डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति, डॉलर के प्रति रुपये की चाल, एफआईआई, घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से शेयर बाजार की दिशा तय होगी। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी शानदार रहा था। लगातार तीन हफ्तों की गिरावट के बाद शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी करीब 2 प्रतिशत बढ़कर 22,552.50 और सेंसेक्स 1.55 प्रतिशत बढ़कर 74,332.58 पर बंद हुआ। 3 मार्च से 7 मार्च के कारोबारी सत्र में स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। इस दौरान निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2.66 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 5.47 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख, विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार ओवरसोल्ड स्तर से ऊपर आ गया है। अगर टैरिफ को लेकर अनिश्चितता कम होती है और इसके साथ ही कॉरपोरेट आय में सुधार होता है तो एक बड़ी रिकवरी देखने को मिल सकती है। बीते हफ्ते में सेक्टोरल इंडेक्स में मेटल, एनर्जी, मीडिया और पीएसई का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। निफ्टी मेटल ने 8.61 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया ने 7.36 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई ने 7.36 प्रतिशत और निफ्टी एनर्जी ने 5.90 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बिकवाली जारी रखी है। इस दौरान एफआईआई की ओर से बाजार से 15,501 करोड़ रुपये की निकासी की गई है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 20,950 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

मारुति सुजुकी की बिक्री तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश की बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,206.8 करोड़ रुपये था। अधिक बिक्री के कारण कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत बढ़कर 38,764.3 करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 33,512.8 करोड़ रुपये था।दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 35,163 करोड़ रुपये हो गया है।स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत बढ़कर 3,525 करोड़ रुपये हो गया।वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 4,470.3 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,907.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा मार्जिन 11.6 प्रतिशत पर करीब सपाट रहा है।कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसने 36,802 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक शुद्ध बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 31,860 करोड़ रुपये से अधिक है।मारुति सुजुकी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 5,66,213 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 5,01,207 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी ने तीसरी तिमाही में घरेलू बाजार में 4,66,993 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 4,29,422 वाहन बेचे थे। इस दौरान कंपनी ने 99,220 वाहनों का निर्यात भी किया, जो किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक निर्यात है।

14 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज : केंद्र सरकार

फरवरी में 220 करोड़ से ज्यादा आधार हुए ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के मुताबिक फरवरी में करीब 225 करोड़ आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन और 43 करोड़ ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन किए गए, जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार ने शुक्रवार को ये जानकारी साझा की।

ई-केवाईसी सर्विस बैंकिंग और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस दोनों में ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित अनुभव प्रदान करने में सहायक रही है। इस सर्विस ने अलग-अलग उद्योगों में ईज-ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने में भी योगदान दिया है।इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, फरवरी 2025 के अंत तक, आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन की कुल संख्या 14,555 करोड़ को पार कर गई थी, जबकि कुल ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन 2,311 करोड़ से अधिक हो गए थे।आधार का

इस्तेमाल कर फेस ऑथेंटिकेशन भी लोकप्रिय हो रहा है।

अकेले फरवरी में, 12.54 करोड़ आधार फेस ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन किए गए, जो अक्टूबर 2021 में इस सुविधा की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है।कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड, फोनपे, करूर वैश्य बैंक और जेएंडके बैंक के साथ आधार की फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के लिए कुल 97 संस्थाओं को शामिल किया गया है।इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा कि इसके लॉन्च के बाद से, आधार फेस ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन 115 करोड़ को पार कर गए हैं, जिनमें से लगभग 87 करोड़ अकेले चालू वित्त वर्ष में हुए हैं।यूआईडीएआई द्वारा इन-हाउस डेवलप्ड एआई/एमएल बेस्ड फेस ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन अब फाइनेंस, इंश्योरेंस, फिनटेक, हेल्थ और टेलिकॉम में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।केंद्रीय और राज्य सरकार के अलग-अलग विभाग भी टारगेटेड लाभार्थियों को लाभ की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए इस टेक्नोलॉजी का लाभ उठा रहे हैं।मंत्रालय ने कहा कि बैंकिंग, फाइनेंस और दूसरे क्षेत्रों में इसके बढ़ते उपयोग के साथ, आधार भारत के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।इस बीच, जनवरी में भारत में आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन 284 करोड़ को पार कर गया, जो रोजाना की जिंदगी में डिजिटल आइडेंटिटी वेरिफिकेशन की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल इसी महीने की तुलना में यह 32 प्रतिशत की वृद्धि थी, जब 214.8 करोड़ ट्रांजैक्शन दर्ज किए गए थे।

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन को कतर एयरवेज के बाद मिला दूसरा स्थान

इंडिगो' सीट कैपेसिटी मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन

नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइंस सीट कैपेसिटी के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बन गई है। यह 2024 में सालाना आधार पर 134.9 मिलियन सीटों से 10.1 प्रतिशत बढ़कर 134.9 मिलियन से अधिक हो गई है। आधिकारिक एयरलाइन गाइड (ओएजी) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन को कतर एयरवेज के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में सीट कैपेसिटी में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

इंडिगो को 2024 में फ्लाइट फ्रिक्वेंसी ग्रोथ के मामले में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन के रूप में स्थान दिया गया है, जो सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि एयरलाइन ने इस साल 749,156 फ्लाइट फ्रिक्वेंसी दर्ज की। ओएजी ने यह भी दर्ज किया है

कि इंडिगो के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान ऑर्डर में से एक है, जिसमें 900 से अधिक विमान ऑर्डर पर हैं और 2024 के दौरान 58 नए एयरबस विमानों का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। हालांकि, एयरलाइन के पास एमआरओ से जुड़े सप्लाई चेन मुद्दों के कारण निष्क्रिय विमानों का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 80 विमान) है।

जबकि इंडिगो की 88 प्रतिशत कैपेसिटी घरेलू बाजारों को आवंटित की जाती है, 'अंतरराष्ट्रीय विकास' एयरलाइन की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें 2024 के दौरान क्षेत्रीय मध्य मिडल ईस्ट मार्केट और थाईलैंड पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इंडिगो के लिए लॉन्ग-टर्म महत्वाकांक्षा में लंबी दूरी की कम लागत वाली सेवाओं का विकास शामिल है। एयरलाइन 2025 के लिए वेट लीज विमानों के साथ लॉन्च योजनाओं को आगे लाने पर विचार कर रही है। इंडिगो ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,449 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। यह पिछले वित्त वर्ष के इसी आंकड़े की तुलना में 18 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।

हालांकि, तिमाही के दौरान परिचालन से एयरलाइन का राजस्व 14 प्रतिशत बढ़कर 22,111 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के लिए इंडिगो की कुल आय 22,992.8 करोड़ रुपये थी, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 14.6 प्रतिशत अधिक थी। तिमाही के लिए एयरलाइन का कुल खर्च 20,465.7 करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19.9 प्रतिशत अधिक था।

भारतीय बैंक ने हासिल किया गौरव

एक्सिस बैंक एयरक्रॉफ्ट फाइनेंसिंग करने वाला पहला भारतीय बैंक बना

नागपुर। देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने गिफ्ट सिटी आईएफएससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांज़ैक्शन करने वाला पहला भारतीय बैंक बनने का गौरव हासिल किया है। यह ऐतिहासिक डील टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की लीजिंग शाखा और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एआई फ्लीट सर्विस (एआईएफएस) के लिए की गई।

यह उपलब्धि भारत के एविएशन के फाइनेंसिं क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिस पर अब तक बहुराष्ट्रीय बैंकों का प्रभुत्व था। साथ ही, यह गिफ्ट सिटी को एयरक्राफ्ट लीजिंग और फाइनेंसिंग के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है। इस डील के तहत 34 ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए दीर्घकालिक यूएस डॉलर लोन शामिल है, जिन्हें महाराष्ट्र के अमरावती में एयर इंडिया के आगामी पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में तैनात किया जाएगा। यह केंद्र भारत के सबसे बड़े पायलट ट्रेनिंग हब्स में से एक बनने जा रहा है, जो देश के बढ़ते एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान देगा। इस लेनदेन के माध्यम से, एक्सिस बैंक भारतीय एयरलाइंस को घरेलू फंडिंग समाधानों तक पहुंच प्रदान करके एविएशन फाइनेंस ईकोसिस्टम को नया रूप दे रहा है और ग्लोबल एविएशन क्षेत्र में भारत की वित्तीय आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रहा है। गिफ्ट सिटी भारत का एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग हब बनकर उभर रहा है। यह पहली बार है कि भारत के बैंकिंग इतिहास में इस लेनदेन के सभी प्रमुख हितधारक, लेंडर, बॉरोअर, लॉ फर्म, फैसिलिटी एजेंट और सिक्योरिटी एजेंट, गिफ्ट सिटी की इकाइयां हैं।

भारत सरकार गिफ्ट सिटी को वैश्विक एविएशन फाइनेंस केंद्रों के लिए एक रणनीतिक विकल्प के रूप में सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, और इस क्षेत्र में एक्सिस बैंक की अग्रणी भूमिका उस दृष्टि को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राजीव आनंद, ने कहा, %एक्सिस बैंक में, हम भारत की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं।

पोको एम7 5जी फोन की फर्स्ट सेल शुरू, फ्लिपकार्ट पर मात्र 9,999 रुपए में उपलब्ध

नई दिल्ली। पोको ने शुक्रवार को पोको एम7 5जी मोबाइल की फर्स्ट सेल की घोषणा की, जो सिर्फ 9,999 रुपए से शुरू होगा। यह स्मार्टफोन बेहतरीन पावर के साथ काफी स्टाइलिश है। कंपनी ने बताया कि इसमें 5जी सेवा भी उपलब्ध रहेगी। कम कीमत में कई फीचर्स के साथ यह एक बजट फोन है।पोको एम7 5जी एक फीचर-पैक डिवाइस है, जिसे खासकर आज की जनरेशन के लिए तैयार किया गया है। यह फोन छात्रों के लिए भी काफी उपयोगी होने वाला है, जो कम दाम में कई सारे फीचर्स चाहते हैं।कंपनी ने बताया कि यह फोन 9,999 रुपये में फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा। पोको एम7 5जी उन लोगों के लिए बेहतरीन डिवाइस है, जो बड़ी डिस्प्ले, शानदार परफॉर्मेंस और भविष्य के लिए तैयार 5जी वाला एक मजबूत स्मार्टफोन लेना चाहते हैं। यह ऑफर सीमित समय के लिए रहेगा, इस दौरान कंपनी दो वैरिएंट के स्मार्टफोन बेचेगी। पहला स्मार्टफोन 6जीबी-128जीबी, जिसकी कीमत 9,999 रुपए होगी और दूसरा स्मार्टफोन 8 जीबी-128जीबी, जिसकी कीमत 10,999 रुपए होगी।चाहे 4जी से स्विच करना हो या बेसिक स्मार्टफोन से अपग्रेड करना हो, पोको एम7 5जी यूजर्स को बजट कीमत पर शानदार अनुभव देता है। यह फिल्म और रील्स इंजॉय करने के लिए सबसे बड़ी डिस्प्ले के साथ आता है। इसमें सेगमेंट की सबसे बड़ी 6.88 इंच स्क्रीन है, जो यूजर्स को स्मार्ट टीवी की फील देती है।इस फोन में 50 एमपी का शानदार कैमरा है, जो बेहतरीन फोटो क्लिक करता है। यह कैमरा दिन और रात दोनों समय अच्छी फोटोज के लिए बेस्ट है।

सेबी ने इनसाइडर ट्रेडिंग उल्लंघन के लिए नेस्ले इंडिया को जारी की चेतावनी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों के उल्लंघन को लेकर एफएमसीजी प्रमुख नेस्ले इंडिया को प्रशासनिक चेतावनी जारी की है। इस बारे में कंपनी ने एक्सचेंजों को जानकारी दी।सेबी के उप महाप्रबंधक द्वारा जारी की गई चेतावनी कंपनी के अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) को भेजी गई थी। नेस्ले इंडिया ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में खुलासा किया कि कंपनी को 6 मार्च, 2025 को सेबी का पत्र मिला।कंपनी के भीतर एक नामित व्यक्ति द्वारा यह उल्लंघन किया गया था। हालांकि, कॉफी और चाय निर्माता ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे का उसके वित्तीय, परिचालन या दूसरी बिजनेस एक्टीविटीज पर कोई असर नहीं पड़ता है।सेबी के अनुसार,

उल्लंघन में कॉन्ट्रा ट्रेड शामिल था। ऐसा तब होता है जब कोई इनसाइडर शॉर्ट-टर्म प्रॉफिट के उद्देश्य से उसी सुरक्षा में पिछले लेनदेन के छह महीने के भीतर शेयर खरीदता या बेचता है। सेबी के नियम अनपब्लिश्ड प्राइस सेंसिटिव इंफोर्मेशन का गलत इस्तेमाल रोकने के लिए इनसाइडर और उनके रिश्तेदारों के लिए इस तरह का ट्रेड करने पर सख्ती से रोक लगाते हैं। छह महीने की प्रतिबंध अवधि की गणना प्रारंभिक लेनदेन की तारीख से की जाती है।चेतावनी के बावजूद, नेस्ले इंडिया के शेयर ने बाजार में अच्छा प्रदर्शन किया। शुक्रवार को कंपनी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2,245.80 रुपये पर पहुंच गया। इस बीच, एफएमसीजी कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) की तीसरी तिमाही में अपने कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही) की समान अवधि में 655 करोड़ रुपये की तुलना में 688 करोड़ रुपये रहा।31 जनवरी को एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, लाभ के पीछे मुख्य कारण लोकप्रिय नेस्कैफे कॉफी ब्रांड सहित इसके पाउडर और लिक्विड पेय पदार्थों की अधिक बिक्री थी।तिमाही के लिए परिचालन से कंपनी का कुल राजस्व 4,779 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही (वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही) में 4,600 करोड़ रुपये से 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।स्विस बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले एस.ए. की सहायक कंपनी नेस्ले इंडिया, नेस्कैफे, मैगी और किटकैट जैसे अपने लोकप्रिय ब्रांडों के लिए जानी जाती है।

खेल

बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम की कमान संभालने की दौड़ में

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जोस बटलर के कप्तान पद से इस्तीफा देने के बाद इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल क्रिकेट एक चौराहे पर खड़ी है। प्रबंध निदेशक रॉब की ने पदभार संभालने के लिए ÷सबसे अच्छे व्यक्ति÷ को खोजने का दृढ़ निश्चय किया है, इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स वनडे में भी कप्तानी संभाल सकते हैं।

स्टोक्स, जिन्होंने इंग्लैंड के निराशाजनक 2023 विश्व कप बचाव में अपना आखिरी 50 ओवर का मैच खेला, एक विकल्प बने हुए हैं। की ने स्टोक्स के असाधारण नेतृत्व गुणों को स्वीकार करते हुए स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ÷बेन स्टोक्स उन सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है, इसलिए उन्हें नजरअंदाज करना बेवकूफी होगी।

हालांकि, उन्होंने इस तरह की

दोहरी भूमिका के प्रभाव पर विचार करने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया।

इंग्लैंड अलग-अलग वनडे और टी20 कप्तानों के विचार के लिए भी खुला है, क्योंकि की का मानना है कि अब प्रारूपों के लिए एक अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता है। चर्चा में कई नाम सामने आए हैं, जिनमें फिल साल्ट, लियाम लिविंगस्टोन और हैरी ब्रूक शामिल हैं। की ने जोर देकर कहा कि निर्णय जल्दबाजी में नहीं लिया जाएगा÷ हम सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, कोई ऐसा व्यक्ति जो इसे आगे ले जा सके।ग्रुप स्टेज में चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड का बाहर होना गहरी जड़ें जमाए हुए मुद्दों को उजागर करता है। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से हार ने टीम के संतुलन में खामियों को उजागर किया, जिसमें इंग्लैंड ने उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में तेज गेंदबाजी आक्रमण का विकल्प चुना। ब्रायडन कार्स और मार्क वुड की चोटों ने उनके अभियान को और बाधित किया। शुरुआत में, आदिल राशिद एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर थे, जबकि रेहान अहमद को केवल चोट के प्रतिस्थापन के रूप में लाया गया था।टीम के संघर्षों पर विचार करते हुए, की ने स्वीकार किया, हम बहुत खराब थे। इयोन मोर्गन के युग के बाद से हम सफेद गेंद वाले क्रिकेट में विशेष रूप से अच्छे नहीं रहे हैं। विशेष रूप से बल्लेबाजी बहुत खराब हो गई है।

चैंपियंस ट्रॉफी की अगुवाई में संघर्ष स्पष्ट था, जिसमें इंग्लैंड को भारत में टी20 और वनडे दोनों श्रृंखलाओं में भारी हार का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट्स में कहा गया कि वनडे सीरीज के दौरान केवल जो रूट ने नेट पर अभ्यास किया, लेकिन की ने इस दावे को खारिज कर दिया।उन्होंने स्पष्ट किया, यह कहानी सच नहीं थी।मैंने पाकिस्तान में टीम को देखा और उन्होंने कड़ी मेहनत की। खराब प्रदर्शन की वजह तैयारी की कमी नहीं थी।

केविन पीटरसन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के दृष्टिकोण की आलोचना की, लेकिन की ने अपनी टीम का बचाव किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंग्लैंड के खिलाड़ी बहुत प्रतिबद्ध हैं, लेकिन दबाव में निष्पादन और निर्णय लेने में संघर्ष करते हैं। की ने कहा, ऐसा कोई संसार नहीं है जहां हम सोचते हैं कि खिलाड़ियों को परवाह नहीं है या वे अहंकारी हैं। कभी-कभी वे लापरवाह होते हैं, कभी-कभी वे गलतियां करते हैं, लेकिन यही खेल है। की ने खिलाड़ियों से मीडिया संचार में सुधार की आवश्यकता को भी स्वीकार किया, उन्होंने कहा, हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में बहुत बकवास बोलते हैं, बहुत कुछ बताने की कोशिश नहीं करते हैं, और अंत में सुर्खियां बनाते हैं।

हरमनप्रीत और एक्लेस्टोन के बीच तीखी नोकझोंक पर मिताली राज ने दी प्रतिक्रिया

लखनऊ। मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच खेले गए डब्ल्यूपीएल 2025 मैच के दौरान एक विवाद हुआ, जिसे लेकर पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि जब मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर अंपायर से बातचीत कर रही थीं, तब सोफी एक्लेस्टोन क्या करने की कोशिश कर रही थीं, यह समझ से बाहर था।यह घटना आखिरी ओवर से पहले हुई, जब धीमी ओवर गति के कारण अंपायर ने मुंबई इंडियंस पर पेनल्टी लगाई और नियमों के अनुसार 30-यार्ड सर्कल के बाहर सिर्फ तीन फील्डरों को रखने की अनुमति दी। इस फैसले से हरमनप्रीत नाराज दिखीं और अंपायर से इस पर चर्चा करने लगीं। इसी बीच, आखिरी ओवर डालने जा रहीं अमेलिया केर भी इस फैसले से नाखुश नजर आईं।

मिताली ने जियोस्टार पर बात करते हुए कहा, मुंबई इंडियंस चार मिनट की देरी से ओवर डाल रही थी, इसलिए उन्हें एक अतिरिक्त फील्डर को सर्कल के अंदर लाना पड़ा। शायद हरमनप्रीत अंपायर से इसी बारे में चर्चा कर रही थीं और सोच रही थीं कि अगर यह पहले पता होता तो वह 19वें ओवर में शबनिम इस्माइल को गेंदबाजी करातीं। लेकिन मुझे समझ नहीं आया कि एक्लेस्टोन इस बातचीत में क्यों शामिल हो रही थीं। जब एक कप्तान पहले से ही धीमी ओवर गति की सजा झेल रहा हो और अपनी फील्डिंग सेट कर रहा हो, तो किसी और खिलाड़ी का इस चर्चा में कूदना थोड़ा निराशाजनक हो सकता है। यह बस भावनाओं में बह जाने का एक पल था।इस घटना के बाद हरमनप्रीत पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके मैच फीस का 10 जुर्माना लगाया गया।हालांकि, मिताली ने हेली मैथ्यूज की 46 गेंदों पर 68 रनों की शानदार पारी की तारीफ की, जिसमें उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाए। इस पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने छह विकेट से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, हेली मैथ्यूज की बल्लेबाजी बेहद सहज थी। नेट स्किवर-ब्रंट, जो पावरप्ले के दौरान क्रीज पर आईं, ने शानदार स्ट्राइक रेट बनाए रखा।

महिलाओं को लेकर जा रही बस टैंकर से टकराई, 14 घायल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम से लौट रही थीं सभी, जिला अस्पताल में भर्ती

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में एक सड़क हादसे में 14 महिलाएं घायल हो गई। शनिवार शाम एक बस अनियंत्रित होकर दूसरी गाड़ियों सहित टैंकर से जा टकराई। बस में 34-35 महिलाएं सवार थीं, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम से लौट रही थीं।

मोहन नगर थाना क्षेत्र का मामला है। बायपास रोड में झरोखा पैलेस के सामने यह घटना हुई। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में महिला बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें दुर्ग जिले की 34-35 महिलाएं शामिल होने गई थी, वापसी के दौरान यह हादसा हुआ।

तुरंत राहत एवं बचाव कार्य किया गया

बस ड्राइवर को भी काफी चोट आई है। हादसे की सूचना मिलते ही मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया।

इन महिलाओं का अस्पताल में चल रहा है इलाज

सरोज चौहान पति ठाकुर राम चौहान (60 साल), निवासी नगपुरा, माना महतो पति स्व. चंद्रा जी (56 साल), निवासी नगपुरा, रोशनी देशमुख पति कुलभूषण देशमुख (25 साल), निवासी बेलौदी, रौनक देशमुख पिता कुलभूषण देशमुख (5 साल), निवासी बेलौदी, योगेश्वरी विश्वकर्मा पति योगेश विश्वकर्मा (37 साल), निवासी ढाबा अंजोरा, पदमा साहू पति खेमलाल साहू (47 साल), निवासी ढाबा अंजोरा, पूर्णिमा देशमुख पति स्व. रोमन देशमुख (37 साल), निवासी समोदा नगपुरा, बहरिन बाई देशमुख पति कमल नारायण, चंद्रिका साहू पति रवींद्र कुमार (36 साल), निवासी नगपुरा, शानु वर्मा पति रामकुमार वर्मा (55 साल), निवासी अंजोरा ढाबा, कुसुम ठाकुर पति निर्मल ठाकुर (30 साल), निवासी बेलौदी, रवि चंद्राकर पिता रामफल चंद्राकर (32 साल), निवासी शंकर नगर दुर्ग, शशिकला सिंह पति भगवानी सिंह (43 साल), निवासी नगपुरा, दानेश्वरी पारकर पिता नरोत्तम पारकर (15 साल), निवासी बेलौदी।

सभी घायल खतरे से बाहर

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग सक्रिय हो गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने तुरंत सभी घायलों का इलाज शुरू कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक सभी 14 घायल महिलाएं खतरे से बाहर हैं। किसी को गंभीर चोटें नहीं हैं।

संक्षिप्त खबरें

डीआई वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बंगोली बड़ौदा बैंक के सामने डीआई वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने डीआई वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संतराम वर्मा 57 वर्ष ग्राम खोना चौकी सिलयारी का रहने वाला था। मृतक बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम बंगोली बड़ौदा बैंक के पास डीआई वाहन क्रमांक सीजी 04 पीके 0913 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार संतराम की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने डीआई वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

माल कम निकलने पर ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नाकोड़ा इस्पात कंपनी सिलतरा से मिट्रिक टन लोहा लोड कर रवाना किया था, जिससे कम लोहा पाए जाने पर धरसींवा ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विरेन्द्र कुमार साहू 34 वर्ष बीरगांव उरला का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 2813 के चालक राजेन्द्र सिंह ने नाकोड़ा इस्पात कंपनी सिलतरा से टीएमटी बार लेकर मस्तुरी झांझरिया निर्माण लिमिटेड पहुंचा था। जहां माल खाली करते समय 7620 मिट्रीक टन लोहा कम पाया गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई और अभनपुर पुलिस ने जुआ खेलते कुल 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21800 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भनपुरी चौक में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी केशव निर्मलकर 30 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 800 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने ग्राम भरेंगाभाठा खार में दबिश देकर प्रवीण कोसले सहित अन्य 7 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

हाईवे ढाबे में जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के आमानाका थाना क्षेत्र के अटारी रोड स्थित हाईवे ढाबे में जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 72,400 रुपये की नकदी, ताश पत्तियां, 5 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल, 1 चार पहिया वाहन और एक पिस्टल बरामद की है। इस कार्रवाई में जप्त की गई कुल संपत्ति की कीमत लगभग 7.5 लाख रुपये बताई जा रही है। एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम ने दिनांक 7 मार्च 2025 को इस छापेमारी को अंजाम दिया। टीम को सूचना मिली थी कि हाईवे ढाबे के छत पर कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंधक अधिनियम 2022 की धारा 4 और 112 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजा बघेल (38 साल), तेलीबांधा, यश संतवानी (18 साल), भोपाली कॉलोनी, तेलीबांधा, हरीश चंद्राकर (37 साल), गली नंबर 7, तेलीबांधा, शेख फैयाज (33 साल), तेलीबांधा कांसीराम नगर व शुभम चंद्राकर (28 साल), ग्राम बोरिद, आरंग है। आरोपियों से पुलिस ने ताशपत्तियां, 5 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल, 1 चारपहिया वाहन, 1 पिस्टल जब्त किया है।

धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के गुढियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने इस चाकू के साथ आम लोगों में आतंक फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। गुढियारी थाना पुलिस को 8 मार्च 2025 को सूचना मिली कि तुलसी नगर स्थित शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक धारदार बटनदार स्प्रींग स्टील का चाकू बरामद किया।

14 मार्च तक चलेंगी 5 होली स्पेशल ट्रेनें

छत्तीसगढ़ से यूपी-बिहार, दिल्ली और राजस्थान आने-जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। होली के त्योहार को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ से 5 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। इन स्पेशल ट्रेनों से यूपी, बिहार, दिल्ली और राजस्थान जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

ये स्पेशल ट्रेनें गोंदिया से छपरा (बिहार) और पटना (बिहार) के अलावा दुर्ग से निजामुद्दीन और मदार जंक्शन (अजमेर, राजस्थान) के लिए चलेगी। इससे यात्री भीड़-भाड़ से बचकर आसानी से अपने परिवार के साथ त्योहार मना सकते हैं।

5 होली स्पेशल ट्रेनें इन रूट के लिए

गोंदिया से छपरा और पटना के लिए - 3 स्पेशल ट्रेनें
दुर्ग से निजामुद्दीन के लिए- 1 स्पेशल ट्रेन
दुर्ग से मदार जंक्शन (अजमेर) के लिए - 1 स्पेशल ट्रेन

IRCTC और काउंटर से भी मिलेंगे टिकट

रेलवे के मुताबिक, होली के दौरान भारी भीड़ के चलते सामान्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में इन स्पेशल ट्रेनों से हजारों यात्रियों को फायदा मिलेगा। टिकट की बुकिंग IRCTC की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के अलावा काउंटर से की जा सकती है।

गोंदिया छपरा गोंदिया एक्सप्रेस की टाइमिंग

08863 गोंदिया-छपरा होली स्पेशल गोंदिया से 12 मार्च 2025 को शाम 5 बजे रवाना होगी।

छत्तीसगढ़ के स्टेशनों में पहुंचने की टाइमिंग डोंगरगढ़ शाम 6:16 बजे, राजनांदगांव शाम 6:40 बजे, दुर्ग रात 7:20 बजे, रायपुर रात 8:05 बजे, भाटापारा रात 8:58 बजे, उसलापुर रात 10:30 बजे और पेंड्रा रोड रात 11:56 बजे पहुंचेगी।

मध्यप्रदेश के स्टेशनों में पहुंचने की टाइमिंग अनूपपुर (रात्रि 12:35 बजे), शहडोल (रात्रि 1:10 बजे), उमरिया (रात्रि 2:13 बजे), कटनी (सुबह 4:40 बजे) और सतना (सुबह 7:10 बजे) पहुंचेगी।

उत्तरप्रदेश के स्टेशनों में पहुंचने की टाइमिंग प्रयागराज छिवकी (सुबह 10:10 बजे), वाराणसी जंक्शन (दोपहर 1:40 बजे), गाजीपुर सिटी (दोपहर 3:25 बजे) और बलिया (शाम 4:40 बजे) होते हुए रात्रि 7:00 बजे छपरा पहुंचेगी।

08864 छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन की टाइमिंग

छपरा से 13 मार्च, 2025 को रात 10:15 बजे रवाना होगी और बलिया रात 11:20 बजे पहुंचेगी। ये ट्रेन गाजीपुर सिटी रात 12:20 बजे, वाराणसी जंक्शन रात 2 बजे, प्रयागराज छिवकी सुबह 4 बजे, सतना सुबह 8:45 बजे, कटनी सुबह 10:10 बजे पहुंचेगी।

उमरिया (सुबह 11:54 बजे), शहडोल (दोपहर 12:50 बजे), अनूपपुर (दोपहर 1:35 बजे), पेंड्रा रोड (दोपहर 2:20 बजे), उसलापुर (शाम 4:45 बजे), भाटापारा (शाम 5:59 बजे), रायपुर (शाम 7:13 बजे), दुर्ग (रात 8:50 बजे), राजनांदगांव (रात 9:16 बजे), डोंगरगढ़ (रात 10:10 बजे) होते हुए रात 11:45 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

संस्कारधानी में बढ़ता नशे का जाल, तथागत ने की पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग

राजनांदगांव /नवप्रदेश। राजनांदगांव, जिसे संस्कारधानी के रूप में जाना जाता है, अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन हाल के दिनों में शहर में अवैध नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे न केवल युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है बल्कि महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

युवा नेता एवम् समाजसेवी तथागत पांडे ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अवैध नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि शहर के कई इलाकों, खासतौर पर मध्य और बाहरी क्षेत्रों में, नशे की सामग्री खुलेआम बेची जा रही है। कई कैफे की आड़ में नाबालिग बच्चों को नशे की लत लगाई जा रही है, जिससे समाज पर गंभीर असर पड़ रहा है।

पांडे ने आगे कहा कि रात 9 बजे के बाद महिलाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगता है। उन्होंने इसे संस्कारधानी की गरिमा के लिए निंदनीय और चिंताजनक स्थिति बताया।

समाजसेवी ने पुलिस से 10 दिनों के भीतर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौपते समय श्री पांडे के साथ युका पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवम् जनपद सदस्य शुभम पांडे,

युवा नेता सौरभ तिवारी, प्रदीप यादव, श्रीकान्त सोनी, शशांक सिंह राजपूत, सुनन्दन लोहिया, मोनू ठाकुर, अजय गुप्ता, अक्षत कांकरिया, मोहित अग्रवाल, दर्शन गांधी, अंकित राव, विकास गुप्ता, आशीष गुप्ता, लोमेश निर्मलकर अन्य शामिल थे।

मुंहबोले भाइयों के साथ पिकनिक स्पॉट पर गई युवती, हुई दरिंदगी की शिकार

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुंहबोले भाइयों और बहन के साथ पिकनिक स्पॉट घूमने गई युवती के साथ दरिंदों ने दुष्कर्म किया. इतने पर भी मन नहीं भरा तो युवती को उसके भाई के साथ घर में बंधक बना लिया. किसी तरह भागने में कामयाब रहे भाई ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घंटेभर के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना वाड्रफनगर के खरहरा पिकनिक स्पॉट की है. जानकारी के अनुसार, पिकनिक मनाने पहुंचे युवक-युवतियों के साथ पहले तो आरोपियों ने मारपीट की. इसके बाद एक जोड़े के भागने पर दूसरे जोड़े को घर में बंधक बनाकर रखा. इसके पहले आरोपी कुछ और घटना को अंजाम देते युवक मौके से भागने में कामयाब रहा, और पुलिस को सूचना दी. वाड्रफनगर पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुये तत्काल आरोपियों को पकड़ा. घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी सुनील है, जिसकी क्रिस्टोफर और राजपाल ने मदद की. फिलहाल, पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है. इस घटना ने कई सवालों को जन्म दिया है, जिसका जवाब मिलना बाकी है.

लाल भाजी, चुकुन्दर और पालक से बने हर्बल गुलाल

बाजार में डिमांड ज्यादा, ग्रामीण महिलाओं ने तैयार किया बड़ा आर्डर

कोरबा/नवप्रदेश। होली का पावन पर्व रंगों के बिना अधूरा है. इस बार बाजार में लोग हर्बल रंग खरीदना पसंद कर रहे हैं। क्योंकि हर्बल रंगों से त्वचा और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता।बात यदि कोरबा की करें तो यहां की महिला स्वसहायता समूह ने होली के लिए खास हर्बल गुलाल तैयार किया है। जिसकी मांग बाजार में अधिक है।

महिला स्व सहायता समूह ने तैयार किया हर्बल गुलाल

कोरबा दोंद्रो गाव में कई स्व सहायता समूह की महिलाए है जो ख़ास तरीके से हर्बल गुलाल बना रही है, पिछली बार भी समूह की महिलाओ ने हर्बल गुलाल तैयार किया था जिसे जनता ने हाथो-हाथ लिया। इस बार पिछली बार की तरह डिमांड ज्यादा है इसलिए महिलाए पिछली बार की तुलना में अधिक मात्रा में गुलाल तैयार कर रही हैं। महिलाएं हर्बल गुलाल को तैयार करने के लिए देसी तरीका अपना रही है। इस गुलाल को बनाने में जिन चीजों का इस्तेमाल किया जाता है.उससे स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

इस तरह तैयार किया जा रहा हर्बल गुलाल

महिलाएं हर्बल गुलाल तैयार करने के लिए अरारोट पाउडर का इस्तेमाल करते हैं-जो आसानी से बाजार में उपलब्ध हो जाता मोगरा फूल का इस्तेमाल किया है। इसके लिए फूलों का रस निकालकर आखिरी में गुलाल में मिलाया जाता है। इसलिए ये केमिकल गुलाल से कहीं बेहतर है।

शांति समिति की बैठक 11 को

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में आगामी 13मार्च 2025 को होलिका दहन, 14 मार्च 2025 को होली पर्व, 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फित्तर पर्व एवं 06 अप्रेल 2025 को रामनवमी पर्व षांति पूर्वक मनाये जाने हेतु जिला स्तरीय षांति समिति की बैठक 11 मार्च 2025 दिन मंगलवार को षाम 4 बजे कलेक्टेऊट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को समय पर उपस्थित होने का निर्देष दिए गए है।

जुआ खेलते आधा दर्जन से अधिक जुआरी गिरफ्तार

जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 21,000 रुपए जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित एंटी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 08.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम भरेंगाभाठा खार पास कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर रेड कार्यवाही किया गया।

मौसम का मिजाज.. राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा में बढ़ी गर्मी, 13 मार्च तक तीखे रहेंगे तेवर

तापमान फिर 37 डिग्री पार, रात में ठंड का अहसास

रायपुर/नवप्रदेश। पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं का असर घटते ही गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 37.5°C तक पहुंच चुका है, जबकि कुछ इलाकों में अभी भी हल्की ठंडक बनी हुई है। राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर और बेमेतरा में गर्मी बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञ एचपी. चंद्रा के मुताबिक 13 मार्च तक सूरज के तेवर तीखे रहेंगे। इस दिन कहीं-कहीं बादल छाए रह सकते हैं। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ में अब भी ठंड बरकरार है। सरगुजा के बलरामपुर-रामानुजगंज में रात का तापमान केवल 8 डिग्री है।

रायपुर में अधिकतम तापमान 2 डिग्री ज्यादा

रायपुर में अधिकतम तापमान 36.5°C दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2°C ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.7°C रहा। मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और अगले 24 घंटे में तापमान 36-37°C तक पहुंच सकता है। रायपुर में भी दिनभर गर्मी और रात में हल्की ठंड है।

रायगढ़ में रात का पारा 16 डिग्री

यहां एक बार फिर से हल्की ठंड लौट चुकी है। रात में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। शनिवार की रात को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री दर्ज किया गया। मार्च की शुरुआत के बाद ठंड का असर लगभग पूरी तरह खत्म होना शुरू हो गया था। लोग गर्म कपड़े पहनना बंद कर दिए और दिन में तेज धूप भी चुभने लगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com